





# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 141
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

रविवार | 03 मार्च, 2024

## लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा का शंखनाद, पहली सूची जारी

# मोदी काशी से ही लड़ेंगे चुनाव

### 195 नाम, इनमें 34 मंत्री, गांधीनगर से शाह, यूपी से 51, मप्र से 24, राजस्थान से 15 नाम



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 का शंखनाद कर दिया है। पार्टी ने शनिवार को अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने बताया कि 16 राज्य और दो केंद्र शासित प्रदेशों की 195 सीटों के उम्मीदवार तय कर दिए गए हैं। बाकी सीटों पर मंथन चल रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से चुनाव लड़ेंगे। अमित शाह गांधीनगर से चुनावी मैदान में होंगे। 34 केंद्रीय एवं राज्य मंत्रियों के नाम भी इस सूची में हैं। इसके अलावा दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी को भी लोकसभा का टिकट दिया गया है।

### 2019 में भाजपा का प्रदर्शन

भाजपा ने पिछले लोकसभा चुनाव यानी 2019 में 543 सीटों में से 436 पर उम्मीदवार उतारे थे। बाकी सीटें पार्टी ने सहयोगी दलों को दी थीं। जिन 436 सीटों पर भाजपा ने चुनाव लड़ा था, उनमें से पार्टी को 303 पर जीत मिली थी। यह आंकड़ा लोकसभा में बहुमत के आंकड़े 272 से भी ज्यादा था। इसके अलावा 72 सीटों पर भाजपा दूसरे नंबर, 31 सीटों पर तीसरे नंबर और 30 सीटों पर इससे भी नीचे रही थी, जबकि 51 सीटों पर पार्टी के उम्मीदवारों की जमानत भी जब्त हो गई थी।

### 2019 में किस गठबंधन का कैसा था प्रदर्शन?

पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को 351, कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) को 90 और सपा-बसपा के गठबंधन को 15 सीटें मिली थीं।

### भाजपा को अकेले मिला था बहुमत

2019 में भाजपा 303 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनी थी और अकेले ही उसने बहुमत के जादुई आंकड़े (272) को पार कर लिया था। इसके बाद कांग्रेस 52 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर रही थी। डीएमके को 24, तृणमूल कांग्रेस को 22 और वाईएसआरसीपी को 22 सीटें मिली थीं।

**195** नामों का एलान

**34** केंद्रीय व राज्य मंत्रियों का नाम सूची में

**28** महिलाओं को मौका

**27** नाम अनुसूचित जाति से

**18** प्रत्याशी अनुसूचित वर्ग से

**47** युवा उम्मीदवार, जिनकी उम्र 50 साल से कम है

**57** नाम अन्य पिछड़ वर्ग से

### चुनाव प्रभारी को दिल्ली बुलाया गया

शनिवार सुबह बुलाई गई कोर कमेटी के बैठक में शामिल हुए चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा को आनन-फानन में दिल्ली बुलाया गया है। जहां सीटों पर प्रत्याशियों के नाम को लेकर अंतिम चर्चा होगी और उसके बाद नाम घोषित किए जाएंगे।

### सहयोगी दलों के लिए 6 सीट छोड़ सकती है भाजपा

यूपी में लोकसभा की कुल 80 सीटें हैं। सूत्रों के मुताबिक, भाजपा अपना दल, ऋस्र और अन्य पार्टियों को 6 सीटें दे सकती है। अपना दल को मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज, जबकि ऋस्र को बिजनौर, बागपत सीट मिल सकती हैं। इसके अलावा ओपी राजभर की सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी को घोसी और संजय निषाद की निषाद पार्टी को खलीलाबाद सीट मिल सकती है।

### नाराज नेताओं को मनाने की रणनीति बनी

शनिवार को मुख्यमंत्री आवास पर बीजेपी की कोर कमेटी की बैठक हुई थी। जिसमें सीएम योगी, लोकसभा चुनाव प्रभारी बैजयंत पांडा, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और दोनों डिप्टी सीएम मौजूद थे। सूत्रों की मानें तो इस बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन हुआ। सूची जारी होने के बाद नाराज नेताओं को मनाने की रणनीति भी बनी। सभी ने लोकसभा की 80 सीटों पर भाजपा को जीत दिलाने का संकल्प लिया।

### किसे-कहां से टिकट

- **वाराणसी** से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी
- **अंडमान-निकोबार** से विष्णुपदा रे
- **अरुणाचल वेस्ट** से किरण रिजिजू
- **अरुणाचल ईस्ट** से तापिर गाव

**असम**
- करीमगंज से कृपानाथ मल्ला
- सिलवर से परीमल शुक्ला वैद्य
- आटोनोमस से अमर सिंह
- गुवाहाटी से बिजुली कलिता मेदी
- मंगलदोई से दिलीप सहकिया
- तेजपुर से रणजीत दत्ता
- नौगांव से सुरेश बोरा
- कलियाबौर से कामाख्य प्रसाद तासा
- जोरहाट से तपन कुमार गोगोई
- ड्रिबूगढ़ से सर्वानंद सोनोवाल
- लखीमपुर से प्रधान बरोआ

**छत्तीसगढ़**
- सरगुजा से चिंतामणि महाराज
- रायगढ़ से राधेश्याम राठिया
- जाजगीर चंपा से कमलेश जांगड़े
- कोरबा से सरोज पांडे
- बिलासपुर से तोखन साहू
- राजनंदगांव संतोष पांडे
- दुर्ग से विजय बघेल
- रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल
- महासमुंद से रूपकुमारी चौधरी
- बस्तर से महेश कश्यप
- कांकेर से भजराज नांद

**दमन एवं दीव**
- दमन एवं दीव से लालूभाई पटेल

**दिल्ली**
- चांदनी चौक से प्रवीण खंडेलवाल
- उत्तर पूर्वी दिल्ली से मनोज तिवारी
- नई दिल्ली से बांसुरी स्वराज
- पश्चिमी दिल्ली से कमलजीत सहरावत
- दक्षिणी दिल्ली से रामवीर सिंह बिधूड़ी

**गोवा**
- उत्तर गोवा से श्रीपद येस्सो नाइक

**गुजरात**
- कच्छ से विनोदभाई लखमाशी चावड़ा
- बनासकांठा से रेखाबेन हितेशभाई चौधरी
- पाटण से भरतसिंहजी दाभी
- गांधीनगर से अमित शाह
- अहमदनगर पश्चिम से दिनेशभाई कोडरभाई मकवाना
- राजकोट से परषोत्तम रुपाला
- पोरबंदर से मनसुखभाई मंडाविया
- जामनगर से पूनमबेन माडम
- आणंद से मितेशभाई रमेशभाई पटेल
- खेड़ा से देवुसिंह चौहान
- पंचमहल से राजपालसिंह महेंद्रसिंह जाधव
- दाहोद से जसवन्तसिंह भाभोर
- भरूच से मनसुखभाई वसावा
- बारडोली से प्रभुभाई नागरभाई वसावा
- नवसारी से सीआर पाटिल

**जम्मू एवं कश्मीर**
- उधमपुर से जितेंद्र सिंह
- जम्मू से जुगल किशोर शर्मा

**झारखंड**
- राजमहल से ताला मरांडी
- दुमका से नील सोरेन
- गोड्डा से निशिकांत दुबे
- कोडरमा से अन्नपूर्णा देवी
- रांची से संजय सेठ
- जमशेदपुर से विद्युत बरण महतो
- सिंहभूम से गीता कोड़ा
- खूंटी से अर्जुन मुंडा
- लोहारदगा से समीर उरांव
- पलामू से विष्णु दयाल राम
- हजारीबाग से मनीष जयसवाल

**केरल**
- कासरगोड से एम.एल. अश्विनी
- कण्णूर से सी.रघुनाथ
- वडकरा से प्रफुल्ल कृष्ण
- कोजिक्कोड से एम.टी. रमेश
- मलप्पुरम से अब्दुल सलाम
- पोन्नानी से निवेदिता सुब्रमण्यन
- पालक्कड से सी. कृष्णकुमार
- त्रिशूर से सुरेश गोपी
- अलपुझा से शोभा सुरेंद्रन
- पत्तनमतिट्टा से अनिल के. एंटनी
- अट्टिंगल से वी. मुरलीधरन
- तिरुवनंतपुरम से राजीव चन्द्रशेखर

**मध्य प्रदेश**
- मुरैना से शिवमंगल सिंह तोमर
- भिंड से संध्या राय
- ग्वालियर से भारत सिंह कुशवाह
- गुना से ज्योदिरादित्य सिंधिया
- सागर से लता वानखेड़े
- टीकमगढ़ से वीरेन्द्र खटीक
- दमोह से राहुल लोधी
- खजुराहो से वीडी शर्मा
- सतना से गणेश सिंह
- रीवा से जनार्दन मिश्र
- सीधी से राजेश मिश्रा
- शहडोल से हिमाद्री सिंह
- जबलपुर से आशीष दुबे
- मंडला से फग्गन सिंह कुलस्ते
- होशंगाबाद से दर्शन सिंह चौधरी
- विदिशा से शिवराज सिंह चौहान
- भोपाल से आलोक शर्मा
- राजगढ़ से रोडमल नागर
- देवास से महेंद्र सिंह सोलंकी
- मंदसौर से सुधीर गुप्ता
- रतलाम से अनिता नागर चौहान
- खरगोन से गजेन्द्र पटेल
- खंडवा से ज्ञानेश्वर पाटिल
- बैतूल से दुर्गा दास उइके

**राजस्थान**
- बीकानेर से अर्जुन राम मेघवाल
- चुरू से देवेंद्र झाझरिया
- सीकर से स्वामी सुमेधानंद सरस्वती
- अलवर से भूपेंद्र यादव
- भरतपुर से रामस्वरूप कोली
- नागौर से ज्याति मिर्धा
- पाली से पीपी चौधरी
- जोधपुर से गजेंद्र सिंह शेखावत
- बाड़मेर से कैलाश चौधरी
- जालैर से लुम्बाराम चौधरी
- उदयपुर से मन्नालाल रावत
- बांसवाड़ा से महेंद्र मालवीय
- चित्तौड़गढ़ से सीपी जोशी
- कोटा से ओम बिड़ला
- झालावाड़-बारां से दुष्यंत सिंह

**तेलंगाना**
- करीमनगर से बंढी संजय कुमार
- निजामाबाद से अरविंद धर्मपुरी
- जहीराबाद से बीबी पाटिल
- मल्काजगिररि से ईटेला राजेंदर
- सिकंदराबाद से जी. किशन रेड्डी
- हैदराबाद से माधवी लता
- चेलवेल्ला से कोंडा विश्वेश्वर रेड्डी
- नगरकुर्नूल से पी. भरत
- भोंगीर से बोरा नरसैयाह गौड़

**त्रिपुरा**
- त्रिपुरा पश्चिम से बिप्लब कुमार देब

**उत्तराखंड**
- टेहरी गढ़वाल से माला राज्य लक्ष्मी शाह
- अल्मोड़ा से अजय टम्टा
- नैनीताल-उधमसिंह नगर से अजय भट्ट

**उत्तर प्रदेश**
- कैराना से प्रदीप कुमार
- मुजफ्फरनगर से संजीव कुमार बालियान
- नगीना से ओम कुमार
- रामपुर से घनश्याम लोधी
- संभल से परमेश्वर लाल सैनी
- अमरोहा से कंवर सिंह तंवर
- गौतम बुद्धनगर से महेश शर्मा
- बुलंदशहर से भोला सिंह
- मथुरा से हेमा मालिनी
- आगरा से सत्यपाल सिंह बघेल
- फतेहपुर सीकरी से राजकुमार चाहर
- एटा से राजवीर सिंह (राजू भैया)
- आंवला से धर्मेन्द्र कश्यप
- शाहजहांपुर से अरुण कुमार सागर
- खीरी से अजय मिश्रा टेनी
- धौरहरा से रेखा वर्मा
- सीतापुर से राजेश वर्मा
- हरदोई से जय प्रकाश रावत
- मिश्रिख से अशोक कुमार रावत
- उन्नाव से साक्षी महाराज
- मोहनलालगंज से कौशल किशोर
- लखनऊ से राजनाथ सिंह
- अमेठी से स्मृति ईरानी
- प्रतापगढ़ से संगम लाल गुप्ता
- फर्रुखाबाद से मुकेश राजपूत
- इटावा से राम शंकर कठेरिया
- कन्नौज से सुब्रत पाठक
- अकबरपुर से देवेन्द्र सिंह 'भोले'
- जालौन से भानु प्रताप सिंह वर्मा
- झांसी से अनुराग शर्मा
- हमीरपुर से कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल
- बांदा से आरके सिंह पटेल
- फतेहपुर से निरंजन ज्योति
- बाराबंकी से उपेंद्र रावत
- फैजाबाद से लल्लू सिंह
- अम्बेडकरनगर से रितेश पांडेय
- श्रावस्ती से साकेत मिश्रा
- गोंडा से कीर्तिवर्धन सिंह
- डुमरियागंज से जगदम्बिका पाल
- बस्ती से हरीश द्विवेदी
- संतकबीरनगर से प्रवीण कुमार निषाद
- महराजगंज से पंकज चौधरी
- गोरखपुर से रवि किशन
- कुशीनगर से विजय कुमार दुबे
- बांसगांव से कमलेश पासवान
- लालगंज से नीलम सोनकर
- आजमगढ़ से दिनेश लाल यादव निरहुआ
- सलेमपुर से रविन्द्र कुशवाहा
- जौनपुर से कृपा शंकर सिंह
- चंदौली से महेंद्र पांडेय

**पश्चिम बंगाल**
- कूच बिहार से निशिथ प्रमाणिक
- अलीपुरद्वार से मनोज तिग्गा
- बेलूरघाट से सुकांता मजूमदार
- मालदाहा उत्तर से खगेन मुर्मू
- मालदा दक्षिण से श्रीरूपा मित्रा चौधरी
- बहरामपुर से निर्मल कुमार साहा
- मुर्शिदाबाद से गौरी शंकर घोष
- राणाघाट से जगन्नाथ सरकार
- बनगांव से शांतनु ठाकुर
- जॉयनगर से अशोक कंडारी
- जादवपुर से अनिर्बान गांगुली
- हावड़ा से रथिन चक्रवर्ती
- हुगली से लॉकेट चटर्जी
- कांथी से सौमेन्दु अधिकारी
- घाटल से हिरण्मय चट्टोपाध्याय
- पुरुलिया से ज्योतिर्मय सिंह महतो
- बांकुड़ा से सुभाष सरकार
- बिष्णुपुर से सौमित्र खान
- आसनसोल से पवन सिंह
- बोलपुर से प्रिया साहा

### 10 मार्च तक 50 प्रतिशत सीटों पर प्रत्याशियों के ऐलान की योजना

सूत्रों की मानें तो भाजपा 10 मार्च तक 50 फीसदी लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर सकती है। 2019 के चुनाव में भी पार्टी ने यही किया था। पिछली बार लोकसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा से कुछ हफ्ते पहले भाजपा ने 21 मार्च को 164 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया था।




## आरओ-एआरओ परीक्षा रद्द

### 6 महीने में दोबारा होगी, एसआईटी करेगी जांच, सीएम योगी बोले, किसी भी हालत में दोषियों को नहीं छोड़ेंगे

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

समीक्षा अधिकारी (आरओ)/सहायक समीक्षा अधिकारी (एआरओ) प्रारंभिक परीक्षा-2023 में पेपर लीक विवाद मामले में बड़ा निर्णय लेते हुए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग ने परीक्षा निरस्त कर दिया है। मामले की जांच के लिए आयोग ने कमेटी गठित की थी। साथ ही अभ्यर्थियों से भी साक्ष्य मांगे गए थे। परीक्षा के बाद से ही अभ्यर्थी आंदोलन कर रहे थे और परीक्षा को निरस्त कर नए सिरे से परीक्षा कराने की मांग पर अड़े थे। साक्ष्य उपलब्ध कराने के लिए दो मार्च की तिथि तय की गई थी। माना जा रहा था कि एक सप्ताह के भीतर आयोग कोई निर्णय ले सकता है। छह माह के भीतर दुबारा होगी परीक्षा। इसकी जानकारी सीएम योगी ने ट्वीट कर दी।

#### तीन अलग-अलग टीमें कर रही थीं जांच

आयोग ने अभ्यर्थियों से दो मार्च तक साक्ष्य मांगे थे। जिसकी मियाद शनिवार को पूरी हो गई।। साथ ही आयोग की तीन सदस्यीय आंतरिक कमेटी अलग से मामले की जांच कर रही थी। आयोग ने शासन को एसटीएफ जांच की संस्तुति भी भेजी थी। आयोग की आंतरिक जांच शुरू ही की थी, इसी बीच शासन ने मामले को अपने हाथ में ले लिया और अलग से भी इसकी जांच शुरू करा दी थी।

#### कई प्रश्नों के सही मिले हैं उत्तर

प्रदेश की सबसे विश्वसनीय भर्ती संस्था की परीक्षा के दौरान पेपर लीक विवाद सामने आने के बाद शासन को भी इस मामले में सीधे हस्तक्षेप करना पड़ा है। सूत्रों का कहना है कि वायरल हुए प्रश्नपत्र के वैकल्पिक उत्तरों में भले ही सभी प्रश्नों के उत्तर सही न रहे हों, लेकिन काफी संख्या में उत्तर सही भी मिले हैं। ऐसे में परीक्षा से पहले पेपर वायरल होने के आरोपों को पूरी तरह से खारिज भी नहीं किया जा सकता है। अभ्यर्थी यह सवाल भी उठा रहे हैं कि जब पेपर वायरल के मामले में पुलिस भर्ती परीक्षा निरस्त किए जाने का निर्णय लेने में देर नहीं हुई तो आरओ/एआरओ परीक्षा पर निर्णय लेने में देर क्यों रही है। जबकि, दोनों ही परीक्षा में पेपर वायरल होने की घटनाएं लगभग एक जैसी हैं। अभ्यर्थी परीक्षा निरस्त कराने की मांग को लेकर लगातार आंदोलन कर रहे हैं। ऐसे में आयोग के साथ शासन पर भी जांच जल्द पूरी करने का दबाव है। एक हफ्ते परीक्षा पर बड़ा निर्णय लिया जा सकता है।

#### करीब 11 लाख अभ्यर्थियों ने दी थी परीक्षा

11 फरवरी को हुई आरओ/एआरओ की प्रारंभिक परीक्षा के लिए 1076004 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। आयोग की किसी भी परीक्षा के लिए पहली बार इतनी बड़ी संख्या में आवेदन आए और परीक्षा में सात लाख परीक्षार्थी शामिल हुए। प्रारंभिक परीक्षा के दौरान ही पेपर लीक विवाद सामने आने के बाद परीक्षा में शामिल ये सात लाख अभ्यर्थी अपने भविष्य को लेकर चिंतित हैं। वहीं, पिछले तीन वर्षों में अभ्यर्थियों के बीच अपनी छवि तेजी से सुधारने वाले आयोग के सामने अब इसे बनाए रखने की चुनौती है।

## केंद्रीय कर्मियों के महंगाई भत्ते में होगी चार फीसदी वृद्धि, जनवरी में बढ़ा सीपीआई-आईडब्ल्यू सूचकांक

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार के कर्मियों और पेंशनरों को उनके महंगाई भत्ते एवं महंगाई राहत में चार फीसदी बढ़ोतरी का तोहफा मिलेगा। आगामी सप्ताह में डीए/डीआर बढ़ोतरी की घोषणा हो सकती है। भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के श्रम ब्यूरो द्वारा 29 फरवरी को, जनवरी 2024 के लिए अखिल भारतीय सीपीआई-आईडब्ल्यू की रिपोर्ट जारी की गई है। इसमें औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 138.9 अंकों के स्तर पर संकलित हुआ है। अखिल भारतीय सीपीआई-आईडब्ल्यू में 0.1 अंक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मौजूदा समय में डीए/डीआर 46 फीसदी की दर से मिल रहा है। महंगाई भत्ते की दर, पचास फीसदी के पार होते ही सरकार को 8वें वेतन आयोग के गठन पर गंभीरता से विचार करना होगा। स्टाफ साइड की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य और अखिल भारतीय रक्षा कर्मचारी महासंघ के महासचिव सी. श्रीकुमार बताते हैं, डीए की दर 50 फीसदी होते ही केंद्र सरकार के समक्ष आठवें वेतन आयोग के गठन की मांग रखी जाएगी।

**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 05 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

**रिपोर्ट** वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद की तरह ही लखनऊ की टीले वाली मस्जिद विवाद अब न्याय की कसौटी पर

# कोर्ट ने माना, टीले वाली मस्जिद का मामला सुनवाई के काबिल

- कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की रिवीजन याचिका खारिज कर दी
- नृपेंद्र पांडे ने सिविल जज की कोर्ट में एक वाद दायर किया था
- उन्होंने कहा कि मुगल सम्राट औरंगजेब के शासनकाल में लक्ष्मण टीला को ध्वस्त कर मस्जिद बना दी गई
- मस्जिद के इमाम मौलाना अब्दुल मन्नान रहमानी ने हिंदू पक्ष की मांग पर रिवीजन याचिका दायर की थी




**जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा**

**लखनऊ।** वाराणसी की ज्ञानवापी मस्जिद की तरह ही लखनऊ की टीले वाली मस्जिद के विवाद को भी अदालत ने सुनवाई के काबिल माना है। एडीजे प्रथम की कोर्ट ने बुधवार को मुस्लिम पक्ष की रिवीजन याचिका खारिज कर दी। अदालत के फैसले को हिंदू पक्ष की जीत बताया जा रहा है। दरअसल, नृपेंद्र पांडे नामक शख्स ने सिविल जज की कोर्ट में एक वाद दायर किया था। उन्होंने कहा कि मुगल सम्राट औरंगजेब के शासनकाल में लक्ष्मण टीला की पहचान हिंदू धार्मिक स्थल के रूप में हुआ करती थी। लक्ष्मण टीला को ध्वस्त कर मस्जिद बना दी गई। उन्होंने कहा कि औरंगजेब ने लक्ष्मण मंदिर को तोड़कर हिंदू धार्मिक स्थल पर टीले वाली मस्जिद बनाई थी। लक्ष्मण मंदिर में हिंदू धर्म के लोग पूजा पाठ करते थे। वाद में कहा गया है कि मंदिर की जगह को नष्ट कर दिया गया लेकिन मस्जिद की दीवार के बाहर आज भी शेषनाग पटल कूप, शेषनागेष्ट टीलेश्वर महादेव मंदिर और पुराने हिंदू मंदिर मौजूद हैं। 2022 में बड़ा मंगल पर लक्ष्मण टीला में पूजा करने की कोर्ट से अनुमति मांगी गई थी। मस्जिद के इमाम मौलाना अब्दुल मन्नान रहमानी ने हिंदू पक्ष की मांग का विरोध किया। उन्होंने टीले वाली मस्जिद को वक्फ की संपत्ति बताया। इसलिए पूजा करने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

### 6 सितंबर 2023 को निचली अदालत ने भी मौलाना मन्नान की अर्जी खारिज कर दी थी

इस मामले में मौलाना मन्नान की ओर से अर्जी दी गई थी और कहा गया था कि हिंदू पक्ष ने अपना वाद दाखिल करने का कारण नहीं बताया है। इसलिए वाद को खारिज कर दिया जाए। सिविल जज पीयूष भारतीय ने 6 सितंबर 2023 को मौलाना मन्नान की अर्जी खारिज कर दी। निचली कोर्ट के आदेश को मौलाना ने चुनौती दी थी। एडीजे कोर्ट ने भी इसे खारिज कर दिया। पूर्व सांसद स्वर्गीय लालजी टंडन की किताब अनकहा लखनऊ में दावा किया गया है कि पुराना लखनऊ लक्ष्मण टीले के पास बना हुआ था।अब लक्ष्मण टीले का नाम पूरी तरीके से मिटा दिया गया है। लक्ष्मण टीले की जगह को अब टीले वाली मस्जिद के नाम से जाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि लखनऊ की संस्कृति के साथ जबरदस्ती हुई है। किताब में लिखा है कि लखनऊ का पौराणिक इतिहास नकारा गया। यह नवाबी कल्चर में कैद करने की कुचेष्टा के कारण हुआ। उनके अनुसार लक्ष्मण टीले पर शेष गुफा थी। बड़ा मेला भी लगता था और खिलजी के वक्त गुफा ध्वस्त कर दी गई थी। बार-बार ध्वस्त किए जाने की वजह से जगह टीले में तब्दील हो गई।

### सपा सरकार में लक्ष्मण टीले का नाम पूरी तरह से मिटाकर 'टीले वाली मस्जिद' कर दिया गया

बाद में औरंगजेब ने एक मस्जिद बनवा दी। 1857 के बाद अंग्रेज गुलाबी मस्जिद पर घोड़े बांधने लगे। उसके बाद राजा जहांगीराबाद की गुहार पर अंग्रेजों ने मस्जिद को खाली कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सपा सरकार में लक्ष्मण टीले का नाम पूरी तरह से मिटाकर 'टीले वाली मस्जिद' कर दिया गया।

# मोरंग खदान के गुण्डों से थर थर कांप रहा बरियारी गांव

जन एक्सप्रेस । बांदा



केन नदी की बरियारी मोरंग खदान मे पिछले कई महीनो से गुण्डों और लठैतों का राज चल रहा है। क्या मजाल! कोई उफ कर दे? कहने को तो इस खदान का पट्टेदार कानपुर का संजू गुप्ता है! परन्तु बैक डोर से खदान की कमान संभालने वाले ऐसे टुच्चे लोग हैं जो रामनामी चादर ओढ़कर जीवन दायिनी केन नदी की कोख उजाड़ रहे हैं। नदी की मध्य जलधारा मे पीपों का पुल बनाकर जेसीबी और पोकलैण्ड मशीनों से दिन-रात नदी की छाती फाड़ रहे हैं। गांव वालों को आतंकित करने के लिये जब दिल चाहा राईफल और बंदूकों से फायरिंग करने लगते हैं। ताकि गुण्डागर्दी का जलवा कायम रहे।

शनिवार को बांदा डीएम और एसपी की चौखट पर अपना दुखड़ा सुनाने आये बरियारी गांव के रामबाबू, पवन कुमार, महेश, घनश्याम यादव, रामकिशोर साहू, जगदीश, अशोक, रामपाल, रामजीवन, गुल्लू, राजकरन, नीरज, बलराम, राजकुमार, बृजेश आदि लोगों ने बताया कि हम लोग बरियारी बालू खदान में अड्डी के रख-रखाव का कार्य करते रहे हैं। खदान संचालक के कर्मचारी गोकरन सिंह परिहार, शैलेन्द्र सिंह और जितेन्द्र सिंह परिहार ने हमें 250रू. प्रति ट्रक देने को कहा था लेकिन अब 50 रूपये प्रति ट्रक देने की बात कह रहे हैं जबकि ट्रक वालों से 500 रूपये प्रति ट्रक लिया जाता है। दो महीने से ज्यादा हो गये, मजदूरी नहीं दे रहे। कहते हैं-50 रुपये प्रति ट्रक लेना हो तो ले लो, वरना कुछ भी नहीं देंगे। ज्यादा चिल्ल पों मचाया तो यहीं मारकर नदी की रेत मे दफना देंगे। कोई कुछ नहीं कर पायेगा। विरोध करने पर खदान वालों ने पुलिस बुलाई और हमें धमकाकर शांत करा दिया गया। डीएम और एसपी से शिकायत करने आये ग्रामीणों ने बताया कि जेसीबी और पोकलैण्ड मशीनों से खदान वालों ने नदी मे जगह-जगह गहरे गड्ढे कर दिये है। नदी की मध्यधारा से लेकर अगल-बगल 25 से लेकर 30 फिट की गहराई तक खनन किया जा रहा है। जबकि ऐसा नहीं होना चाहिये। रोकने, मना करने पर राईफल-बंदूके लेकर चढ दौडते हैं। गांव वालों के विरोध करने पर खदान के गुण्डे शैलेन्द्र सिंह, गोवकरन, जितेन्द्र, शिवम सिंह और संतराम सिंह यह कहते हैं कि हम ऐसी धारा लगवायेंगे कि तुम जेल में ही सडते रहोगे, तुम्हारी औकात कीड़े मकौडे से ज्यादा नहीं है।

गांव वालों ने बताया कि खदान में अक्सर भाजपा की झंडा लगी गाडियां आती रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारी मजदूरी दिलाई जाये और खदान वाले गुण्डों से हमें निजात दिलाई जाये। इनकी गुण्डागर्दी से गांव की महिलायें नदी की तरफ जाने से डरती हैं। हम गांव वाले अपनी ही नदी का कोई इस्तेमाल सदुपयोग नहीं कर पा रहे हैं। नदी और आसपास खदान के गुण्डों की राइफलें लहराती रहती हैं।

## युवक ने लगाई फांसी, मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** एक पखवारा पहले युवक ने कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगा लिया था। उसे गंभीर हालत में रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर के मढियानाका निवासी जीतेंद्र (43) पुत्र छोटेलाल सोनी सोनारी का काम करता था। एक पखवारा पहले उसने कमरे के अंदर पंखा के हुक पर रस्सी से फांसी लगा लिया। मौके पर पहुंचे घरवालो ने देखा तो फंदा काट कर उसे नीचे उतार लिया। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कानपुर रेफर कर दिया। घरवालो ने कानपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां हालत में सुधार न होने पर परिजन एक सप्ताह पहले कानपुर से वापस रानी दुर्गावती मेंडिकल कालेज ले आए।

इलाज के दौरान शुक्रवार की रात उसने दम तोड़ दिया। मौत की खबर मिलते ही घर वालो में कोहराम मच गया। मृतक के चचेरे भाई रामबाबू ने बताया कि मृतक चैक बाजार में सोनारी की दुकान किए था।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील नरैनी में 39 आवेदन मिले, कई मामलों में निस्तारण के दिये आदेश

जन एक्सप्रेस । बांदा



जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील नरैनी में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनशिकायतों का निस्तारण गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्धता के साथ किये जाने के निर्देश दिये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील नरैनी में कुल 39 आवेदन पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से राजस्व विभाग 21, पुलिस 08, आपूर्ति 05 जल निगम 02 विद्युत 01 व अन्य विभागों से सम्बन्धित 02 आवेदन पत्र प्राप्त हुए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में ग्राम स्योढा निवासी सीताराम ने दबंगो द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध अतिक्रमण किये जाने की शिकायत प्रस्तुत करने पर डीएम ने कार्यवाही करते हुए तहसीलदार नरैनी को टीम भेजकर जांच कराये जाने तथा अतिक्रमण हटवाये जाने के निर्देश दिये। थाना गिरवां निवासी गायत्री तिवारी ने बताया कि उसके भाई द्वारा उसकी भूमि पर कब्जा कर लिया है। इस शिकायत पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी न्यायिक को कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये।

किदवई नगर निवासी मे नईम ने नगर पंचायत नरैनी द्वारा हाउस टैक्स के निर्धारण के सम्बन्ध में कार्यवाही किये जाने के आवेदन करने पर ई0ओ0 नगर पालिका को कार्यवाही करने के निर्देश दिये। विनोद कुमारी ग्राम बन्डे के द्वारा उसके घर आग लगने के समय पशुहानि होने पर उसका मुवाबजा दिलाने जाने के प्रार्थना पत्र देने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को दो दिन के अन्दर प्रकरण का निस्तारण कर मुआवजा दिलाने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील नरैनी में अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा, मुख्य विकास अधिकारी वेदप्रकाश मौर्य, उप जिलाधिकारी नरैनी विकास यादव तहसीलदार नरैनी, नायब तहसीलदार एवं सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## परिजनों के विरोध पर प्रेमी जोड़े ने किया आत्महत्या का प्रयास प्रेमिका की मौत, प्रेमी गम्भीर

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

परिजनों ने शादी करने से इनकार किया तो प्रेमी-प्रेमिका के साथ देर शाम खेत में डाई पी लिया। दोनो परिवारो को घटना की जानकारी हूई तो दोनो को ईलाज के लिए अस्पताल मे भर्ती कराया। जिसमे प्रेमिका की मौत हो गई और प्रेमी का निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया और घटना की जान मे लग गयी।मामला किशनपुर थाना क्षेत्र के मझिगंवा गांव निवासी कामता प्रसाद 20 वर्ष पुत्र रामस्वरूप के बहन की शादी क्षेत्र के ही बरगदहा डेरा नरौली मजरे गढा गांव में हुई थी। कामता प्रसाद अधिकतर अपनी बहन सीमा और जीजा शंकर निषाद के घर आवागमन करता था। जहां पड़ोस की लड़की ममता 16 पुत्री छेदीलाल से उसका प्रेम प्रसंग हो गया दोनों ने शादी करने की जिद ठानी तो लड़की के परिजनों ने उल्टा रिश्ता बता कर शादी करने से मना कर दिया।

जिससे नाराज दोनों प्रेमी जोड़ा ने साथ जीने साथ मरने की कसम खाकर गांव किनारे अरहर के खेत में डाई पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया परंतु हालत बिगड़ने पर दोनों घर लौट आये जब परिजनों को मामले की जानकारी हुई तो आनन-फानन दोनों को अस्पताल ले जा रहे थे। जहां रास्ते में ही ममता की मौत हो गई और कामता प्रसाद को खागा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसका इलाज चल रहा है हालांकि अब लड़की के परिजनों का आरोप है कि लड़का ने जबरदस्ती ममता को डाई पिलाई थी। थाना पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

## सुलह समझौते के आधार पर कराएं अधिक से अधिक परिवारिक वादों का निस्तारण: प्रधान न्यायाधीश

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट




उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर आगामी 9 मार्च को होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन के उद्देश्य से शनिवार को परिवार न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव ने बैठक ली। जिसमें अधिवक्ताओं से परिवारिक मामलों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर कराने के लिए सहयोग मांगा गया।

राष्ट्रीय लोक अदालत की प्री ट्रायल बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान न्यायाधीश राकेश कुमार यादव ने कहा कि आगामी 9 मार्च को होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक परिवारिक मामलों का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर कराया जाए। लोक अदालत का उद्देश्य विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान है तथा पक्षकारों के मध्य सुलह समझौते के माध्यम से किया गया विवादों का निपटारा करने से विवाद का निस्तारण अंतिम रूप से हो जाता है और दोनों पक्ष सुखी व शान्त रहते हैं।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्रभारी सचिव अपर जिला जज सुशील कुमार वर्मा ने कहा कि न्यायालय में लम्बित मामलों को सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित कराए जाने से दोनों पक्षों की हार नहीं होती है। साथ ही वादकारियों के धन और समय की बचत भी होती है। ऐसे में खासतौर से परिवारिक विवादों को सुलह समझौते के माध्यम से निस्तारित करना चाहिए। जिससे समाज में सौहार्द भी बनता है।

इस मौके पर जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय करवरिया, महा सचिव मनोज कंचनी, काउंसलर राधा देवी, अधिवक्ता चन्द्रभवन, वीरेन्द्र कुमार साहू, आलोक कुमार त्रिपाठी, विकास कुमार निगम, दमयंति आदि मौजूद रहे।

## अबैध संचालित अस्पतालो मे हो रही मौतें: जिम्मेदार मौन, गर्म कर रहे जेबें

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

नोटिस के बाद भी स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई कार्यवाही न करने पर पीड़ित ने विभाग पर संचालक से मिले होने का आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत सीएम पोर्टल पर किया। पीड़ित परिवार ने बताया कि न्याय पाने के लिए वह लगातार अधिकारियो के चक्कर काट रहा है लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

बताते चलें कि खागा कोतवाली क्षेत्र के कुरा निवासी बलराम सिंह ने 9 दिसंबर 2023 को शांति नगर स्थित मानव कल्याण हॉस्पिटल में बहु सोनम सिंह को डिलीवरी के लिए भर्ती किया था। अस्पताल के संचालक योगेश सिंह ने किसी अन्य डॉक्टर को बुलाकर बहू का ऑपरेशन कराया जिससे एक बच्ची पैदा हुई। बहु को एक सप्ताह भर्ती करने के बाद उसे डिस्चार्ज कर दिया। डिस्चार्ज होने के बाद रात में बहू की हालत अचानक खराब हो गई। तत्काल उसे फिर से मानव कल्याण हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने 10 से 12 दिन बहू का इलाज किया। अस्पताल संचालक ने 125000 लिया लेकिन बहू की हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। जिसके बाद उसे तत्काल कानपुर और वहां पर भी सुधार न होने पर बहू को मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ में भर्ती कराया। जहां उसका अभी भी इलाज चल रहा है।

शिकायत के बाद डीएम के आदेश के पर एसीएमओ इश्तियाक अहमद ने अपनी टीम के साथ मानव कल्याण अस्पताल पहुंचे।

## भागवत की कथा केवल कहानी नहीं जीवन जीने की है कला: दीक्षित

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भागवताचार्य नवलेश दीक्षित महाराज ने श्रोताओं को जड़ भरत एवं प्रहलाद चरित्र की कथा का रसपान कराया।

जिला मुख्यालय के तरौंहा स्थित भारद्वाज आवास में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन भागवत पीठ धर्मार्थ सेवा संस्थान से पधारे कथा व्यास नवलेश दीक्षित महाराज ने बताया कि भागवत मृत्यु को मंगलमय बनाती है। वही बच्चे सम्मान के योग्य होते हैं जिसमे शालीनता होती है। वह माता, पिता और वंश के उज्जवल दीपक होते हैं। ध्रुव, प्रहलाद की कथा यही शिक्षा देती है। गुरु कृपा जैसी कोई संपत्ति नहीं है। बस सद्गुरु पर समर्पित हो जाए। गुरु भक्ति योग में शारीरिक, मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक हर प्रकार के अनुशासन का समावेश है। गुरु लीला की महिमा जो कान नहीं सुन सकते वह कान सचमुच बहरे हैं। भागवत के चतुर्थ स्कंध की कथा सुनाते हुए कहा कि मधुर वचन पुष्प के समान प्रिय होते हैं। जबकि कटु वचन कांटों के समान हृदय में चुभ जाते हैं। इसलिए जीवन में हमेशा मीठे मधुर वचन ही बोले। भागवत की कथा केवल कहानी नहीं जीवन जीने की कला हैं। बामन चरित्र की कथा तन, मन, धन के साथ स्वयं को अर्पण करने की कथा है। जड़ भरत की कथा सुनाते हुए जीवन में आने वाले उतार चढ़ाव, कष्ट, सुख, दुःख का मार्मिक वर्णन किया। जिसे सुन श्रोता मंत्रमुग्ध रहे। बताया कि जड़ भरत कहते हैं कि जब तक महापुरुषों के चरणों की रज माथे में नहीं लगाएंगें तब तक जीवन में कुछ मिलने वाला नही है। जितनी अधिक उम्मीद करेंगें उतना ही निराशा मिलेगी। इसलिए इस संसार में उम्मीद ज्यादा नहीं करना चाहिए। कर्म में विश्वास करें, अपेक्षा से अधिक मिलता है। आज भगवान के जन्म का उत्सव मनाया जाएगा। इस मौके पर मुख्य यजमान राकेश भारद्वाज, धर्मपत्नी कामिनी भारद्वाज, अनिल भारद्वाज, दीपक भारद्वाज, केदारनाथ द्विवेदी, गरीबदास गर्ग, राज नारायण गर्ग आदि मौजूद रहे।

## मालगाड़ी के धक्के से महिला की मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** सिर पर लकड़ी का गठ्ठा लेकर रेलवे लाइन पारकर रही महिला को मालगाड़ी ने धक्का मार दिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हमीरपुर जिला के भरूआ सुमेरपुर के धर्मेश्वर बाबा निवासी रामदुलारी (65) पत्नी रामसजीवन आरख शुक्रवार की शाम सिर पर लकड़ी का गठठा लेकर घर जा रही थी। रेलवे केबिन के पास रेलवे लाइन पार कारते समय मालगाड़ी ने धक्का मार दिया। जिससे रामदुलारी रेलवे ट्रैक के किनारे जा गिरी सिर पर चोट आने से उसकी मौके पर मौत हो गई। हादसे को देख आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। कुछ लोगो ने उसे पहचान लिया। मामले की जानकारी घरवालो को दी गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची जीआरपी ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतका के पुत्र कमलेश ने बताया कि उसके पिता की छह वर्ष पहले दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी।

## जनता के सपनों को पूरा कर रही भाजपा सरकार: अशोक जाटव

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



भाजपा द्वारा विकसित भारत मोदी की गारण्टी के लिए भाजपा संकल्प पत्र के सुझाव भेजने के लिए मोबाइल नम्बर और सुझाव पेटी का अनावरण बस स्टैंड कर्वी में किया गया।

सांसद आर के पटेल ने कहा कि पीएम मोदी ने विकसित भारत का संकल्प लिया है। गरीब कल्याण अन्न योजना से 80 करोड़ गरीब को राशन, आवास योजना से 4 करोड़ गरीब को पक्की छत, जल जीवन मिशन से 14 करोड़ परिवार में नल से जल, आयुष्मान भारत से 55 करोड़ परिवार लाभान्वित हुए हैं, यह मोदी की गारण्टी है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की पांचवी अर्थव्यवस्था बना है। जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा की मोदी सरकार ने धारा 370 को निरस्त कर इतिहास रचा है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। भाजपा ने जो कहा उसे पूरा करने की मोदी की गारण्टी है। पीएम मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से ऊपर उठें हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने बताया कि जनता के सपनों को भाजपा की डबल इंजन सरकारें पूरा कर रही हैं। यह मोदी की गारण्टी है। पीएम मोदी गारण्टी से 11 करोड़ से अधिक किसान पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ, स्वच्छ भारत से 12 करोड़ शौचालय का निर्माण, उज्ज्वला योजना से 10 करोड़ महिलाओं को चूल्हे के धुएं से मुक्ति मिली है। पूर्व सांसद भैरोप्रसाद मिश्र ने कहा कि मोदी की गारण्टी जनधन से 51 करोड़ गरीबों को बैंकिंग सुविधा मिली है। लोगों को बैंक से जोडकर उनके खाते में योजनाओं की धनराशि भेजने का काम किया जा रहा हैं। जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल ने कहा कि मोदी की गारण्टी से 37 किमी हाइवे का प्रतिदिन निर्माण हो रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि मोदी गारण्टी से 78 लाख रेहड़ी पटरी के दुकानदार सशक्त हुए हैं। आज वह स्वयं का रोजगार कर रहे हैं। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि भाजपा संकल्प पत्र को सुझाव देने के लिए जनपद के सभी नागरिक 9090902024 पर मिस्ड कॉल करके अपने सुझाव अवश्य दें।

जिला मीडिया प्रभारी भागवत त्रिपाठी ने कहा कि विकसित भारत की मोदी की गारण्टी में जनसुझाव सहभागी बनेंगे और भारत विश्व की तीसरी अर्थ शक्ति बनेगा। मोदी की गारण्टी से ही देश में 15 नये एम्स, 7 नए आईआईटी और 7 नये आईआईएम बने हैं।

## ईट भट्ठे के चैम्बर-दिवाल गिरने से दो मजदूरों की मौत, दो घायल

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** गाजीपुर थाना क्षेत्र के चक काजीपुर स्थित भट्ठे में कोयला बिनते वक्त अचानक दीवार गिर जाने से पति-पत्नी की जहां मौत हो गई। वहीं दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए गाजीपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार हुसैनगंज थाना क्षेत्र के चंदेलन पुरवा गांव निवासी संतोष सिंह चंदेल का भट्ठा एबी ईट मार्का के नाम से काजीपुर गांव में लगा हुआ है। इसी भट्ठे पर पूर्व प्रधान रामधनी पासवान व उसकी पत्नी मालती अपनी बिरादरी के मजदूरों मुन्नी लाल व उसकी पत्नी राजकुमारी के साथ शनिवार की सुबह भट्ठे पर कोयला बिन रहे थे। तभी अचानक दीवार गिर गई जिसमें रामधनी व मालती की दबकर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि मुन्नीलाल व रामकुमारी गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे की खबर लगते ही गांव सहित आसपास की भीड़ लग गई। घटना की जानकारी होते ही प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गये। थाना पुलिस ने शवो को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया वही घटना की जॉच मे जुट गयी।

## मुख्य विकास अधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी फरियादियों की जन समस्याएं

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार कर्वी में हुआ।

मुख्य विकास अधिकारी ने संपूर्ण समाधान दिवस पर जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर समस्याओं का निस्तारण शासन की मंशा के अनुरूप व गुणवत्तापूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की आज संपूर्ण समाधान दिवस में समस्याएं प्राप्त हुई हैं, उनका मौके पर जाकर निस्तारण कराएं। उन्होंने उप जिलाधिकारी तथा थाना प्रभारियों से कहा कि जो भूमि सम्बन्धित मामले हैं, उसमें राजस्व, चकबंदी तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है कि जमीन सम्बन्धी मामलों का तत्काल निस्तारण कराएं।

इस मौके पर उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर हर्ष पांडेय, जिला विकास अधिकारी आर के त्रिपाठी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र आदि मौजूद रहे।

## घोषणा पत्र को संकल्प पत्र मानकर काम करती है भाजपा: सांसद

जन एक्सप्रेस । बांदा




विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव अभियान को लेकर शनिवार को जिला भाजपा कार्यालय में भाजपा के संकल्प पत्र के लिए जनसंपर्क गतिविधियों, डिजिटल माध्यम तथा प्रचार माध्यम से एक करोड़ से ज्यादा लोगों से उनके सुझाव एकत्रित करने के उद्देश्य को लेकर पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। भाजपा जिला अध्यक्ष संजय सिंह की अध्यक्षता में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए सांसद आर के सिंह पटेल बताया कि विकसित भारत संकल्प पत्र सुझाव एकत्रित करने हेतु कोहोर्ट मिलन एवम् संवाद, घर घर जनसंपर्क, प्रकोष्ठों के कार्यक्रम तथा लाभार्थी संपर्क अभियान प्रमुख माध्यम होंगे। इसके लिए देशभर में 6000 से अधिक सुझाव पेटिका लगाई जाएगी। साथ साथ 500 फोकस लोकसभा में एलईडी रथ छोटी सभाएं आयोजित कर मोदी सरकार की उपलब्धियां बताते हुए लोगों के सुझाव एकत्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी अकेली पार्टी है जो अपने पिछले सभी चुनावों में भाजपा ने जो वादे जनता से किए हैं उनको पूरा किया है। चाहे राम मंदिर का निर्माण हो, धारा 370 हटाना हो या फिर तीन तलाक को रोकने का कानून या फिर विकास कार्य भाजपा की सरकारों ने सब संकल्प पूरे किए हैं। वीडियो वैन रथों के माध्यम से जनता से संवाद तथा विकसित भारत मोदी की गारंटी सुझाव पेटिका में जनता के सुझावों को एकत्र जाएगा जो भाजपा के संकल्प पत्र का आधार बनेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की कार्य योजना तैयार करेंगे। भारतीय जनता पार्टी एक मात्र दल है जो जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप अपने संकल्प तय करता है और सरकार के माध्यम से जन आकांक्षाओं को पूरा करके अपना लेखा-जोखा लेकर लोक दरबार में पहुंचता है। मोदी के नेतृत्व में आज भारत विश्व गुरु के रूप मेंसांस्कृतिक, सामरिक, आर्थिक मजबूती के साथ विश्व को दिशा देने के लिए तैयार है। वीडियो वैन के माध्यम से समाज के विभिन्न वर्गों के साथ संवाद होगा और उनके सुझावों को समावेशित किया जाएगा। इसके साथ ही व्हाट्सएप, ट्यूटर, वॉइस मैसेज, आई वी आर के माध्यम से भी सुझाव एकत्र किए जाएंगे जो भाजपा के संकल्प पत्र को स्वरूप प्रदान करेंगे। डिजिटल माध्यमों में नरेंद्र मोदी ऐप तथा मोबाइल नंबर 9090902024 के माध्यम से भी लोग कॉल रिकार्ड करके अपने सुझाव भाजपा तक पहुंचा सकते हैं।

उन्होंने बताया कि गरीब कल्याण अन्न योजना से 80 करोड़ भारतीयों को मुफ्त अनाज मिला है। जबकि आवास योजना से 4 करोड़ गरीबों को पक्का मकान मिला है। जल जीवन मिशन से 14 करोड़ घरों में नल से जल पहुंचाया गया है। आयुष्मान भारत योजना में 55 करोड़ निशुल्क उपचार मिला है।

## पारम्परिक सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न 97 में मात्र 5 का मौके पर निस्तारण

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

माह के प्रथम शनिवार को ''सम्पूर्ण समाधान दिवस'' का आयोजन तहसील खागा के सभागार में पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ। 97 शिकायतो मे मात्र 5 पीडितो को मौके पर न्याय मिला जबकि बाकी शिकायतों को विभागवार वितरित करके कार्यवाही का निर्देश दिया गया। इस मौके पर शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को बड़े ही सरल एवं सहज भाव से सुना और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि शासन की मंशानुरूप प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण, संतुष्टिपरक व समयबद्ध तरीके से निस्तारण करना सुनिश्चित करें। भूमि से सम्बन्धी प्रकरणों के निस्तारण के लिए राजस्व विभाग व पुलिस विभाग के अधिकारी आपस में समन्वय बनाकर टीम भावना से भूमि विवाद के प्रकरणों का हल कराया जाय, इसमें किसी प्रकार का पक्षपात न किया जाय, नियमानुसार कार्यवाही करते हुए पीड़ित को न्याय दिलाया जाय। आज के सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, पेंशन, स्वास्थ्य, कृषि आदि विभागो के कुल 97 शिकायती पत्र शिकायतकर्ताओ से प्राप्त हुए के सापेक्ष 05 का निस्तारण अधिकारियों द्वारा मौके पर किया गया। इस मौके पर उप जिलाधिकारी नंदप्रकाश मौर्य, पुलिस क्षेत्राधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, एसओसी चकबन्दी, मुख्य पशु चिकित्सक अधिकारी सहित नायब तहसीलदार व जिलास्तरीय अधिकारियों सहित अन्य सम्बंधित उपस्थित रहे।

# 2017 के पहले प्रदेश में भूख से मौतें होती थीं अब हर किसी को मिल रहा राशन : सीएम योगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकारी कार्यों में अधिकाधिक टेक्नोलॉजी के उपयोग से आम जनमानस की जिंदगी में तेजी से बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मंशा के अनुरूप जीवन के हर क्षेत्र में रिफॉर्म से न केवल पारदर्शिता बढ़ी है बल्कि भ्रष्टाचार भी समाप्ति की ओर है। उन्होंने कहा कि जहां शासन की सुविधा का लाभ बिना भेदभाव हर नागरिक तक पहुंच सके वही सुशासन है और सुशासन का यही मॉडल रामराज्य है। सीएम योगी शनिवार को लोकभवन में खाद्य रसद विभाग और ग्राम्य विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में 1100 अन्नपूर्णा भवनों और 79000 उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों का लोकार्पण और शुभारंभ किया।

## राशन वितरण के क्षेत्र में व्यापक रिफॉर्म हुए हैं

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जनप्रतिनिधियों के सतत प्रयास से हर गरीब को खाद्यान उपलब्ध कराने में हम सफल हुए हैं। 2014 से पहले जरूरतमंदों को राशन नहीं मिल पाता था। उनके नाम पर राशन कार्ड तो होता था, मगर राशन कोई और ही डकार जाता था। यहां तक कि 2017 से पहले प्रदेश के कई जनपदों में भूख से भी मौतें होती थीं। मगर, हमने पहले ई पॉश मशीन और अब ई वेइंग मशीन जैसी तकनीक का इस्तेमाल शुरू किया है। इससे राशन वितरण के क्षेत्र में व्यापक रिफॉर्म हुए हैं। खाद्य एवं रसद विभाग की ओर से प्रदेश के लगभग 80 हजार राशन कोटे की दुकानों में हुए इस रिफॉर्म का लाभ 15 करोड़ लाभार्थियों लोगों को प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या, खाद्य एवं रसद विभाग के राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, ग्राम्य विकास विभाग की राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र, प्रमुख सचिव खाद्य रसद आलोक कुमार सहित विभागीय अधिकारीगण एवं प्रदेश के 1100 अन्नपूर्णा भवनों से वर्चुअल माध्यम से जुड़े जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

### भुखमरी की समस्या का हुआ समाधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि तकनीक आधरित खाद्य वितरण प्रणाली से न केवल भुखमरी की समस्या का समाधान हुआ, बल्कि हम कलंक से मुक्त भी हुए हैं। पहले राशन एफसीआई गोदामों से निकलने के बाद बीच से ही गायब हो जाता था, मगर अब लखनऊ से ही बैठकर मॉनीटरिंग होगी कि राशन वास्तव में जिस कोटे की दुकान तक जाना था, वहां तक पहुंचा या नहीं। यह परिवर्तन ही सबका साथ सबका विकास है। यही मोदी जी का मंत्र है जो जमीनी धरातल पर उतरता हुआ दिखाई दे रहा है। 2014 से पहले यह असंभव था। गरीब को राशन मिल पाना दूभर था। इस प्रकार की बातों की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

### अन्नपूर्णा भवनों से जेनरिक दवाएं भी मिलेंगी

मुख्यमंत्री ने लोकार्पित हुए 1100 अन्नपूर्णा भवनों के बारे में बताते हुए कहा कि अब राशन कोटे के लिए अन्नपूर्णा भवन स्थाई भवन हो गए हैं। अब कोटेदार के बदलने पर भी राशन की दुकानें नहीं बदलेंगी। राशन के साथ ही अन्नपूर्णा भवनों से अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी। यहां से सस्ती जेनरिक दवाएं और घर की अन्य आवश्यक वस्तुओं की भी पूर्ति की जाएगी। यहां राशन के लिए गोदाम भी रहेगा। इसके अलावा यहीं पर कॉमन सर्विस सेंटर भी होगा, जहां से जन्म, मृत्यु, आय, जाति प्रमाणपत्र जैसी सुविधाएं भी मिलेंगी। आज 11 सौ दुकानें से इसकी शुरुआत हो रही है, शीघ्र ही प्रदेश के 80 हजार राशन कोटे की दुकानों के लिए ये व्यवस्था हो जाएगी।

### संवेदनशील सरकारें सुरक्षा और समृद्धि के द्वार खोलती हैं

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब सरकार संवेदनशील होती है तो जनता की सुरक्षा और समृद्धि के द्वार भी खोलती है। डबल इंजन की सरकार इसीलिए डबल स्पीड से कार्य कर पा रही है क्योंकि हमारा एक ही लक्ष्य है, हमें विकास भी करना है, सुरक्षित माहौल भी देना है, समृद्धि भी लानी है, गरीब कल्याण के कार्य को भी बिना भेदभाव के आगे बढ़ाते रहना है। सीएम ने कहा कि पहले की सरकारों के पास विजन ना होने के कारण मनरेगा के अंतर्गत एक बार तालाब की खोदाई होती थी, फिर उसे पाट दिया जाता था और फिर से उसे दोबारा खोदा जाता है, मगर आज नये नये निर्माण कार्य हो रहे हैं, अन्नपूर्णा भवन बनाए जा रहे हैं। इससे रोजगार भी मिल रहा है और सुविधाएं भी।

### टेक्नोलॉजी के जरिए हमेशा के लिए करेंगे पैमाइश की समस्या का समाधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार बहुत शीघ्र कुछ और बहुत बड़े कदम उठाने जा रही है। हर राशन कार्ड के आधार सीडिंग का कार्य चल रहा है। हर व्यक्ति की फैमिली आईडी तैयार हो रही है, जिससे एक जगह बैठे बैठे तय हो जाएगा कि किसे कौन सी सुविधा मिली है या कौन सी सुविधा देनी है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बहुत जल्द उत्तर प्रदेश की जनता को अपने राजस्व के कागजातों को देखने के लिए तहसील के चक्कर नहीं लगाने होंगे, एक जगह से ही उन्हें अपने सभी दस्तावेज प्राप्त हो जाएंगे। इस सुविधा को आगे वरासत की प्रक्रिया के साथ भी जोड़ा जाएगा, यही नहीं पैमाइश की समस्या को भी टेक्नोलॉजी के माध्यम से हमेशा के लिए खत्म कर दिया जाएगा।

### सीएम ने सौंपी अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी

इस अवसर पर सीएम योगी ने प्रदेश के 10 उचित दर विक्रेताओं को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी। इसमें लखनऊ से जगलाल, रायबरेली के अशोक कुमार और धीरेन्द्र विक्रम, बाराबंकी की रेखा देवी और पुष्पा देवी, उन्नाव के लोकई प्रसाद और मालती देवी, हरदोई से अंजनी कुमार और जितेन्द्र, सीतापुर मोहम्मद नियाज खान को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गई। वहीं इस अवसर पर सीएम ने लाभार्थियों को राशन किट भी प्रदान किया।

# बीकेटी तहसील समाधान दिवस में फरियादियों की भीड़, नहीं मिल रहा न्याय

* बीकेटी तहसील समाधान दिवस पर 144 शिकायतों में महज़ 34 हुईं निस्तारित, शेष शिकायतें 110

जन एक्सप्रेस । पीयूष द्विवेदी



**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिले की बख्शी का तालाब तहसील में तहसील समाधान दिवस की अध्यक्षता तहसीलदार विजय कुमार सिंह ने की।बता दें कि तहसील दिवस में प्राप्त कुल 144 शिकायतों में महज़ 34 शिकायतों का मौक़े पर निस्तारण किया गया तथा शेष 110 शिकायतों पर संबंधित लेखपाल एवं अधिकारियों को निस्तारण के आदेश दिये गये। आपको बताते चलें कि बीकेटी तहसील समाधान दिवस में ज्यादातर शिकायते राजस्व विभाग एवं जन समस्या संबंधित हुई, वही इस समाधान दिवस में कुछ जिम्मेदार कर्मचारी अपने मोबाइल में बिजी दिखाई दिये। वहीं इस मौके पर तहसीलदार विजय कुमार सिंह, विकास खंड अधिकारी पूजा पांडेय,पुलिस अधिकारी, कानूनगो, लेखपाल सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# डाला की चपेट में आने से तीन छात्राएं बुरी तरह हुई घायल

* एन.एच.आई कर्मचारियों ने अस्पताल में करवाया भर्ती, इलाज जारी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र अन्तर्गत अर्जूनपुर हाइवे रोड पर अनियंत्रित डाला के चपेट में अर्जुनपुर प्राथमिक विद्यालय से छुट्टी के बाद निकलीं छात्राएं आ गई और डाला छात्राओं पर पलट गया। जिसमें डाले के नीचे तीन छात्राएं दब गईं। वहीं राहगीरों ने तीनों छात्रों को डाले के नीचे से निकाला, इसी दौरान एन.एच.आई कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर घायल तीनों छात्राओं को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया,जहां डॉक्टरों ने तीनो छात्रों को लखनऊ मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया?। वहीं घायल तीनों छात्राओं में सेंजल (9) वर्ष, अनामिका (13) वर्ष, काजल (13) वर्ष निवासी बेहडा करौंदी गांव की रहने वालीं है तीनों छात्राएं इस सड़क दुर्घटना में बुरी तरह घायल हो गईं। वहीं इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव ने बताया कि पुलिस ने डाला गाड़ी बरामद कर थाने पर खड़ा करा दिया। आगे की कार्यवाहीं की जा रही है।

# मोहनलाल गंज से प्रत्याशी बनाये जाने पर कौशल किशोर ने जताया बीजेपी नेतृत्व का आभार

लखनऊ। मोहनलालगंज लोकसभा सीट से केंद्रीय राज्यमंत्री और सांसद कौशल किशोर ने भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर भाजपा शीर्ष नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया है।उन्होंने कहा कि यह मोहनलालगंज लोकसभा क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद और स्नेह है जो मुझे भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व ने प्रत्याशी बनाकर जनसेवा, क्षेत्रसेवा और राष्ट्र सेवा का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा मोहनलालगंज लोकसभा से मैं नहीं हर क्षेत्रवासी भारतीय जनता पार्टी का प्रत्याशी है। कौशल किशोर ने बीजेपी के सभी प्रत्याशियों को बधाई देते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता विकसित भारत आत्मनिर्भर भारत और दुनिया में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भारत को बनाने के लिए मोदी की गारंटी पर मोहर लगाएगी और सभी प्रत्याशियों को आशीर्वाद देकर जिताने का कार्य करेगी।

# यूपी के सभी मंत्रियों को फिर से मिला टिकट

जन एक्सप्रेस । लखनऊ





मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में उत्तर प्रदेश से सभी मंत्रियों पर भाजपा ने फिर भरोसा जताया है। सभी मंत्रियों को उन्हीं के लोकसभा क्षेत्रों से फिर से टिकट दिया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, महिला कल्याण एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी, भारी उद्योग मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय, केंद्रीय राज्यमंत्री पंकज चौधरी को उन्हीं की सीट पर फिर से लड़ाया जाएगा। इसी तरह मंत्री एसपी सिंह बघेल, कौशल किशोर, साध्वी निरंजन ज्योति, भानु प्रताप वर्मा, अजय मिश्रा टेनी, संजीव बालियान को फिर मौका दिया गया है। विवादों में रहने की वजह से इस बार अजय मिश्रा टेनी का टिकट कटता हुआ दिख रहा था। विवाद के बावजूद पार्टी ने उन पर फिर से भरोसा जताया है। हालांकि इस मामले में एक अपवाद भी है। मोदी सरकार में मंत्री अपना दल एस की नेता अनुप्रिया पटेल की सीट पर फिलहाल निर्णय नहीं हुआ है। हो सकता है आने वाली सूची में अनुप्रिया का नाम हो। संभावना यह भी जताई जा रही है कि उनकी लोकसभा सीट बदल सकती है।

### विवाद के बाद भी टेनी को टिकट

लखीमपुर खीरी में 2021 में किसान आंदोलन के दौरान हुई हिंसा से विवादों में आए केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी को भी भाजपा ने फिर मैदान में उतारा है। विवाद में टेनी के बेटे आशीष मिश्रा मामले में अभी जमानत पर चल रहे हैं। उस दौरान विपक्षी दलों के साथ किसान संगठनों ने टेनी को मंत्री पद से हटाने की मांग की थी। टेनी लखीमपुर और उसके आसपास के तीन चार लोकसभा क्षेत्र में प्रभाव रखते हैं। इसके चलते पार्टी ने उन्हें उस समय भी मंत्री पद से नहीं हटाया था। अब पार्टी ने उन्हें फिर टिकट देकर किसी दबाव में न आने का संकेत दिया है।

### बसपा से आए रितेश को टिकट

भाजपा ने हाल ही में बसपा से आए अंबेडकर नगर के सांसद रितेश पांडेय को इसी सीट से प्रत्याशी बना दिया है। महाराष्ट्र में कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे कृपाशंकर सिंह को जौनपुर से टिकट दिया है। कृपा शंकर पहले ही भाजपा में शामिल हो चुके हैं।

# कांग्रेस, सपा और बसपा छोड़ अनेक महिलाओं ने ज्वाइन की रालोद

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश कार्यालय में राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा के अथक प्रयासों से शालिनी सिंह के नेतृत्व में राजनीतिक दलों कांग्रेस पार्टी,समाजवादी पार्टी तथा बहुजन समाज पार्टी व विभिन्न सामाजिक संगठनों की हजारों महिलाओं ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के विचारों से प्रेरित होकर तथा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुये राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा,राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे व नारी शक्ति संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्षा मनीषा अहलावत की उपस्थिति में राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। सर्वप्रथम नारी शक्ति संगठन ने भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये तत्पश्चात एक दूसरे का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि सबका राष्ट्रीय लोकदल में स्वागत है। राष्ट्रीय लोकदल के नारी शक्ति संगठन में आज और अधिक ऊर्जा देखने को मिल रही है। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयन्त सिंह के को और अधिक राजनैतिक बल मिलेगा और दल में महिलाओं की सहभागिता बढ़ेगी इसे दल नहीं परिवार समझिए आज से यह आपका नया परिवार है।इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने कहा कि सबके दल में शामिल होने से पार्टी को मजबूती मिलेगी और हम सब मिलकर भारत रत्न चौधरी चरण सिंह के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे।नारी शक्ति संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीषा अहलावत ने महिलाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सबके हर संघर्ष में मैं साथ खड़ी हूँ। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव रजनीकांत मिश्रा, अम्बुज पटेल, मनोज सिंह चौहान,महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत अवस्थी, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव रामगोपाल चंदेल, राष्ट्रीय सचिव कार्यालय प्रभारी सुरेश कुमार श्रीवास्तव, शैलेश श्रीवास्तव मौजूद रहे।

# धान खरीद 2023-24 : आठ लाख से अधिक धान किसानों को किया 11,745 करोड़ से अधिक का भुगतान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



योगी सरकार ने आठ लाख एक हजार से अधिक धान किसानों को 11745 करोड़ का भुगतान किया। धान खरीद 2023-24 के अंतर्गत प्रदेश में 53.79 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई। सरकार ने कॉमन धान का समर्थन मूल्य 2183 रुपये व ग्रेड ए धान का समर्थन मूल्य 2203 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया था। धान खरीद में लखनऊ मंडल शीर्ष पर रहा। यहां 7.52 लाख मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद हुई। बरेली में छह लाख 49 हजार मीट्रिक टन तो वाराणसी में छह लाख 18 हजार मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद हुई। वहीं लखनऊ व रामनगरी अयोध्या मंडल के एक लाख से अधिक किसानों से धान की खरीद की गई। धान खरीद में लखनऊ मंडल शीर्ष पर रहा। यहां कुल 7.52 लाख मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद हुई। बरेली मंडल में 6.49 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई। वाराणसी मंडल में 6.18 लाख मीट्रिक टन से अधिक धान खरीद हुई। गोरखपुर मंडल में 5 लाख 9 हजार मीट्रिक टन धान खरीद हुई। अयोध्या मंडल में 5.78 लाख मीट्रिक टन, मुरादाबाद मंडल में 4.61 लाख मीट्रिक टन, प्रयागराज मंडल में 4.53 लाख मीट्रिक टन, देवीपाटन मंडल में 3.38 लाख मीट्रिक टन, बस्ती मंडल में 2.89 लाख मीट्रिक टन, मीरजापुर मंडल में 2.68 लाख मीट्रिक टन, आजमगढ़ मंडल में 2.12 लाख मीट्रिक टन, कानपुर मंडल में 1.81 लाख मीट्रिक टन, चित्रकूट धाम मंडल में 42 हजार मीट्रिक टन से अधिक की धान खरीद हुई।

### आठ लाख एक हजार से अधिक किसानों से की गई धान खरीद

योगी सरकार ने धान खरीद में किसानों को काफी सहूलियत दी थी। इसका लाभ उठाते हुए किसानों ने अपने धान की बिक्री की। सर्वाधिक खरीद लखनऊ मंडल के किसानों से की गई। यहां एक लाख पांच हजार 925 किसानों से खरीद हुई। वहीं रामनगरी अयोध्या के एक लाख दो हजार 908 किसानों से धान खरीद हुई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर के 91409 किसानों से धान की खरीद की गई, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के 90145 किसानों से धान खरीद हुई। बरेली मंडल में 79960 किसान, प्रयागराज मंडल में 78933 किसान, मुरादाबाद में 54604, देवीपाटन में 47242 किसान, मीरजापुर में 40831 किसान, आजमगढ़ में 38079 किसान, बस्ती मंडल में 36252 किसान, कानपुर में 24035 किसान, चित्रकूट में 7650 किसानों से धान खरीद की गई। पूर्वी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश मिलाकर 5207 केंद्रों से कुल 801624 (आठ लाख एक हजार 624) किसानों से धान खरीद हुई।

# मधुबन में प्रबुद्ध जन सम्मेलन में पहुंचे नगर विकास मंत्री

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने घोसी में 110 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास तथा लोकार्पण करने के उपरांत मधुबन में प्रबुद्ध जन सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान मंत्री ने कहा कि वर्तमान केंद्र व प्रदेश सरकार मऊ जिला समेत पूरे पूर्वांचल के विकास के लिए कृत् संकल्पित है।जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए हुए प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए नगर विकास मंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों द्वारा कोई भी विकास कार्य न तो प्रदेश में कराया गया और न ही मऊ व पूर्वांचल में कराया गया लेकिन आज पूरे देश व प्रदेश में विकास की अविरल गंगा बह रही है। आप हर तरफ विकास को देख सकते हैं। आज मऊ समेत पूरा पूर्वांचल विकास की दौड़ में तेजी से दौड़ रहा है।कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने कहा कि पिछले वर्ष में जिले को 513 करोड़ की परियोजनाएं मिली थी, जो पूर्ण हो गयी है एवं लगभग 600 करोड़ की परियोजनायें वर्तमान में जिले में चल रही है जिसे आप लोग देख रहे है। उन्होंने कहा कि वे मऊ जिले के साथ-साथ पूर्वांचल के विकास व प्रगति के लिए एवं यहां के लोगों के जीवन में खुशहाली आये, नौजवानों को रोज़ी रोज़गार मिले, इसके लिए सदा समर्पित एवं कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा की मऊ के साथ-साथ पूर्वांचल के विकास एवं यहां के आम जनमानस के विकास के लिए पूर्व में भी काम मैंने किया है, कर रहा हूं और आगे भी बेहतर ढंग से इसको करूंगा। मैं आपका बेटा होने के नाते इस मिट्टी का ऋणी हूं और भरोसा दिलाता हूं। पिछले दो महीने में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा दो बार विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण और शुभारंभ किया जा चुका है।

# लोकसभा चुनाव : अगले सप्ताह आएगी कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची, सपा से दो सीटें और मांग रही है पार्टी

* सोमवार या मंगलवार को कांग्रेस संसदीय बोर्ड की बैठक होगी, जिसमें प्रदेश से भेजी गई सूची पर मुहर लगेगी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ





कांग्रेस के 17 उम्मीदवारों की सूची अगले सप्ताह आने की उम्मीद है। सोमवार या मंगलवार को कांग्रेस संसदीय बोर्ड की बैठक होगी, जिसमें प्रदेश से भेजी गई सूची पर मुहर लगेगी। इसके बाद उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की जाएगी। गठबंधन के तहत कांग्रेस को रायबरेली, अमेठी, सीतापुर, बाराबंकी, कानपुर नगर, फतेहपुर सीकरी, बांसगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, मथुरा, गाजियाबाद और देवरिया सीट दी गई है। कांग्रेस चाह रही है कि उसे लखीमपुर खीरी और श्रावस्ती की सीट भी दी जाए। इसके लिए वह सपा से निरंतर मांग भी कर रही है, लेकिन शनिवार शाम तक सपा यह दोनों सीटें देने को तैयार नहीं थी। गांधी परिवार के लिए पहचान बनी रायबरेली और अमेठी सीट पर उम्मीदवार के नाम पर अभी संशय बना हुआ है। बदली हुई सियासी परिस्थितियों में इन दोनों सीटों पर गांधी परिवार से उम्मीदवार आने की संभावना कम है। ऐसे में अमेठी से ब्राह्मण और रायबरेली से दलित उम्मीदवार पर विचार चल रहा है। इसी तरह वाराणसी, सीतापुर, झांसी, अमरोहा, सहारनपुर सहित कई सीटों पर उम्मीदवारों के नाम करीब-करीब तय हैं। अन्य सीटों पर दो से तीन नामों पर विचार चल रहा है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का कहना है कि प्रदेश से उम्मीदवारों के नाम, वोटबैंक की स्थिति आदि का विवरण भेजा गया है। कांग्रेस संसदीय बोर्ड की बैठक में इस पर अंतिम मुहर लगने के बाद सूची सार्वजनिक होगी।

# दिव्य अनुभूति मेला में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा राज्य निधि योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों को एक ही स्थल पर एकत्रित कर उनके हुनर, कला को सम्मान देना तथा समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए चार दिवसीय प्रदर्शनी एवं कार्यशाला दिव्य अनुभूति मेला 04 मार्च तक अवध शिल्पग्राम, अमर शहीद पथ लखनऊ में आयोजित किया जा रहा है।मेला के दूसरे दिन राजकीय संकेत विद्यालय लखनऊ, समेकित विशेष माध्यमिक विद्यालय, लखनऊ, राजकीय प्रयास विद्यालय, लखनऊ, बचपन डे केयर सेन्टर तथा स्वैच्छिक संस्थासक्षम सेवा संस्थान, चेतना सेवा संस्थान, सेन्टफान्सिस स्कूल फॉर हियरिंग इम्पायार्ड, पायसम, वाणीप्रदा, सीमा सेवा संस्थान, स्टडी हॉल दोस्ती, नेशनल ऐशेसिएसन फार ब्लाइन्ड, मोहान रोड, लखनऊ के छात्र व छात्राओं द्वारा कार्यक्रम में आमंत्रित दिव्यांगजनों द्वारा सुधा चन्द्रन नृत्य प्रतियोगिता सामूहिक, एकल फेस पेन्टिंग प्रतियोगिता, ओपन चेस प्रतियोगिता एवं विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का प्रस्तुतीकरण किया गया है। इसके अतिरिक्त स्पर्श राजकीय दृष्टि बाधित बालिका इण्टर कॉलेज, मोहान रोड, लखनऊ में अध्ययनरत् दृष्टिबाधित छात्राओं द्वारा विभिन्न गीतों झूमर-झूमर, देश रंगीला-रंगीला, बच्चे मन के सच्चे, नानी तेरी मोरनी को चोर ले गया, राम भक्त ले चला राम की निशानी का प्रस्तुतीकरण किया गया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# अमेठी की जनता ने जातिवाद, परिवारवाद और वंशवाद की राजनीति को नकारा

## केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने विधानसभा संचालन समिति, कोर कमेटी एवं प्रबुद्ध जनों की बैठक को किया संबोधित

जन एक्सप्रेस। अमेठी



आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर शनिवार को अमेठी लोकसभा एवं विधानसभा संचालन समिति,कोर कमेटी की बैठक हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने की।तथा कार्यक्रम का संचालन लोकसभा संयोजक दयाशंकर यादव ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार अमेठी में भारतीय जनता पार्टी की पुनः ऐतिहासिक जीत होगी। आप सभी कार्यकर्ताओं के बल पर भारतीय जनता पार्टी आज देश ही नहीं,अपितु विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई है।कार्यकर्ता संगठन की रीड की हड्डी है।उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की योगी सरकार द्वारा कराए जा रहे अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने करोड़ों परिवारों को शौचालय मुहैया करा कर बहन बेटियों की आबरू को सुरक्षित किया। तथा स्वच्छता अपनाते हुए अनेक बीमारियों को भगाने का कार्य किया।महिलाओं को उज्जवला गैस प्रधान कर धुएं से छुटकारा दिलाने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में आज भारत विश्व गुरु के पथ पर अग्रसर है।देश ही नहीं दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। देश का सर्वांगीण विकास हो रहा है। ऐसे में अमेठी की लोकप्रिय सांसद दीदी स्मृति जुबिन इरानी को पिछली बार की अपेक्षा कई गुना अधिक मतों से विजई बनाने के लिए आप सभी कार्यकर्ता कमर कस लें। और जनता के बीच में जाते हुए जनता को सरकार की योजनाओं से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि देश में करोड़ों परिवार को प्रतिमाह मुफ्त अनाज मिल रहा है।अयोध्या में हम सभी के आराध्य सनातन धर्म के गौरव भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बन चुका है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर की स्थापना हो चुकी है।जम्मू कश्मीर से धारा 370 समाप्त कर मोदी सरकार ने एक भारत अखंड भारत का संदेश दिया है। आज कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा लहरा रहा है।नौजवानों को रोजगार देने का काम भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ने किया है। महिलाओं को स्वालंबी बनाते हुए महिला सशक्तिकरण का कार्य भारतीय जनता पार्टी कर रही है। युवाओं के लिए रोजगार के अनेक अवसर मोदी सरकार उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बाबा का बुलडोजर गरज रहा है। अपराधी उत्तर प्रदेश की सीमा छोड़कर चले गए हैं।

केंद्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह ने कहा कि उन्होंने कहा कि देश की जनता ने परिवारवाद,जातिवाद और वंशवाद को नकार दिया है। जो कार्य राहुल गांधी ने 15 साल सांसद रहते हुए अमेठी में नहीं किया। उससे अधिक कार्य पांच साल में अमेठी सांसद एवं केंद्रीय मंत्री दीदी स्मृति ईरानी ने अमेठी में किया है। आज अमेठी नामदारो के लिए नहीं बल्कि कामदारों के लिए जानी जाती है।

आज अमेठी अपने विकास के लिए और स्मृति इरानी के लिए दुनिया में जानी जाती है। अमेठी, गौरीगंज, जगदीशपुर, तिलोई और सलोन सभी विधानसभाओं के संचालन समिति एवं लोकसभा के सदस्यों तथा विधानसभाओं की कोर कमेटी के सदस्यों तथा क्षेत्र के मतदाताओं की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार भारतीय जनता पार्टी 400 प्लस के साथ सरकार बनाएगी। ऐसे में सभी कार्यकर्ता अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए लोकसभा चुनाव के कार्य में लग जाए।

इस दौरान प्रमुख रूप से कलस्टर प्रभारी एवं कैबिनेट मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नन्दी जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्रा, लोकसभा संयोजक दया शंकर यादव, लोकसभा प्रभारी राजकिशोर रावत, प्रदेश मंत्री जिला प्रभारी शंकर गिरी, तिलोई विधायक राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र सिंह, विधायक सलोन अशोक कोरी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि, दुर्गेश त्रिपाठी पूर्व जिलाध्यक्ष जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह, पूर्व विधायक चन्द्रप्रकाश मिश्र मटियारी, सुधांशु शुक्ला भवानी दत्त दीक्षित राकेश त्रिपाठी, अशोक मौर्य सहित लोकसभा एवम विधानसभा संचालन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

भाजपा का प्रबुद्ध सम्मेलन संपन्न

# इस बार चुनाव एकतरफा ही रहेगा : केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर




शनिवार को पं. राम नरेश त्रिपाठी सभागार में भाजपा का प्रबुद्ध सम्मेलन संपन्न हुआ है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। केंद्रीय मंत्री ने गठबंधन पर दो टूक कहा, पहले भी आप देख चुके हैं। इस बार वन साइडेड चुनाव रहेगा।

वहीं मीडिया से बात करते हुए मंत्री ने ये भी कहा नवजवान फस्ट टाइम वोट करेगा। उसने 2014 का जमाना नहीं देखा जब बेहाली ही बेहाली थी। हर नवजवान ये इंतजार कर रहा था कब मौका मिले देश से कूचकर के कही दूसरे देश चला जाए। क्योंकि यहां कोई भविष्य है नहीं। भाई भतीजा वाद, पक्षपात, और भ्रष्टाचार है। विशिष्ठ अतिथि यूपी सरकार के मंत्री नंद गोपाल नंदी ने अपने संबोधन में कहा 56 इंच के सीने वाले प्रधानमंत्री को आप बागडोर देते हैं तो आतंकी थर-थर कांपते हैं। उन्होंने कहा कांग्रेस की सरकार में तमाम आतंकी घटनाएं होती थी। आतंकवादी सर चढ़कर बोलते थे। हम घरों में चैन से सोते थे सेना बॉर्डर पर हमारी सुरक्षा के लिए जागती थी। उसके सिर काटकर के ले जाया जाता था। यूपीए की सरकार में मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री होते थे और वो कहते थे इसको हम बर्दाशत नहीं करेंगे, इसका हम करारा जवाब देंगे। कड़े शब्दों में हम इसकी निंदा करते हैं। लेकिन जब एक 56 इंच के सीने वाले प्रधानमंत्री को इस देश की आप बागडोर देते हैं और वो एक प्रधान सेवक के रूप में बैठते हैं तो आतंकी थर थर कांपते हैं। मंत्री नंदी ने आगे कहा, 2019 में हमारे सीआरपीएफ जवानों पर उन्होंने घात लगाकर हमला किया तो उनको उनकी भाषा में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेना ने सर्जिकल स्ट्राइक करके, घर में घुसकर के मारकर के जवाब दिया। पहले दो देश ऐसे थे जो अपने दुश्मन से बदला लेते थे। एक अमेरीका एक इजराइल। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तीसरी महाशक्ति के रूप में देश उबरा है। आज चीन और पाकिस्तान की हिम्मत नहीं है कांप जाता है वो भी। कार्यक्रम में डीएम कृतिका ज्योत्सना ने केंद्रीय मंत्री का पहुंचकर स्वागत किया।

यहां भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. आरए वर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष जगजीत सिंह छ्गू, सुशील त्रिपाठी, जिला प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी, एमएलएसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### रेल ट्रैक पर मेमो ट्रेन से कटा वृद्ध, मौत

**जन एक्सप्रेस/सुल्तानपुर।** वाराणसी-लखनऊ रेल मार्ग पर एक वृद्ध की मेमो ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। बताया जा रहा है आज मृतक की बेटी की शादी की तारीख रखी जानी थी। मामला पखरौली स्टेशन के पश्चिम पखरौली फतेपुर गांव के पास का है। जानकारी के अनुसार कोतवाली देहात क्षेत्र के वाराणसी-लखनऊ रेल खंड के पखरौली फतेपुर गांव के पास आज एक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर मौत हो गई। रेलवे ट्रैक पर दुर्घटना होने के बाद मेमो के पायलट ने इसकी सूचना सुलतानपुर स्टेशन मास्टर को दी। दुर्घटना की सूचना स्टेशन अधीक्षक ने स्थानीय पुलिस को दी जिसके आधार पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू की। मृतक के शव के पैंट की जेब एक दवा का पर्चा मिला।

## लचर कानून व्यवस्था पर कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, लगाए सीएम विरोधी नारे

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर




उत्तर प्रदेश की लचर कानून व्यवस्था को लेकर शनिवार को कांग्रेसी सड़क पर उतर आए। सुल्तानपुर में कलेक्ट्रेट के सामने कांग्रेसियों ने रामपुर में दलित छात्र की हत्या को लेकर सीएम सेम-सेम के नारे लगाए। कांग्रेसियों ने राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन भी प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में कांग्रेसी प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और यहां धरने पर बैठ गए। सूचना मिलते ही नगर कोतवाली श्रीराम पाण्डेय दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। कांग्रेसी जिलाधिकारी कार्यालय के सामने बैनर पोस्टर लेकर सड़क पर बैठे और भ्रष्ट प्रशासन मुर्दाबाद के भी लगाए। कांग्रेसियों ने पांच सूत्रीय ज्ञापन राज्यपाल को भेजा है। ज्ञापन में कांग्रेसियों ने मांग की है कि रामपुर रामपुर में दलित छात्र सुमेश की पुलिस ने हत्या की है। इसका संज्ञान लेकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाए। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में आईआईटी बीएचयू कैंपस में छात्रा से गैंगरेप हुआ उस परिवार को न्याय दिया जाए।

ज्ञापन में लम्भुआ और जयसिंहपुर क्षेत्र में पेट्रोल पंप पर हुई लूट के खुलासे की मांग की गई है।

# एडी मलेरिया ने सर्वजन दवा सेवन अभियान का लिया जायजा

जन एक्सप्रेस। अमेठी

जनपद में चल रहे सर्वजन दवा सेवन आईडीए अभियान की प्रगति जानने के किए स्वास्थ्य निदेशक और अपर निदेशक मलेरिया डा. भानु प्रताप सिंह कल्याणी ने ब्लॉक बहादुरपुर के पूरे समसी, पूरे विंधा गांव का भ्रमण किया।इस दौरान उन्होंने घर घर जाकर सर्वजन दवा सेवन अभियान के विषय में जानकारी ली। उन्होंने ग्रामीणों से दवा सेवन में बारे में पूछा ।ग्रामीण चंद्रावती ने बताया कि फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन करने के बाद उन्हें चक्कर आना,जी मचलना की समस्या हुई। इस पर डॉक्टर कल्याणी ने कहा कि आपके शरीर में फाइलेरिया के परजीवी थे। फाइलेरिया रोधी दवा सेवन के बाद परजीवियों के मरने के कारण यह प्रतिक्रिया दिखी है। आने वाले भविष्य में आप फाइलेरिया ग्रसित हो सकती थी।

इससे आपका बचाव हो गया है। यह प्रभाव तो सकारात्मक प्रभाव है। डॉ.कल्याणी ने लोगों से कहा कि फाइलेरिया लाइलाज बीमारी है।तथा फाइलेरियारोधी दवा का सेवन और मच्छरों से बचाव ही प्रमुख उपाय है। तत्पश्चात डॉ. कल्याणी ने फुरसतगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर निरीक्षण किया। जहां पर बूथ का अवलोकन करते हुए दवा खिलाने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी ली। इस कार्यक्रम के दौरान जिला मलेरिया अधिकारी शेषधर द्विवेदी, उप जिला मलेरिया अधिकारी सुशील कुमार, मलेरिया इंस्पेक्टर प्रदीप तिवारी और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फुरसतगंज का स्टाफ उपस्थित रहे।



### एनटीपीसी में साप्ताहिक योग शिविर का हुआ शुभारंभ

**जन एक्सप्रेस/ऊंचाहार, रायबरेली।** एनटीपीसी ऊंचाहार स्थित कर्मचारी विकास केंद्र की ओर से परमेश्वरी योग समिति के सहयोग से साप्ताहिक योग शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर का विषय श्योग शिविर एवं तनाव प्रबंधनश् रखा गया। शिविर का उद्देश्य योग के माध्यम से तनाव प्रबंधन करना और जीवनशैली में योग को शामिल करने के महत्व से सभी को जागरूक करना है। योग शिविर के शुभारंभ अवसर पर परियोजना प्रमुख मनदीप सिंह छाबड़ा ने उपस्थितजन से कहा कि योग प्राचीन भारतीय परंपरा एवं संस्कृति की अमूल्य देन है। दैनिक जीवन में योग को शामिल करने से जहां एक ओर तनाव मुक्त जीवन जिया जा सकता है वहीं दूसरी ओर शरीर को रोग मुक्त बनाने में योग अत्यंत लाभकारी सिद्ध होता है। शिविर के पहले दिन ऋषि विद्या सागर ने योग, प्राणायाम व ध्यान के महत्व को बताते हुए कहा कि योग का अभ्यास करने की कला व्यक्ति के मन, शरीर और आत्मा को नियंत्रित करने में मदद करती है।

# मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

जन एक्सप्रेस। अमेठी



नेहरू युवा केन्द्र अमेठी की उपनिदेशक डॉ आराधना राज के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत शनिवार को विकास खण्ड जामो में ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कबड्डी, वालीबॉल खो-खो, रस्साकसी, का आयोजन किया गया। तथा मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। यह कार्यक्रम कार्यक्रम प्रभारी व जिला संयोजक राघवेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। इस प्रतियोगिता को अजीत सिंह, दीपक शुक्ला, अवनीश श्रीवास्तव ने सम्पन्न कराया। प्रतियोगिता में कबड्डी का फाइनल मैच जामों व हरगांव के बीच हुआ। जिसमें जामों विजेता हुई, खो खो का मैच सम्भई व कमालपुर के बीच खेला गया।

जिसमें सम्भई विजयी हुई। बॉलीबाल लोरिकपुर व परशुरामपुर के बीच खेला गया। जिसमें लोरिकपुर विजयी हुई। रस्साकसी हरगांव व जामों के बीच हुआ। जिसमें हरगांव विजयी हुई। सभी विजेता व उपविजेता टीमों को प्रमाण पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर जयदीप त्रिपाठी, लक्ष्मी मिश्रा, सुधा सिंह सहित समस्त अध्यापक गण व युवा उपस्थित रहे। इसी क्रम में ब्लाक जगदीशपुर में कार्यक्रम प्रभारी विवेक पाण्डेय के नेतृत्व में ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सोनू सिंह चन्देल,दिनेश बीडीसी, प्रवेश दीक्षित, अमरजीत सहित काफी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

### सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मन्त्री गडकरी से हुई सीता वन गमन पथ बनाने की मांग

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** भाजपा महिला मोर्चा ने राजकीय इंटर कालेज के मैदान में पधारे केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से माता सीता बन गमन पथ बनाने की मांग किया। भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुधा अवस्थी ने श्री गडकरी को प्रस्तुत मांग पत्र में कहा कि त्रेता युग में माता सीता को बाल्मीकि आश्रम पेरियार उन्नाव भेजा गया था, वह मार्ग सीता वन गमन पथ के रुप में बनना चाहिए। श्रीमती अवस्थी ने कहा कि पेरियार उन्नाव से पुरवा, मौरावां, बछरावां ,महराजगंज, सेमरौता, राजाफत्तेपुर, जगदीशपुर एन एच से जोड़ दिया जाए तो हलियापुर होकर सीधे अयोध्या धाम पहुंच जाएगा। इससे उद्योग नगरी कानपुर से धर्म नगरी अयोध्या सीधा मार्ग होगा और लोगों को उन्नाव लखनऊ बाराबंकी का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। इस मांग पर श्री गडकरी ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# सामूहिक विवाह योजना के तहत 64 ने लिए फेरे, 2 का पढ़ाया गया निकाह

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर



ब्लॉक पीपी कमैचा में शनिवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत 66 जोड़े एक दूसरे के हो गए। 64 जोड़ों ने सात फेरे लेकर जहां हिंदू रीति रिवाज से विवाह कराया वही दो जोड़ों ने निकाह पढ़ाया।

गरीब परिवार की बेटियों की शादी के लिए प्रदेश सरकार ने सामूहिक विवाह योजना शुरू की है। ऐसे में आज इसी योजना के तहत पीपी कमैचा ब्लॉक पर ब्लॉक प्रमुख सुषमा जयसवाल की अध्यक्षता में 64 जोड़ों का विवाह संपन्न हुआ। जिसमें 64 जोड़ों का हिंदू रीति रिवाज एवं 2 जोड़े का मुस्लिम रीति रिवाज से विवाह संपन्न हुआ।

इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख सुषमा जयसवाल ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया। उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शासन से प्राप्त बजट से पीपी कमैचा ब्लॉक में आज 66 जोड़ों की शादी कराई गई। इस योजना के तहत कन्या के खाते में 35 हजार रुपए भेजे जाएंगे, जबकि 10 हजार रुपए का सामान के लिए वह रू.6000 विवाह संपन्न करने के लिए दी जाती है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी देवनायक सिंह, समाज कल्याण अधिकारी एसएन यादव, एपीओ मनरेगा मोहम्मद वसीम खान, भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अरुण जायसवाल, प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमरदेव सिंह, जिलाध्यक्ष मनोज गोस्वामी, ब्लॉक समन्वयक प्रतिमा जायसवाल, ग्राम प्रधान रवि कुमार निषाद छापर ग्राम प्रधान कोथरा, देवी प्रसाद वर्मा एवं सैकड़ो की संख्या में अभिभावक एवं परिजन मौजूद रहे।

# भाजपा ने अरविंद श्रीवास्तव को बनाया रायबरेली सदर विधानसभा का संयोजक

जन एक्सप्रेस। रायबरेली




लोकसभा चुनाव हेतु रायबरेली में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराने के लिए भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट को रायबरेली सदर विधानसभा की जिम्मेदारी सौंपी है। जिला अध्यक्ष की संस्तुति पर प्रदेश नेतृत्व द्वारा जहाँ अरविंद श्रीवास्तव को सदर विधानसभा का संयोजक नियुक्त किया गया, वहीं सदर क्षेत्र के लिए संगठनात्मक रूप से चुनाव प्रबन्धन समिति भी घोषित कर दिया।

संयोजक नियुक्त होने के बाद भाजपा नेता अरविंद श्रीवास्तव ने पार्टी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि भाजपा की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग को सीधे मिल रहा है, जिस कारण से जनता ने फिर से केन्द्र में भाजपा की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने का संकल्प ले लिया है। रायबरेली में सदर विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण बैठक शहर के प्रभूटाउन में सम्पन्न हुई, जिसमें संचालन समिति के सभी सदस्यों ने एक स्वर से रायबरेली लोकसभा में भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी को जिताने का संकल्प लिया। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं सदर विधानसभा के प्रभारी पशुपति शंकर बाजपेयी ने आह्वान किया है कि कार्यकर्ता अभी से चुनाव की तैयारी में लग जाए। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव, विजय रस्तोगी, संतोष गुप्ता, रवि दीक्षित, सुरजीत कश्यप, इन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, आकांक्षा शुक्ला, दीप माला तिवारी, प्रखर चौरसिया, सभासद धर्मेन्द्र द्विवेदी, सभासद परमजीत गांधी, राजेश अग्रवाल, राजेंद्र निगम, राकेश मल्होत्रा सहित पैंतालीस सदस्यीय चुनाव प्रबंधन समिति की घोषणा की गई। कार्यकम का संचालन भाजपा नेता स्वामी जितेन्द्र भारतीय द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर पूर्वी के अध्यक्ष अभिषेक वर्मा, बेलाभेला मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, अमाँवा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह, राही मंडल अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडेय, दीपमाला तिवारी, विजय रस्तोगी, संतोष गुप्ता, राकेश मल्होत्रा, अनुज मौर्य, विवेक शुक्ला, विशेष रूप से उपस्थित रहें।

### जमानत पाकर पहली ही तारीख पर नदारद रहे राहुल गांधी, 13 को कोर्ट करेगी सुनवाई

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** कर्नाटक चुनाव में पांच वर्ष पूर्व अमित शाह के विरुद्ध अभद्र टिप्पणी के मामले में राहुल गांधी जमानत पाते ही कोर्ट में पेशी से गोल हो गए। 20 फरवरी को कोर्ट के विशेष जज योगेश यादव ने 25-25 हजार मुचलके पर जमानत दी थी। वही आज इस मामले में अब 13 मार्च को सुनवाई की तिथि नीयत की है। राहुल गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने बताया कि आज एमपीएमएलए कोर्ट संख्या 15 में राहुल गांधी का स्टेटमेंट यानी बयान मुल्जिम की तारीख नियत थी। मुझे सूचना मिली कि राहुल गांधी भारत जोड़ों न्याय यात्रा के अंतर्गत राजस्थान के बाड़मेर से निकलकर मध्य प्रदेश में संपन्न होगी। इसी आशय में संबंधित प्रार्थना पत्र मेरे द्वारा न्यायालय में दिया गया। जिस पर न्यायालय ने 13 मार्च की अगली सुनवाई नियत की है। अगली सुनवाई पर राहुल गांधी हाजिर होंगें या नहीं यह मैं नहीं बता सकता लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि राहुल न्यायालय का सम्मान करते हैं और वह इसका सहयोग कर रहें हैं और आगे भी करेंगे। अगर परिस्थितियां ठीक रही तो निसंदेह वह आयेंगे।

# डबल इंजन की भाजपा सरकार में लगातार निर्दोष लोगों की हो रही हत्याएं, सरकार अपराध रोकने में असफल : पंकज तिवारी

जन एक्सप्रेस। रायबरेली




रामपुर में अनुसूचित जाति के 17 वर्षीय लड़के सुमेश की उत्तर प्रदेश पुलिस की फायरिंग में मौत हो जाने और पुलिस द्वारा आनन फानन में अंतिम संस्कार किये जाने के विरोध में जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा 5 सूत्रीय ज्ञापन महामहिम राज्यपाल जी को सम्बोधित, जिलाधिकारी को सौंपा गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष पंकज तिवारी ने कहा कि रामपुर के सिलाइबरा गांव के एक पार्क में बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जी की तस्वीर लगाने के विवाद में 10वीं की परीक्षा देकर घर वापस लौट रहे 17 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई जो दुभार्ग्यपूर्ण है, उन्होने कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार में लगातार निर्दोष लोगों की हत्याए हो रही है और सरकार अपराध रोकने में असफल हो रही है। शहर अध्यक्ष धीरज श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ''जस्टिस फॉर सुमेश'' के तहत पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और न्याय मिलने तक कांग्रेस पार्टी संघर्ष जारी रखेगी, उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है, अपराधी बेखौफ घूम रहे है। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी ने मांग की है कि मृतक के परिवार को एक करोड़ रूपये का मुआवजा दिया जाये, घटना में गम्भीर रूप से घायलों को 50 लाख रूपये, मृतक परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, घटना में दोषियों को कड़ी सजा एवं घटना की न्यायिक जांच कराने की मांग की गई है। इस अवसर पर अतुल सिंह, वी0के0 शुक्ला, निर्मल शुक्ला, सईदुल हसन, वीरेन्द्र यादव, अजीत सिंह, महेश शर्मा, नौशाद खतीब, मुन्ना घोसी, सर्वोत्तम मिश्रा, अभय सिंह, प्रमोद पाण्डेय, मो0 हुसैन, सुनील कुमार, हाजी उस्मान, मनोज मिश्रा, अंकुर सिंह चैधरी, अरशद अली, सोनू खान, बाबू यादव, प्रवीण कुमार, अजमत अली, मो0 गौस, अनीस अंसारी, मोहम्मद मुश्ताक, विपिन कुमार, अंशुमान गांधी, सत्येन्द्र श्रीवास्तव, मो0 सलीम, जीतू तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का फंदे से लटकता मिला शव

**जन एक्सप्रेस/सुलतानपुर।** अगई गांव निवासी नंदलाल ने पुलिस को तहरीर देते हुए इस बात का उल्लेख किया है कि उसका पुत्र वीरू (24) शुक्रवार शाम पांच बजे घर से निकला था। देर शाम तक जब वो नहीं लौटा तो हम सबने उसकी तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। शनिवार को उसका शव मेरे नए मकान के बड़ेर में साड़ी से लटकता मिला है। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव का पंचायतनामा भर करके शव पोस्टमार्टम में भेजा है। थानाध्यक्ष पंडित त्रिपाठी ने बताया कि जांच की जा रही है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्य विकास अधिकारी ने सैनिक स्कूल का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/अमेठी।** मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने शनिवार को सैनिक स्कूल का निरीक्षण किया ।लेफ्टिनेंट कर्नल गीता महाडीक प्रिंसिपल सैनिक स्कूल अमेठी ने सीडीओ स्वागत किया। और स्कूल में चल रही विभिन्न बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, पहले एक दिनों में आसमान साफ रहेगा और शेष दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहेंगे लेकिन बारिश की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 25.6 (-0.2)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 10.0 (-1.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 93 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 38 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.4 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# दि लायर्स एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण संपन्न

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा



**कानपुर नगर।** दि लायर्स एसोसिएशन के सभागार में शनिवार को दि लॉयर्स एसोसिएशन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह हुआ। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुये। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सदस्य/पूर्व अध्यक्ष बार काउंसिल उत्तर प्रदेश अमरेंद्र नाथ सिंह, सदस्य पूर्व उपाध्यक्ष सचिव बार काउंसिल उत्तर प्रदेश अंकज मिश्रा की गरिमा में उपस्थिति में संपन्न हुआ।

**लायर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ली शपथ**

अध्यक्ष पद पर श्याम नारायण सिंह, महामंत्री पत्र पर अभिषेक तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष हर्ष कुमार, उपाध्यक्ष अमितेश सिंह सिंगर, कोषाध्यक्ष कपिल देव राय सिन्हा, संयुक्त मंत्री प्रशासन संतोष कुमार यादव, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय राजेश सिंह, संयुक्त मंत्री प्रकाशन मनीष गौड़, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर आनंद स्वरूप शुक्ला, अशफाक अहमद खां, प्रमोद भदौरिया, जय बहादुर सिंह गौतम, जयंत जायसवाल, राजेंद्र कुमार शुक्ला। कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद पर पवन कुमार पांडे, चंद्रमौली अवस्थी, वरुण सिंह, विजेंद्र सिंह यादव, अश्वनी कुमार यादव रोहित कुमार मिश्रा अधिवक्ताओं ने शपथ ग्रहण की।

# किसानों को दी उर्द एवं मूंग की बुवाई करने की सलाह

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मृदा वैज्ञानिक डॉ.खलील खान ने शनिवार को किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की। उन्होंने बताया कि असामयिक वर्षा के कारण फसलों में अभी नुकसान होने की संभावना नहीं है। लेकिन ओले या तेज हवाएं चलने पर फसल में नुकसान हो सकता है। उन्होंने किसानों को गेहूं की फसल में सिंचाई बंद करने तथा खेत में अधिक पानी भरने की दशा में जल निकास का प्रबंध करने की सलाह दी। डॉ. खान ने बताया की सरसों की फलियां 75 फीसदी सुनहरे रंग की होने पर ही फसल की कटाई करनी चाहिए जिससे कि फलियों से दाना न झड़ने पाए। उन्होंने किसानो को मौसम साफ होने पर उर्द एवं मूंग की बुवाई करने की सलाह दी।

# अराजक तत्वों ने पार्षद का इस्तीफा किया वायरल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

महानगर के ग्वालटोली वार्ड 4 के निर्दलीय पार्षद अंकित मौर्य का इस्तीफा अराजक तत्वों के द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल करने से हड़कंप मच गया। आनन फानन में ग्वालटोली वार्ड 4 के निर्दलीय पार्षद अंकित मौर्य ने वायरल हुए इस्तीफे का खण्डन किया। क्षेत्रीय थाना ग्वालटोली में लिखी शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।निर्दलीय पार्षद अंकित मौर्य का कहना है की उन्होंने ग्वालटोली वार्ड 4 से पार्षदी का चुनाव लड़ कर जीत हासिल की और भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता बीजेपी की नीति और योजनाओं से प्रभावित हो कर ग्रहण की है।

## जासूसी के आरोप में दस साल की सजा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। बीते दिन शनिवार को एडीजे 8 की कोर्ट ने पाकिस्तानी जासूस फैसल रहमान उर्फ गुड्डू को सजा सुनाई है। फैसल रहमान उर्फ गुड्डू रांची झारखंड का रहने वाला था जो कि आईएसआई के लिए जासूसी करता था,इस जासूस को सन 2011 मे एसटीएफ ने रेल बाजार थाना क्षेत्र स्थित मरी कंपनी पुल के पास से गिरफ्तार किया था। फैसल रहमान को गिरफ्तार कर 212(1), 120B, जैसी गंभीर धाराओं मे जेल भेजा गया था, गुड्डू पर आरोप था कि कानपुर मे रह कर उसके द्वारा कैंट की गोपनीय सूचनाएं पाकिस्तान भेजी जा रही थीं। फैसल रहमान पाकिस्तान बड़ा जासूस था। गिरफ्तार होने से पहले कई सूचनाएं ये जासूस पाकिस्तान पहुंचा चुका था। शनिवार को अलग अलग धाराओं मे इस जासूस को दस दस साल व सात सात साल की सजा सुनाकर दस हजार रुपए के जुर्माना की सजा सुनाई गई है।

# कानून व्यवस्था को लेकर कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ़ किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रदेश में कानून व्यवस्था को भयावह बताते हुए प्रदेश व्यापी जिला स्तरीय विरोध प्रदर्शन के अंतर्गत शहर कांग्रेस कमेटी कानपुर उत्तर के अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी के नेतृत्व मे फूलबाग स्थित गांधी प्रतिमा पर विशाल धरने का आयोजन किया गया। धरने मे उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुये शहर कांग्रेस उत्तर अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न अंचलो मे जहां ''कही पेड़ पर लटकी नाबालिक बहनो के शव तो कही ईटो से कुचलकर जघन्य हत्या की वारदातो को अंजाम दिया जा रहा है तो कही भाजपाईयो द्वारा आईआईटी-बीएचयू कैम्पस मे गैंगरेप का दुस्साहसपूर्ण कुकृत्य तो कही न्याय न मिलने पर आत्महत्या के लिए महिला जज को मजबूर होना पड़ रहा है

धरने मे प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष पूर्व विधायक संजीव दरियाबादी, शैलेन्द्र चतुर्वेदी भईया जी, ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष अमित पाण्डेय, मदन मोहन शुक्ला, आलोक मिश्रा, पवन गुप्ता, दिलीप शुक्ला, डा0 आरके जगत, लल्लन अवस्थी, सैमुअल लकी सिंह, अतहर नईम, राजेश गौतम, तुफैल अहमद खान, अजय त्रिपाठी, शकील मंसूरी, रोशनी चैधरी, संतोष गुप्ता, संजय सोनकर, हरिराम कटियार, जियाउर्रहमान अंसारी, अमिताभ मिश्रा, जावेद जमील उस्मानी, दिनेश बाजपेई, हरीश गुप्ता, संजय शिखर, सुरेन्द्र भदौरिया, सिकन्दर खान, राजेश निगम गांधी, आतिफ रहमान, राजकुमार कुशवाहा व संजय बाथम आदि प्रमुख रुप से सम्मलित थे।

# संकल्प पत्र सुझाव अभियान लेकर पहुंचेगा मोदी की गारंटी वाला रथ

जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा



**कानपुर नगर।** भाजपा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में संकल्प पत्र तैयार करने के लिए विकसित भारत, संकल्प पत्र सुझाव अभियान के अंतर्गत मोदी की गारंटी वाला रथ प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में निकाला जाएगा। इस अभियान के तहत 15 मार्च तक सुझाव जुटाने के लक्ष्य को लेकर लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख चौराहों, मंदिरों गली मोहल्लों, सार्वजनिक स्थलों में पहुंचने वाली वैन मोदी सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के साथ-साथ लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र के लिए उनके सुझाव जुटाने का काम भी करेगी। यह जानकारी केशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में शनिवार को भाजपा बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि 15 मार्च तक लोगों से सुझाव जुटाने का लक्ष्य है। जिसके आधार पर संकल्प पत्र तैयार किया जाएगा। जनता के सुझाव हासिल करने के लिए केशव नगर स्थित भाजपा कार्यालय, लोकसभा केंद्रीय कार्यालय, सभी विधानसभा क्षेत्रों में सुझाव पेटिका लगाई जाएंगी। पार्टी के मोबाईल नंबर 9090902024 पर मिस्ड कॉल के साथ ही सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, और नमो ऐप पर अलग-अलग प्रावधान किया है। उन्होंने बताया कि घोषणा पत्र के लिए सुझाव एकत्रित करने के लिए विभिन्न प्रमुख स्थानो बाजार, बस्ती, साप्ताहिक बाजार, मंडी, कचहरी, स्कूल, कॉलेज आदि जैसे भीड़ भाड़ वाले स्थान पर सुझाव पेटिका लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के अंतर्गत वीडियो वैन के माध्यम से विभिन्न वर्गों के साथ संवाद किया जाएगा और उनके सुझावों को भी संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा तथा मिस्ड्कॉल के माध्यम से जुड़ने वाले लोगों को फोन कॉल कर उनके सुझाव पूंछे जाएंगे और जनता के जवाब रिकार्ड होकर केंद्रीय नेतृत्व तक पहुंचेंगे। इसके अलावा व्हाट्सएप, एक्स, वॉइस मैसेज के माध्यम से भी जनता अपना संदेश पार्टी तक पहुंचा सकेगी व नमो ऐप पर अलग सेक्शन बनाया गया है जहां जनता सीधे अपना सुझाव दे सकती है। इस अवसर पर सांसद सत्यदेव पचौरी, शिवराम सिंह, विधायक महेश त्रिवेदी, संकल्प पत्र सुझाव अभियान के क्षेत्रीय संयोजक मोहित पाण्डेय, मनीष त्रिपाठी, जितेंद्र सचान, अंकित शर्मा आदि मौजूद रहे।

# 80 से अधिक स्टॉल लगाकर किया उत्पादों का प्रदर्शन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

भारत सरकार सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय एमएसएमई विकास कार्यालय द्वारा आयोजित दो दिवसीय नेशनल वेंटर डेवलपमेंट प्रोग्राम एवं एमएसएमई एक्सपो 2024 के समापन दिवस पर शनिवार को एक्सपो में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों विभागों बैंक एवं एमएसएमई इकाइयों ने 80 से अधिक स्टॉल लगाकर अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर एमएसएमई विकास कार्यालय के सहायक निदेशक एस.के. अग्निहोत्री ने एमएसएमई मंत्रालय की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी। सरस एवं सुगंध विकास केंद्र के सहायक निदेशक डॉ. भक्ति विजय शुक्ला ने एमएसएमई उद्यमियों से आवाहन किया कि आप लेमन और लैवेंडर ग्रास की खेती कर उसके आयल से परफ्यूम बनाने वाली तकनीक संबंधी उद्यम स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। इसके साथ ही तन्मय तिवारी, राजेंद्र राव, राजीव मिश्रा, पवन कुमार शर्मा एवं एस.के.शुक्ला आदि ने इस उद्यम संबंधी जानकारी दी। कार्यक्रम में सहायक निदेशक एस.के. पांडे, अमित बाजपेयी, नीरज कुमार, सुभाष चन्द, के.पी. शील, मिश्रीलाल सहित 100 उद्यमी मौजूद रहे।

# इंडिया गठबंधन का माहौल तैयार कर जनता से करेगें वोट की अपील : फजल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर के नगर पदाधिकारियों कार्य समिति के सदस्यों विधानसभा अध्यक्षों प्रकोष्ठ के अध्यक्षों की मासिक बैठक सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में सपा कार्यालय साथ नवीन मार्केट में संपन्न हुई बैठक का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू ने किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने अपने संबोधन में कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव बहुत नजदीक है सपा के जोन सेक्टर प्रभारी बूथ कमेटिया कमर कसकर चुनाव मैदान में उतरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं सिर्फ इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी की घोषणा होना बाकी है चुनाव की तिथियां की घोषणा होते ही सपा का एक-एक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और ईमानदारी से गठबंधन के प्रत्याशी को चुनाव लड़ा कर कानपुर महानगर का इतिहास बदलकर इंडिया गठबंधन का परचम फहराएगा महागठबंधन में सपा कांग्रेस दोनों संगठन आपस में सामंजस बनाकर चुनाव मैदान में उतरेंगे तथा दोनों दलों के नेता और कार्यकर्ता टोलिया बनाकर नगर की पांचो विधानसभा क्षेत्र में घर-घर जाकर जनता से संपर्क स्थापित कर भाजपा की छात्र नौजवान किसान जन विरोधी नीतियों से जनता को अवगत कराकर कानपुर शहर में इंडिया गठबंधन का माहौल तैयार करके महागठबंधन के प्रत्याशी को वोट देने के लिए जनता से अपील करेंगे बैठक में महानगर के अध्यक्ष हाजी फजल महमूद महानगर के महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू आनंद शुक्ला महेंद्र सिंह बड़े ठाकुर फकरे आलम अंसारी अर्पित त्रिवेदी दीपक खोट शादाब आलम राहुल वर्मा अरमान खान सुलेखा यादव सत्यनारायण गहरवार नवीन जय नीरज पप्पू मिर्जा दीपा यादव वरुण जायसवाल प्रदीप तिवारी मुमताज मंसूरी सुधीर बाजपेई सानू कुरेशी अनुराग मिश्रा इनायत उल्लाह अंसारी मोहम्मद शादाब गोविंद सिंह पूजा यादव अहमद विनोद तिवारी विनोद यादव काले खान तौसीफ सिद्दीकी मोहम्मद नसीम मनोज राजपूत राम जी सविता मुन्नेखा रवि गुप्ता अमित अनिल चौबे आदि सैकड़ो लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# गाय की गर्दन और टांगे मिलने से मचा हड़कंप

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में शनिवार को थाना ग्वालटोली क्षेत्र अंतर्गत परेड मछली बाजार के पास जंगलों में गाय की कटी गर्दन और उसके पैर पड़े देखकर हडकंप मच गया। जिस व्यक्ति की गाय थी उसे सूचना पहुंची तो उसके द्वारा पुलिस विभाग को सूचना देकर मौके पर बुलाया गया। जैसे ही यह खबर पुलिस विभाग के साथ-साथ शहर में फैली तो हड़कंप मच गया। आनन फानन में ग्वालटोली थाने के फोर्स के साथ ए.सी.पी. कर्नलगंज पहुंचें थोड़ी ही देर में घटनास्थल पर खुद पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार भी पहुंच गए और उन्होंने पूरी जानकारी लेते हुए आरोपियों को चिन्हित कर आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि थाना ग्वालटोली क्षेत्र में निवास करने वाले श्याम नारायण की गाय बीती 1 मार्च की रात्रि को जब आंधी तूफान आया था तब कहीं गायब हो गई। श्याम नारायण और उनका परिवार पूरी रात्रि गाय को को ढूंढता रहा लेकिन वह नहीं मिली और सुबह उनके ही मिलने वालों के द्वारा उन्हें सूचना देकर बताया गया कि उनकी गाय मृत अवस्था में परेड के मछली बाजार खलवा के पास जंगलों में पड़ी हुई है। मौके पर पुलिस टीम ने पहुंचकर जांच पड़ताल की है और आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

# ईवीएम मशीन के विरोध मे महारैली

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

ईवीएम मशीन के विरोध में सामाजिक संगठन का संयुक्त मंच आज महा रैली करने जा रहा है जिसके लिए जीआईसी ग्राउंड लाल इमली चौराहे पर एक विशाल प्रदर्शन किया जाएगा और ईवीएम हटाओ देश बचाओ के नारे के साथ प्रदर्शन किया जाएगा, सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं का कहना है कि ईवीएम मशीन से वोटिंग करने के विरोध में जीआईसी ग्राउंड लाल इमली चौराहे पर महा रैली का आयोजन किया जाएगा।

## टिकट फाइनल होने पर सांसद ने भोले के आगे माथा टेका

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। केन्द्रीय चुनाव समिति मे होने वाले आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उत्तर प्रदेश से 51 नामों का चयन किया गया है। इस चुनाव समिति की बैठक जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व मे हुई थी। उत्तर प्रदेश के कानपुर देहात अकबरपुर से एक बार फिर देवेंद्र सिंह भोले को लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट मिला है। टिकट मिलते ही देवेंद्र सिंह भोले अपने समर्थकों के साथ आनंदेश्वर शिव मंदिर दर्शन करने के लिए पहुंच गए। जिसके उपरान्त भोले पनकी हनुमान मंदिर भी गए। मंदिर मे पूजा अर्चना के बाद महादेव और हनुमान जी का आशीर्वाद भी लिया। सांसद भोले ने प्रदेश व केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि संगठन ने जो उन पर भरोसा जताया है उस पर कार्यकर्ताओं द्वारा मिल रहे अपार स्नेह को देखते हुए भारत के यशश्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदरदास मोदी के अबकी बार 400 पार के माले मे अकबरपुर लोकसभा का भी एक कमल का फूल होगा। सांसद देवेंद्र सिंह भोले को टिकट मिलने पर भाजपा लोकसभा चुनाव संचालन समिति के संयोजक दिनेश राय, प्रभारी राजेश तिवारी, जिला अध्यक्ष दीपू पांडे, शीलू पांडे, मीडिया प्रभारी अशोक सिंह दद्दा, उमेश निगम, शैलेंद्र त्रिपाठी, संतोष कुमार शुक्ला ने बधाई देते हुए भाजपा नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट मिष्ठान वितरण कर प्रसन्नता व्यक्ति की।

# शिक्षकों को कमीशन न देना पड़ा भारी, रुका 4 माह का वेतन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित स्कूलों के शिक्षक अधिकारियों की उपेक्षा के चलते खस्ताहाल जिंदगी जीने को मजबूर हो रहे हैं। इनका विगत 4 माह से वेतन रुका हुआ है जिसकी वजह से 25 स्कूलों के शिक्षकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रोजमर्रा की जरूरतें और बच्चो की फीस पूरी करने के लिए दिन प्रतिदिन शिक्षको की परेशानी बढ़ती जा रही है। शनिवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित प्राइमरी स्कूल और सिलाई कढ़ाई स्कूल के शिक्षक समाज कल्याण अधिकारी के कार्यालय पहुंचे और घेराव करते हुए वेतन रिलीज करने की मांग की। जिला समाज कल्याण अधिकारी त्रिनेत्र सिंह ने वेतन रिलीज करने में असमर्थता जता दी।

शिक्षको ने आरोप लगाते हुए बताया कि कमीशन के चलते उनका वेतन रिलीज नहीं किया जा रहा जबकि निदेशक समाज कल्याण द्वारा जिला समाज कल्याण अधिकारी को फोन और पत्र के माध्यम से वेतन रिलीज करने के निर्देश जारी किए जा चुके है।

लेकिन जिला समाज कल्याण अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी विकास और समाज कल्याण विभाग की उप निदेशक कानपुर मंडल फर्जी जांच के नाम पर उनका वेतन रोके हुए है। उन्होंने बताया कि कमीशन बाजी के चलते उनका 4 माह का वेतन रिलीज नहीं किया जा रहा है। जिसकी वजह से उनके परिवार आर्थिक संकट का सामना कर रहे है। इससे पहले ऐसा कभी नहीं हुआ है। जल्द ही उनका वेतन रिलीज नहीं किया गया तो वह आमरण अनशन करने को बाध्य हो जायेगे जिसकी जिम्मेदारी तीन अधिकारियो की होगी।

# स्टंट बाजों का सरगना सुभान रैनी कब होगा गिरफ्तार?



जन एक्सप्रेस फॉलो अप
कानपुर नगर

## युवकों को कारों से स्टंटबाजी करना पड़ा महंगा, भेजे गए जेल



शहर के चमनगंज थाना क्षेत्र के हलीम मुस्लिम कॉलेज चौराहे पर बीती 28 फ़रवरी की रात्रि को कुछ शरारती युवकों द्वारा कारों से स्टंट बाजी कर एक गरीब रिक्शे वाले समेत एक अन्य को घायल कर दिया गया था। इस दौरान इन स्टंट बाजों ने बहुत लोगों की जान मुसीबत में डाल दी थी। पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर चार टीमें में इन स्टंट बाजों को गिरफ्तार करने के लिए लगाई गई थी। इस मामले में बीती एक मार्च को चार युवकों को गाड़ियों समेत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है लेकीन असली आरोपी सुभान रैनी अभी भी पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा है।

आपको बताते चलें कि डीसीपी सेंट्रल से संबद्ध थाना नजीराबाद, थाना फजलगंज, थाना बजरिया और साथ ही थाना चमनगंज की पुलिस टीम ने स्टंटबाजी करने वाले चार युवकों को दबोचा था।

एक मार्च को प्रेस कॉन्फ्रेंस में जानकारी देते हुए डीसीपी सेंट्रल राम सेवक गौतम ने बताया कि बीती 28 फ़रवरी की रात्रि को कुछ अज्ञात कार चालकों के द्वारा थाना चमनगंज के हलीम मुस्लिम कॉलेज चौराहे पर अपनी-2 कारों से स्टंट करते हुए सड़क पर गाड़ियां लहराते व उतावलेपन से शोरगुल करते हुए तथा उपेक्षापूर्ण गाड़ी चलाते हुए जिससे आम जनमानस में जीवन संकट की स्थिति उत्पन्न हो गयी और लोग अपनी-2 जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे जिसके सन्दर्भ में पुलिस आयुक्त के निर्देशानुसार पुलिस टीम द्वारा उक्त घटित घटना के क्रम में अभियोग दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज की मदद से आरोपियों के वाहन की पहचान बरामदगी के लिए चार टीमें गठित की गयी। जिनके द्वारा 05 चार पहिया वाहनों की बरामदगी व कुल 4 आरोपी मो0सुहेल पुत्र मो0इब्राहीम निवासी 103/205 वसीरगंज थाना बजरिया, मो0नवील पुत्र मो0शकील निवासी 42/160 मेस्टन रोड़ थाना मूलगंज, मो0 सेफ पुत्र जमालुददीन निवासी म0न0 10 मीरपुर केन्ट थाना रेलबाजार वा अल्तमश अहमद पुत्र सरफराज अहमद निवासी 100/10 कर्नलगंज को गिरफ्तार किया गया था।

**सुभान रैनी की बर्थडे पार्टी पर हुई थी स्टंट बाजी**

बीते दिन विश्वसनीय सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि जिस दिन यह स्टंट बाजी की घटना हुई है। उस दिन शातिर सुभान रैनी का बर्थडे था चमनगंज बजरिया कर्नलगंज बेकनगंज क्षेत्र में सुभान रैनी की दहशत कायम है। डी टू गैंग के कई शातिर अपराधियों का सुभान रैनी के गैंग पर संरक्षण बना हुआ है। जिस दिन यह स्टंट बाजी की घटना हुई थी सुभान रैनी और उसके कई अपराधी साथी भी उसके साथ थे सूत्रों का तो यहां तक दावा है कि हमेशा इन लोगों के पास पिस्टलें रहती है कार में पिस्टल भी थी। लोगों को हैरत इस बात की है। कि जो मुख्य स्टंट बाजी का आरोपी था सुभान रैनी वह अभी तक पुलिस की गिरफ्त से क्यों फरार है। विश्वसनीय सूत्रों का दावा है कि कुछ पुलिस कर्मी सुभान के संरक्षण दाता हैं इसी कारण उसे बचाया जा रहा है। जन एक्सप्रेस जल्द ही सुभान रैनी को संरक्षण देने वाले पुलिस वालों का भी खुलासा सबूत के साथ करेगा।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# पाकिस्तान को हैवानों ने बना दिया 'ना' पाकिस्तान

**ह्यूमैनिटेरियन समाचार पोर्टल जस्ट अर्थ ने यह भी कहा था कि पाकिस्तान ऑनलाइन बाल शोषण के मामले में दुनिया में तीसरे नंबर पर है। पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों खासकर हिंदुओं के साथ होने वाली ज्यादती छुपी नहीं है। पाकिस्तान से जान बचाकर आए हिंदू भारत के अलग-अलग हिस्सों में शरणार्थी बनकर जिंदगी जीने को मजबूर हैं। एक साल पहले राजस्थान के जोधपुर और जैसलमेर में इन शरणार्थियों के घरों को प्रशासन ने उजाड़ दिया था। इस घटना से इनका दर्द सुर्खियों में आ गया था। इनकी कहानियां कलेजा चीरने के लिए काफी हैं।**

*पाकिस्तान में कम उम्र के लड़के और लड़कियां न तो अपने घरों के भीतर महफूज हैं और न ही बाहर। इस मुल्क के प्रतिष्ठित जिओ न्यूज चैनल की वेबसाइट पर उपलब्ध यह रिपोर्ट सभ्य समाज के लिए चिंताजनक है। यह रिपोर्ट बाल संरक्षण के लिए काम करने वाले एक गैर-लाभकारी संगठन साहिल ने गुरुवार को जारी की है। इस रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2023 में कम से कम 4,213 बच्चों को दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। इस वर्ष औसतन प्रतिदिन 11 बच्चों को इस पीड़ा का सामना करना पड़ा। इस रिपोर्ट को क्रूएल नंबर्स 2023 शीर्षक से पाकिस्तान के राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सहयोग से जारी किया गया है। आयोग ने रिपोर्ट के हवाले से कहा है कि पिछले साल इस्लामाबाद, पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर और गिलगित बाल्टिस्तान समेत सभी चार प्रांतों से कुल 4,213 बाल दुर्व्यवहार के मामले सामने आए। रिपोर्ट से साफ है कि इन बच्चों का यौन शोषण ही नहीं किया गया, बल्कि उन्हें अपहरण कर बाल विवाह के दोजख के दावानल में झोंक दिया गया। साल 2023 में इस नरक से 2,251 लड़कियों और 1962 लड़कों को गुजरना पड़ा। इनमें से अधिक संख्या 6-15 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों की है। हद तो यह है कि हैवानों ने पांच वर्ष तक के बच्चों की आबरू पर डाका डाला। ऐसा करने में रिश्तेदार और परिवार के सदस्य भी पीछे नहीं रहे। आयोग की चेयरपर्सन राबिया जावेरी आगा का कहना है कि आंकड़े डरावने हैं। कुल 4,213 रिपोर्ट किए गए मामलों में से 75 फीसद पंजाब से, 13 फीसद सिंध से, सात प्रतिशत इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र से, तीन प्रतिशत खैबर पख्तूनख्वा और दो प्रतिशत बलूचिस्तान से हैं। आगा ने कहा, हमें बाल शोषण के मुद्दे को गंभीरता से लेना होगा। साहिल के आंकड़े वास्तव में क्रूर हैं, लेकिन एक वास्तविकता है जिसका हमें सामना करना होगा। इन चिंताजनक आंकड़ों को देखते हुए, यह दुखद है कि पाकिस्तान सरकार के पास अभी भी बाल शोषण पर कोई अधिसूचित राष्ट्रीय कार्ययोजना नहीं है। साहिल की कार्यकारी निदेशक मनिजेह बानो ने कहा कि पाकिस्तान के संविधान में अनुच्छेद 25-ए 5 से 16 साल तक मुफ्त शिक्षा प्रदान करता है। बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए इसे लागू किया जाना चाहिए। जीवन कौशल आधारित शिक्षा प्रदान करने के लिए पाठ्यक्रम में सुधार की सख्त जरूरत है। साहिल ने यह रिपोर्ट राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार पत्रों की खबरों के आधार पर तैयार की है। यह तो रही बात बच्चों के साथ जुल्म-ओ-सितम की। पाकिस्तान में अल्पसंख्यक भी महफूज नहीं हैं। पिछले साल जस्ट अर्थ न्यूज इस मसले पर एक रिपोर्ट छापी थी। इस रिपोर्ट में पाकिस्तान में हिंदू अल्पसंख्यक समूह के खिलाफ बढ़ते अपराधों का विश्लेषण किया गया। रिपोर्ट में सरकारी रवैये पर चिंता जताते हुए दावा किया गया था कि हिंदू अल्पसंख्यकों को जबरन धर्मांतरण से बचाने के लिए जबरन बातचीत निषेध अधिनियम 2021 का मसौदा कानून पर सुनवाई के बिना ही खारिज कर दिया गया। जस्ट अर्थ न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया कि पाकिस्तान में कम उम्र की लड़कियों को अगवा कर उनके साथ दुष्कर्म करने और धर्म परिवर्तन कराने की प्रथा आम हो गई है। मीडिया, नागरिक समाज और मानवाधिकार समूह ऐसे अपराध की उपेक्षा करते हैं क्योंकि ये लड़कियां निम्न आर्थिक और अल्पसंख्यक समुदायों से होती हैं।*

## एक्सप्रेस आलेख

**'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के अनुसार वन्य जीवों को विलुप्त होने से बचाने के लिए देश में सबसे पहले वर्ष 1872 में ब्रिटिश शासनकाल में 'वाइल्ड एलीकेंट प्रोटेक्शन एक्ट' बनाया गया था। उसके बाद वर्ष 1927 में वन्य जीवों के शिकार और वनों की अवैध कटाई को अपराध मानते हुए 'भारतीय वन अधिनियम' अस्तित्व में आया, जिसके तहत सजा का प्रावधान किया गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1956 में 'भारतीय वन अधिनियम' पारित किया गया और 1972 में देश में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने तथा अवैध शिकार, तस्करी और अवैध व्यापार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से 'वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972' लागू किया गया।**



योगेश कुमार गोयल

# विश्व वन्यजीव दिवस : पर्यावरण संतुलन के लिए बेहद जरूरी है वन्य जीवों का संरक्षण

**वर्ष 1983 में वन्य जीव संरक्षण के लिए 'राष्ट्रीय वन्य जीव योजना' शुरू की गई, जिसके तहत वन्य जीवों को इंसानी अतिक्रमण से दूर रखने और उनकी सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय पार्क और वन्य प्राणी अभयारण्य बनाए गए। जनवरी 2003 में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में संशोधन किया गया और अधिनियम के तहत अपराधों के लिए जुर्माना तथा सजा को अधिक कठोर बना दिया गया।**

वन्य जीव हमारी धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर मनुष्य ने उनके प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है और वनस्पतियों का भी सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम भी कहा जाता है। धरती पर अब वन्य जीवों और दुर्लभ वनस्पतियों की कई प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है। वन्य जीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत् विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवों में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। इन्हीं वन्य जीवों, वनस्पतियों और उनके आवासों को सुरक्षा प्रदान करने को वन्य जीव संरक्षण कहा गया है तथा इनके संरक्षण के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 3 मार्च को 'विश्व वन्यजीव दिवस' मनाया जाता है। प्रतिवर्ष यह दिवस एक खास विषय के साथ मनाया जाता है और इस वर्ष 'विश्व वन्यजीव दिवस' 'लोगों और ग्रह को जोड़ना- वन्यजीव संरक्षण में डिजिटल नवाचार की खोज' थीम के साथ मनाया जा रहा है। जीव-जंतुओं की तमाम प्रजातियां और वनस्पतियां मिलकर अत्यावश्यक पारिस्थितिकी तंत्र प्रदान करते हैं और सही मायनों में वन्य जीव हमारे मित्र है, इसीलिए उनका संरक्षण किया जाना बेहद जरूरी है। हमें भली-भांति यह समझ लेना चाहिए कि इस धरती पर जितना अधिकार हमारा है, उतना ही इस पर जन्म लेने वाले अन्य जीव-जंतुओं का भी है। लेकिन आज प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर दुनियाभर में संकट के बादल मंडरा रहे हैं। वन्यजीव दिवस मनाए जाने के उद्देश्यों में विभिन्न किस्म की वनस्पतियों तथा जीव-जंतुओं पर ध्यान केन्द्रित करना, उनके संरक्षण के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाना, पूरी दुनिया को वन्यजीव अपराधों के बारे में स्मरण करवाना और मनुष्यों के कारण इनकी प्रजातियों की संख्या कम होने के विरूद्ध कारवाई करना शामिल हैं। समस्त स्थलीय और जलीय जीवों के



**बहरहाल, प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह समझना बेहद जरूरी है कि वन्य जीवों का संरक्षण हम सभी की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि वन्य प्राणियों की विविधता से ही धरती का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है।**

लिए वन्य जीवों का बने रहना अत्यावश्यक है। हिन्दी अकादमी दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी चर्चित पुस्तक 'प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से यह उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे वन्य जीव पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते वन्य जीवों के आशियाने भी लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा दुनिया के जंगली जीवों और वनस्पतियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'विश्व वन्यजीव दिवस' के आयोजन का निर्णय लिया गया। महासभा ने यह सुनिश्चित करने में साइट्स की महत्वपूर्ण भूमिका को भी मान्यता दी ताकि वह सुनिश्चित कर सके कि अंतर्राष्ट्रीय व्यापार से प्रजातियों के अस्तित्व को खतरा नहीं है। ब्रिटिश काल से ही भारत में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने और बचाने के लिए कानूनी प्रावधान किए जाते रहे हैं लेकिन चिंता की बात यह है कि उसके बावजूद वन्यजीवों की अनेक प्रजातियां पिछली एक सदी में लुप्त हो गई हैं। विश्व वन्यजीव कोष (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ) की 'लिविंग प्लेनेट रिपोर्ट 2022' में कुछ ही महीने पहले चौंका देने वाला यह चिंताजनक खुलासा भी हुआ था कि पूरी दुनिया में विगत पचास वर्षों में वन्यजीवों की आबादी करीब सत्तर फीसदी कम हुई है, जिनमें स्तनधारी, पक्षी, उभयचर, सरीसृप, मछली इत्यादि जीव शामिल हैं। हर दो साल में प्रकाशित होने वाली इस रिपोर्ट में बताया गया है कि वन्यजीवों की आबादी दुनियाभर में कैसे प्रभावित हो रही है। 'प्रदूषण मुक्त सांसें' पुस्तक के अनुसार वन्य जीवों को विलुप्त होने से बचाने के लिए देश में सबसे पहले वर्ष 1872 में ब्रिटिश शासनकाल में 'वाइल्ड एलीकेंट प्रोटेक्शन एक्ट' बनाया गया था। उसके बाद वर्ष 1927 में वन्य जीवों के शिकार और वनों की अवैध कटाई को अपराध मानते हुए 'भारतीय वन अधिनियम' अस्तित्व में आया, जिसके तहत सजा का प्रावधान किया गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1956 में 'भारतीय वन अधिनियम' पारित किया गया और 1972 में देश में वन्यजीवों को सुरक्षा प्रदान करने तथा अवैध शिकार, तस्करी और अवैध व्यापार को नियंत्रित करने के उद्देश्य से 'वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम 1972' लागू किया गया। वर्ष 1983 में वन्य जीव संरक्षण के लिए 'राष्ट्रीय वन्य जीव योजना' शुरू की गई, जिसके तहत वन्य जीवों को इंसानी अतिक्रमण से दूर रखने और उनकी सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय पार्क और वन्य प्राणी अभयारण्य बनाए गए। जनवरी 2003 में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम में संशोधन किया गया और अधिनियम के तहत अपराधों के लिए जुर्माना तथा सजा को अधिक कठोर बना दिया गया। बहरहाल, प्रत्येक व्यक्ति के लिए यह समझना बेहद जरूरी है कि वन्य जीवों का संरक्षण हम सभी की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि वन्य प्राणियों की विविधता से ही धरती का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है।




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 08:43 तक |
| नक्षत्रः | अनुराधा 15:43 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | रविवार |
| योगः | हरषाना, 17:14 |
| सूर्योदयः | 06:47 |
| सूर्यास्तः | 18:18 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 16:52-18:18 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | फाल्गुन |
| शुभ मुहूर्तः | 12:10-12:56 |

## जन एक्सप्रेस

### जा रहे हैं छोड़ कर !

*मिल रहा है झटका ।*
*अब इनको हर बार ।।*
*जा रहे हैं छोड़ कर ।*
*करीबी समझदार ।।*
*है कमज़ोर कुनबा ।*
*गिरा दिल पर तीर ।।*
*दगा दे रहे वो भी ।*
*है जिनसे तक़दीर ।।*
*किस पर करें भरोसा ।*
*हैं लटके मझधार ।।*
*हुई कहा है ग़लती ।*
*ना थमी तकरार ।।*
*है नज़दीक चुनाव ।*
*ख़बर रहने वाली ।।*
*पड़ता जाए सूखा ।*
*दूर अभी हरियाली ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# निखरी त्वचा पाने के लिए खीरे के रस में मिलाकर लगाएं ये 5 चीजें

**स्किन** को ग्लोइंग और हेल्दी रखने के लिए खीरा बेहद फायदेमंद है। यह स्किन को हाइड्रेट और सॉफ्ट रखने के लिए भी फायदेमंद है। खीरे में एंटीऑक्सीडेंट और हाइड्रेटिंग गुण होते हैं, जो स्किन को हेल्दी रखने में मदद करते हैं। अगर खीरे में कुछ चीजें मिलाकर लगाई जाए, तो इससे त्वचा में निखार आता है।



**खीरे का रस और एलोवेरा:** खीरे के रस में एलोवेरा जेल मिलाने से आपकी स्किन हाइड्रेट रहती है। एलोवेरा और खीरा दोनों में ही हाइड्रेटिंग गुण होते हैं। ये स्किन को सॉफ्ट और स्मूद रखने में मदद करते हैं। इस मिक्सचर के लिए दो चम्मच एलोवेरा जेल में दो चम्मच खीरे का रस मिलाएं। कॉटन की मदद से इसे चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट तक लगाकर रखें। सूखने के बाद सादे पानी से चेहरा धो लें।

**खीरे का रस और दूध:** खीरे और दूध के मिश्रण से चेहरे से डार्क स्पॉट्स कम होंगे। इससे स्किन सॉफ्ट और ग्लोइंग भी बनी रहेगी। दो चम्मच कच्चे दूध में दो चम्मच खीरे का रस मिलाएं। इसे कॉटन की मदद से चेहरे पर लगाएं। साथ ही, कुछ देर चेहरे पर मसाज करें। इसे 10 मिनट तक लगाए और सूखने के बाद सादे पानी से चेहरा धो लें।

**खीरे का रस और दही:** खीरा और दही एक बेहतरीन कॉम्बिनेशन है। इससे टैनिंग, डल स्किन और डार्क स्पॉट्स से भी राहत मिलती है। साथ ही आपकी स्किन ग्लोइंग भी रहती है। इस मास्क के लिए 2 चम्मच खीरे के रस में 1 चम्मच दही मिक्स करें। इसे अच्छे से मिलाएं और 15 मिनट तक चेहरे पर लगाए रखें।

**खीरे का रस और आलू:** अगर आपकोडार्क सर्कल्स या डार्क स्पॉट्स की समस्या है, तो यह कॉम्बिनेशन काफी असरदार हो सकता है। आलू के रस से डार्क स्पॉट्स कम होते हैं। साथ ही, स्किन ग्लोइंग और सॉफ्ट भी बनी रहती है। बाउल में 2 चम्मच खीरे का रस और 2 चम्मच आलू का रस मिलाएं। इस मिक्सचर को चेहरे पर लगाएं। सूखने के बाद सादे पानी से चेहरा साफ कर लें।

**खीरे का रस और मुल्तानी मिट्टी:** अगर आप मुल्तानी मिट्टी और खीरे का फेस मास्क लगाते हैं, तो इससे आपको प्राकृतिक निखार मिलता है। मुल्तानी मिट्टी से त्वचा के डार्क स्पॉट्स भी कम होते हैं और चेहरे पर ग्लो आता है। बाउल में 2 चम्मच मुल्तानी मिट्टी लीजिए। इसमें 2 चम्मच खीरे का रस मिलाएं। पेस्ट बनाकर चेहरे पर लगाएं और सूखने के बाद सादे पानी से चेहरा धोएं। अगर आपकी स्किन सेंसिटिव है या आपको कोई स्किन प्रॉब्लम है। ऐसे में इन मिश्रण से परहेज करें। लेख में दी गई जानकारी पसंद आई हो, तो इसे शेयर करना न भूलें।

## एक्सप्रेस विशेष



डॉ ओ०पी० मिश्र

# क्या तीन लड़कों ने भाजपा की नींद उड़ाई?

**अखिलेश यादव की जो 2024 लोकसभा चुनाव पीडीए को आगे करके लड़ना चाहते हैं। पीडीए का मतलब है पिछड़ा, दलित अल्पसंख्यक। दरअसल पीडीए का पिछड़ा और अल्पसंख्यक के साथ ही गैर जाटव दलित भी अगर जुड़ गया तो भाजपा का सारा खेल बिगड़ सकता है।**

**अब देखना यह है कि चुनाव में किसको क्या मिलता है? मंडल-कमंडल की राजनीति किस मुकाम पर पहुंचती है तथा ओवैसी कितना नुकसान पीडीए का कर पाते हैं और भाजपा को फायदा पहुंचा पाते हैं। वैसे जिस तरह संघ भी चुनाव को लेकर भाजपा के साथ खड़ा हो गया है वह यह बताता है कि सब कुछ नॉर्मल नहीं है।**

**पिछले** दिनों नई दिल्ली में संपन्न हुई भारतीय जनता पार्टी चुनाव समिति की बैठक में यह करीब करीब तय कर लिया गया है कि इस बार भाजपा सीनियर नेताओं के बजाय जूनियर नेताओं पर दाव लगाने के पक्ष में है। ऐसे में तमाम अनुभवी नेताओं का पत्ता साफ होना तय है क्योंकि भाजपा का लक्ष्य लगभग दो सौ युवा चेहरो को मैदान में उतरना है। वैसे ऐसा नहीं है कि अनुभवी नेता चुनाव जीत नहीं सकते या उनके खिलाफ उनकी लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं में कोई आक्रोश है। लेकिन चूंकि भाजपा का लक्ष्य 370 पार करना है तथा उत्तर प्रदेश की 80 की 80 सीटे और बिहार की 40 में से 35 सीटे हासिल करना उसका लक्ष्य है। इसलिए यह प्रयोग किया जा रहा है। यह प्रयोग कितना सफल होगा अभी कहना या बता पाना मुश्किल है? क्योंकि इस प्रयोग को असफल बनाने के लिए तीन लड़के पहले से मैदान में मौजूद हैं। आप सोच रहे होंगे कि यह तीन लड़के कौन है और वह किस तरह भाजपा की नींद उड़ाये हैं? इन तीन लड़कों में पहला नाम है कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा सांसद राहुल गांधी, दूसरा नाम है उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा सपा प्रमुख अखिलेश यादव तथा तीसरा नाम है बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तथा राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी यादव।

उत्तर प्रदेश तथा बिहार में इन तीनों नेताओं की मौजूदगी ने भाजपा को अपनी चुनावी रणनीति में बदलाव करना पड़ रहा है। क्योंकि उसे लग रहा है कि अगर पिछड़ा वर्ग के साथ दलित और मुस्लिम इंडिया के पास चला गया तो भाजपा को लेने के देने पड़ सकते हैं। वैसे तो भाजपा के पास पिछड़े वर्ग का एक बड़ा नेता यानि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो स्वयं भाजपा का रथ हॉक रहा है और सबको केवल चुनौती ही नहीं दे रहा है बल्कि बता रहा है कि मोदी तीसरी बार फिर आ रहा है। इसके बावजूद भाजपा के माथे पर सिलवटें आसानी से देखी जा सकती है क्योंकि राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिए पिछड़े, दलित, आदिवासी तथा अल्पसंख्यकों को न केवल जगा रहे हैं बल्कि यह भी बता रहे हैं कि तुम लोग बब्बर शेर हो। बस जग जाओ और होश में आ जाओ वरना तुम्हारे अधिकारों पर ऐसा डाका पड़ेगा की जिंदगी भर पछताओगे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी यात्रा के दौरान उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरी और बेरोजगारी तथा भ्रष्टाचार का भी मुद्दा काफी गर्म जोशी चीज से उठाया था। और बताया था कि पेपर लीक तो एक बहाना है तुमको नौकरी न देने का। राहुल गांधी के इन मुद्दों का कितना असर हुआ या आगे चुनाव में होगा? यह तो चुनाव बाद पता चलेगा लेकिन इस बहाने उन्होंने कमंडल और हिंदुत्व को कमजोर जरूर किया है। अब बात करते हैं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा सपा प्रमुख अखिलेश यादव की जो 2024 लोकसभा चुनाव पीडीए को आगे करके लड़ना चाहते हैं। पीडीए का मतलब है पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक। दरअसल पीडीए का पिछड़ा और अल्पसंख्यक के साथ ही गैर जाटव दलित भी अगर जुड़ गया तो भाजपा का सारा खेल बिगड़ सकता है। तभी तो सपा प्रमुख अखिलेश यादव कहते हैं कि उत्तर प्रदेश से ही आए थे और उत्तर प्रदेश से ही जाएंगे। अब जाएंगे या नहीं जाएंगे या तो बहस का तो विषय हो सकता है लेकिन इसके परिणाम क्या होंगे यह तो चुनाव बाद ही पता चलेगा। अब अगर बात बिहार की कि जाए तो वहां भी पिछड़े वर्ग तथा मुस्लिम वर्ग का एक बड़ा वोट बैंक राजद नेता तेजस्वी यादव के साथ है जिसमें भाजपा तमाम कोशिशें के बावजूद अब तक सेंध नहीं लगा पाई है। यद्यपि भाजपा ने तेजस्वी यादव और नीतीश कुमार की जोड़ी को जरूर अलग कर दिया है लेकिन उससे भाजपा को मनवांछित फल मिल जाएगा कहां नहीं जा सकता। यही वह सबसे बड़ा कारण है जिसके चलते भाजपा परेशान है और उसे लग रहा है कि युवाओं को लुभाने तथा उनके सपनों को साकार कराने का जिम्मा यदि चुनाव में नए चेहरे और युवा चेहरे के जिम्मे रहा तो पार्टी को सफलता मिल सकती है। इसके बावजूद भाजपा के माथे पर सिकन बरकरार है और कानून अपना काम कर रहा है। आप कानून इन तीनों लड़कों का कितना नुकसान कर पाता है यह तो भविष्य के गर्भ में है। लेकिन इतना तो अब आम मतदाता भी समझने लगा है कि ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई आदि चुनावो के दौरान ही क्यों अधिक सक्रिय होती हैं? अब यह तीन लड़के सरकारी एजेंसियों का मुकाबला कैसे करेंगे? यह तो समय-समय पर पता चलता जाएगा । लेकिन ऐसे में सपा प्रमुख अखिलेश यादव का वह बयान बहुत महत्वपूर्ण है जिसमें वह कहते हैं कि अगर हम पीडीए के लिए लड़ रहे हैं तो इस तरह की रुकावटें तो आएंगी ही और हम उनका मुकाबला पहले भी करते रहे हैं अब करेंगे। सरकारी एजेंसियों का मुकाबला राहुल गांधी को भी करना है हेराल्ड मामले में करना है और जवाब भी देना है।

# मुलभूत सुविधाओं से वंचित है मोहल्ला हिदायत नगर

जन एक्सप्रेस | सुनहरा

* वर्तमान सभासद शमशुल हसन ने जिला अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में मोहल्ला हिदायत नगर की समस्याओं से अवगत कराया
* नाले व कब्रिस्तान पर अवैध रूप कब्जा करने वालों के विरुद्ध आखिर कब होगी कार्रवाई



**लखीमपुर खीरी।** मोहल्ले का सभासद मोहल्ले का मुखिया जो जिसके लिए मोहल्ले वासियों की सुविधा समस्या सरकारी योजनाएं साफ सफाई मोहल्ले वासियों के सुख-दुख में शरीक रहना यही सच्चाई है इसी तरह अपने अंदर जज्बा रखने वाले वार्ड 24 हिदायत नगर शहर लखीमपुर के वर्तमान सभासद ने जिला अधिकारी को दिए शिकायती पत्र में कहा है।की हमारे वार्ड हिदायत नगर में मुख्य समस्या आंगनवाडी व नलकूप, नन्हें मुन्ने बच्चों के विद्यालय, पार्क, व कूड़ा डलाव सरकारी कब्रिस्तान जैसी विषम समस्याएं है जब कि वार्ड में ऐसा नहीं है वार्ड में जमीन नहीं है बल्कि सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा लोगों द्वारा कब्जा कर लिया है।जब कि सरकार का स्पष्ट आदेश है किसी भी कहीं भी सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा व अतिक्रमण बर्दास्त नहीं किया जाएगा उसे तत्काल कब्जा मुक्त कराया जाए वार्ड न0 24 हिदायत नगर एक मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र है लगभग 30,000 हजार की आबादी होने के बावजूद मूलभूत समस्याओं से जूझ रहा है जब किसी का मृत्यु होती है तो मोहल्ले से लगभग 5 किलोमीटर गोटैया बाग कब्रिस्तान है।तथा दूसरा नौरंगाबाद कब्रिस्तान दूरी लगभग 3 किमी जबकि प्यारेपुर में सरकारी कब्रिस्तान गाटा सं0 30/309 मौजूद है।जिसपर किसान कब्जा करें हुए है। और खेती कर रहे हैं।जिससे लोगों को काफी दिक्कते होती है अगर यह कब्रिस्तान कब्जा मुक्त करा दिया जाए तो पांच मोहल्ले वासियों को काफी सहुलियत होगी जैसे हिदायत नगर, सुआगाडा, घोसियाना, प्यारेपुर शहपुराकोठी,के वासियों की समस्याएं खत्म हो जाएगी जबकि नबीन परती गाटा संख्या-289 151, 152, 221, 222 169 आदि मौजूद है। लेकिन आदि भूमि पर किसानों व भूमाफियों के कब्जे में है अगर कब्जा मुक्त करा लिया जाएतो जनहित में उपरोक्त सारी समस्यों का हल हो सकता है। मोहल्ले में नाले व रास्ते पर अतिक्रमण जो (ह्-ँ-) मोहल्ला प्यारेपुर 1426 गाटा संख्या 44 जो रास्ता व नाला की अभिलेख व नक्शा में अंकित है। जिस पर भू माफियों द्वारा पूर्व मे विक्रय कर दिया गया है जब कि सौजन्या चौक से होते हुए कचेहरी चौराहा होते हुए हिदायत नगर व प्यारे पुर के बीच में यह नाला जो के गिरता है उक्त गाटा संख्या की जमीन पर अवैध मकान बना कर कब्जा कर लिया गया है जिससे रास्ता बचा न नाला मौके पर 5 से 6 फिट चौडा रह गया है जिसकी सफाई वगैराह नहीं हो सकती जब कि नाले व रास्ते की जमीन व नाले की जमीन लगभग 100 फिट है हल्की बरसात होने पर नाला उफान मार देता है वार्ड जलभराव हो जाता है आने वाले समय में कभी भी गम्भीर संकट खड़ा हो सकता है अगर यह नाला व रास्ता की जमीन सरकारी आदेशानुसार खाली करवा ली जाए तो भविष्य मे आने वाले संकट से बचा जा सकता है। सभासद मोहल्ले की समस्याओं को जिला अधिकारी व उप जिलाधिकारी को अवगत करा दिया है देखते हैं की अवैध रूप से नाले कब्रिस्तान पर कब्जा करने वालों के विरुद्ध प्रशासन नकेल कसता है कि मामला आगे इस काम से सुनने के बाद उस कान से निकाल दिया जाएगा जैसा की होता भी आया है।

## सड़क बनाने के लिए मोहल्ले वासियों ने लगाई गुहार

जन एक्सप्रेस | मोहम्मदी खीरी



नगर में मंडी समिति से मोहल्ला सरैया तक जाने वाली नगर को जोड़ने वाली सड़क पिछले काफी सालों से अपनी बदहाल खस्ता हाल पर आशू बहा रही है इस सड़क के निर्माण की ओर कोई भी जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं देना चाहता है जिससे नगर में मोहल्ला मण्डी, सरैया सहित आस पास के लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है मोहल्ले वासियों ने भी कई बार सड़क बनाने को लेकर जिम्मेदारों से कहा लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ कुछ मोहल्ले वासियों से पूछे जाने पर उन्होंने बताया की बारिश हो जाने पर हम लोगों को बहुत अधिक परेशानी हो जाती है नाले का पानी रोड पर भर जाता है और हम लोगो के घरों तक में पानी भर जाता है बरसात में पानी इतना भर जाता है कि रोड भी दिखाई नहीं देता हैं और यहां पहले भी वायरस की वजह से कई बच्चों की मौतें भी हो चुकी हैं और उसके बाद दोबारा भी गंभीर बीमारी फैली थी जिसमें भी कई लोगों की मौतें हो चुकी हैं इसलिए यहां राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सांसद रेखा वर्मा और विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह भी आए थे और लोगों से हाल-चाल जाना था और कई जिम्मेदार अधिकारी भी आए लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है अभी भी नालों का पानी रोड पर भर जाता है जिसका कोई भी जिम्मेदार समाधान नहीं करना चाह रहा है समाधान के तौर पर थोड़ी बहुत मिट्टी, राबिस, ईट टुकड़े गड्ढों में डालकर मिट्टी डाल दी जाती है फिर वही होता है की बारिश में मिट्टी राबिस बह जाती हैं विधानसभा और लोकसभा चुनाव में भी इस सड़क के निर्माण के लिए मोहल्ले वासियों से वादे किए गए लेकिन सड़क निर्माण कार्य नही हुआ नगर के मोहल्ला सरिया मोहल्ले से जुड़ी मंडी समिति रोड मुख्य सड़क शाहजहांपुर राज्य मार्ग को जोड़ती है सड़क में गहरे गहरे गड्ढे हो गए हैं जिससे आये दिन कोई न कोई चोटिल होता रहता है लेकिन कोई भी जिम्मेदार इस समस्या के समाधान की ओर ध्यान नहीं देना चाहते है मोहल्ले के लोगों ने बताया की सड़क निर्माण की मांग कर चुके हैं लेकिन इस गंभीर समस्या के ओर जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।

## सीएम योगी ने जिले के आठ अन्नपूर्णा भवनों का वर्चुअल लोकार्पण कर किया समर्पित

जन एक्सप्रेस | लखीमपुर खीरी



शनिवार को राजधानी लखनऊ से सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के 1100 (जनपद लखीमपुर खीरी के आठ) अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अन्नपूर्णा भवनों (मॉडल उचित दर दुकानों) का वर्चुअल लोकार्पण कर जनमानस की सेवा में समर्पित किया। इस पूरे कार्यक्रम की खीरी में लाइव स्ट्रीमिंग हुई।लोकार्पित होने वाले अन्नपूर्णा भवनों पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुए, जिसमें जनप्रतिनिधियो, अफसरो और ग्रामीण ने सीएम के उद्बोधन को देखा और सुना। कार्यक्रम का सफल संयोजन डीएसओ अंजनी कुमार सिंह ने किया।तहसील, ब्लॉक सदर की ग्राम पंचायत मिदनिया गढ़ी में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, प्रमुख, क्षेत्र पंचायत (सदर) दिव्या सिंह, सांसद प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय, डीएसओ अंजनी कुमार सिंह, डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी, बीडीओ ज्ञानेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। इसके बाद लखनऊ कार्यक्रम का संजीव प्रसारण देखते हुए सीएम के उद्बोधन सुना गया। इसके बाद डीएम, सीडीओ, ब्लॉक प्रमुख ने पूजन अर्चन कर भौतिक रूप से शिलापट का अनावरण और फीता काटकर लोकार्पित किया। तहसील, ब्लॉक मोहम्मदी की ग्राम पंचायत बलमिया बडखर में बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धौरहरा सांसद रेखा अरुण वर्मा ने बीडीओ और पूर्ति निरीक्षक की उपस्थित में पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर भौतिक रूप से अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण एवं राशन वितरण कार्यक्रम की शुरुआत की। इससे पूर्व सीएम के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग भी हुई। ब्लॉक कुम्भी गोला की ग्राम पंचायत अल्लीपुर में विधायक के प्रतिनिधि जवाहर लाल वर्मा एवं ब्लाक प्रमुख, कुम्भी की उपस्थिति में लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ। ब्लॉक रमियाबेहड़ की ग्राम पंचायत में विधायक धौरहरा विनोद शंकर अवस्थी ने खंड विकास अधिकारी डॉक्टर सुशांत सिंह के साथ अन्नपूर्णा भवन का भौतिक लोकार्पण किया।इसके अलावा अफसरों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में बॉकेगंज की ग्राम पंचायत पहाड़पुर, बेहजम की ग्राम पंचायत बहादुरपुर, पसगवाँ ब्लॉक की पसगवा ग्राम पंचायत, निघासन ब्लाक की ग्राम पंचायत नौरंगाबाद मे अन्नपूर्णा भवन लोकार्पण कार्यक्रम आयोजित हुआ।

**राशन दुकानों के अपग्रेडेशन के संबंध में अन्नपूर्णा उचित दर दुकान एक महत्वपूर्ण कदम: डीएम**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि खाद्य एवं रसद विभाग की राशन दुकानों के अपग्रेडेशन के संबंध में अन्नपूर्णा उचित दर दुकान एक महत्वपूर्ण कदम है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि अन्नपूर्णा मॉडल दुकान में राशन कार्डधारकों को निर्धारित तिथियों में खाद्यान्न का वितरण किया जाएगा। इसके लिए इलेक्ट्रॉनिक कांटे एवं ई-पॉस मशीन का उपयोग किया जाए। इस कार्यक्रम में डीसी मनरेगा विपिन कुमार चौधरी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अवधेंद्र सिंह, ग्राम्य विकास के अधिकारी कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में राशन कार्डधारक मौजूद रहे।

## पुरातन छात्र सम्मेलन का आयोजन कर छात्रों द्वारा किये गए सांस्कृतिक कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस | सीतापुर




देश ही नही अपितु विश्व के कई देशों में जवाहरलाल नेहरू पॉलिटेक्निक के सैकड़ों छात्र अपनी सेवा देकर संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। इस संस्थान की स्थापना 1976 में कई गई थी। संस्थान में सिविल, इलेक्ट्रॉनिक, कम्प्यूटर विज्ञान, कृषि विज्ञान, डेरी सहित कई अन्य महत्वपूर्ण प्राविधिक विषयों में सैकड़ों छात्र प्रतिवर्ष शिक्षा पूर्ण कर विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दे रहें हैं। उक्त बातें जवाहरलाल नेहरू पॉलिटेक्निक महमूदाबाद के संस्थापक अध्यक्ष पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डॉ. अम्मार रिजवी ने शनिवार को संस्था परिसर में आयोजित पुरातन छात्र सम्मेलन में कहीं। उन्होंने कहा कि संस्था के वह गौरवशाली छात्र-छात्राएं जो उच्च पदों पर सेवा देने के साथ अन्य क्षेत्र में कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं वह अपने पुरातन विद्यालय को आगे बढाने में तन मन धन से सेवा के लिए आगे आएं। कार्यक्रम में संस्थान के पूर्व प्राचार्य आरजे वर्मा, जेएन प्रजापति, अवधराम मौर्य, रमेश श्रीवास्तव, संजीव अवस्थी, आरएन सक्सेना , मोहम्मद अहमद खान, केएन दीक्षित के साथ कई सेवानिवृत्त प्रवक्ता व शिक्षकों को पुरातन छात्र समिति के एके श्रीवास्तव, आनन्द किशोर, आरपी चौबे, देवेंद्र खरे, रेखा श्रीवास्तव आदि ने माल्यार्पण कर अंगवस्त्र भेंट स्वागत किया। संस्थान की स्टेनोग्राफर ट्रेड की वर्ष 1990 की प्रदेश टापर छात्रा बीना ने संस्था के छात्रों को सफलता के सूत्र बताये। पुरातन छात्र समिति के एके श्रीवास्तव ने अपनी पुरानी संस्था के विकास के लिए हर सम्भव सहायता पहुंचाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर संस्था स्थापना वर्ष के पहले बैच से लेकर अब तक संचालित बैच के सैकड़ों पुरातन छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन शरद चंद्र मिश्र ने किया। इस मौके पर सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के चेयरमैन रमेश वाजपेयी, कमल वर्मा, अशोक पटेल सहित बडी संख्या में शिक्षक और छात्र मौजूद रहे।



## आपदा मित्रों एक दिवसीय फर्स्ट रेस्पॉन्ड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ सम्पन्न

जन एक्सप्रेस | मोहम्मदी खीरी

शनिवार कोसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदी में विकासखंड मोहम्मदी के आपदा मित्रों एक दिवसीय फर्स्ट रेस्पॉन्ड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।जिसमे तेरह आपदा मित्रों ने सहभागिता की।शिविर में भूकंप, मार्ग दुर्घटना,आग दुर्घटना,भवन दुर्घटना इत्यादि में घायल लोगों को किस प्रकार से सीपीआर और फर्स्ट रेस्पॉन्ड देकर एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र या जिला मुख्यालय भेजना है यह प्रशिक्षण दिया गया।डॉ कुलदीप ने प्रशिक्षु को बताया कि घायल रोगियों को चार कैटेगरी में बांटा गया है जिसमें रेड टैग,ब्लैक टैग,ग्रीन टैग और येलो टैग की श्रेणी है।जिसमें गंभीर रूप से घायल रोगियों को रेड टैग में रखा गया है जिन्हें प्राथमिकता के आधार पर उपचार देकर सबसे पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजना है,उसके बाद ग्रीन श्रेणी में सामान्य चोट लगे रोगियों को रखा गया है जिन्हे नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र भेजना है।डॉक्टर सानू राठौर ने प्रशिक्षु को बीपी,पल्स तथा सीपीआर का प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला का संचालन डॉक्टर एस के शुक्ल ने किया। इस अवसर पर फार्मासिस्ट विनीत गुप्ता, अमित श्रीवास्तव तथा प्रेम वर्मा उपस्थित रहे। केंद्र अधीक्षक डॉ मयंक मिश्रा ने आशा व्यक्ति की प्रशिक्षित आपदा मित्र किसी भी आपदा स्थिति में क्षेत्र के लोगों को सहयोग कर सकेंगे।

## 4 ऑटोलिफ्टर सहित की मोटरसाइकिल के कटे पुर्जे बरामद, पुलिस को मिली भारी सफलता

जन एक्सप्रेस | सीतापुर

पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण हेतु जनपद पुलिस को वृहद एवम् सघन चेकिंग के लिये कठोर निर्देश दिए गए हैं। तभी सघन चेकिंग के दौरान थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा 4 वांछित शातिर चोर गुरुदयाल पुत्र सुरेन्द्र, सुभाष राठौर पुत्र मुन्ना लाल तथा सियाराम पुत्र स्वरस्योरा एवं नरेन्द्र कुमार पुत्र अनिल कुमार निवासीगण हबीबपुर अहाता कप्तान थाना रामकोट सीतापुर को लोनियनपुरवा ढलान पर से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जिनसे मौके से व निशानदेही से मोटर साइकिल सं0 यूपी 34 एएक्स3330 के कटे पुर्जे टंकी, कटी हुई चेचिस, 1 हैन्डिल, लेग गार्ड, 1 कटा हुआ चेन कवर, इंजन,कटी हुई वायरिंग,कार्बोरेटर, पीछे का कैरियर, 2 टायर रिम सहित, 2 टायर का हब, 1 प्लास्टिक की गद्दी, पीछे व आगे का मेड गार्ड, चार इंडिकेटर ,स्पीड मीटर व 1 हार्न बरामद हुई है। अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वह साथियों के साथ मिलकर मोटर साइकिलो की चोरी करके उन्हें काटकर पुर्जे बेचते हैं। मुंशीगंज ताज पैलेस के पास से अपने साथियों के साथ मिलकर एक मोटर साइकिल सं0 यूपी34 एएक्स3330 चोरी की थी, जिसके पुर्जे काटकर अलग कर दिये थे। पकड़े गए अभियुक्तगण गुरुदयाल पुत्र सुरेन्द्र निवासी हबीबपुर अहाता कप्तान थाना रामकोट सीतापुर, सुभाष राठौर पुत्र मुन्ना लाल निवासी हबीबपुर अहाता कप्तान थाना रामकोट सीतापुर, सियाराम पुत्र स्वरस्योरा निवासी हबीबपुर अहाता कप्तान थाना रामकोट सीतापुर नरेन्द्र कुमार पुत्र अनिल कुमार निवासी हबीबपुर अहाता कप्तान थाना रामकोट सीतापुर है। बरामदगी समान में मोटर साइकिल सं0 यूपी34 एके 4687 के कटे पुर्जे टंकी, कटी हुई चेचिस, 1 हैन्डिल, लेग गार्ड, 1 कटा हुआ चेन कवर, इंजन, कटी हुई वायरिंग, कार्बोरेटर, पीछे का कैरियर, 2 टायर रिम सहित, 2 टायर का हब, 1 प्लास्टिक की गद्दी, पीछे व आगे का मेड गार्ड, चार इंडिकेटर, स्पीड मीटर व 1 हार्न हैं।

## अजय मिश्र टेनी ने फीता काटकर किया कस्बे में सांसद निधि से लगी इंटरलॉकिंग का लोकार्पण




जन एक्सप्रेस | अमीरनगर खीरी

सांसद केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्र टेनी ने शुक्रवार को अमीरनगर से सरैंया विलियम तक मार्ग के चौड़ीकरण एवं कस्बे में सांसद निधि से लगी इंटरलॉकिंग का लोकार्पण किया।गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने फीता काटकर और शिलापट का अनावरण कर लोकार्पण किया। आयोजित जन सभा के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी सरकार के द्वारा पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्यों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए पिछली सरकारों को निशाने पर रखा।सभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार भारत का चहुंमखी विकास कर रही है। कोरोना काल का हवाला देते हुए प्रधानमंत्री की प्रशंसा की। सरकार की योजनाएं गिनाते हुए कहा कि सभी को मुफ्त अनाज दिया जा रहा है। सरकार ने किसी के साथ भेदभाव नहीं किया। कहा कि पहले की सरकारों में? बिजली हफ्ते में शेड्यूल के हिसाब से दिन अथवा रात में आती थी। बीजेपी सरकार में 24 घंटे बिजली दी जा रही है। किसानों को सिचाई के लिये निःशुल्क बिजली मिल रही है। सरकार ने किसानों को सम्मान देने का कार्य किया है। इस दौरान सच्चिदानंद शुक्ला, आत्मा नंद शुक्ला, अमीर नगर प्रधान अब्दुल अजीज खान, जिला पंचायत सदस्य तौहीद खान, राममूर्ति यादव, रोहित शर्मा, सुरज कश्यप कुलदीप शर्मा, प्रदीप सिंह, हैप्पी सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## माँ संकटा देवी मंदिर धाम के लिए करोड़ों रुपये की राशि हुई स्वीकृत, क्षेत्रीय विधायक व जिलाधिकारी के संयुक्त प्रयास से हुआ सम्भव

जन एक्सप्रेस | सीतापुर

**महमूदाबाद।** मां संकटा देवी धाम के विकास के लिए योगी सरकार ने पिटारा खोल दिया है। वंदन योजना के तहत विधायक व जिलाधिकारी के संयुक्त प्रयास से यहां होने वाले विकास कार्य के लिए भेजे गए प्रस्ताव को हरी झंडी दिखाते हुए शासन द्वारा एक करोड़ 41 लाख रुपए स्वीकृत कर दिए हैं। यह जानकारी देते हुए महमूदाबाद नगर पालिका के ईओ शैलेंद्र दुबे ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या की पहल पर जिलाधिकारी सीतापुर अनुज सिंह द्वारा मां संकटा देवी धाम के विकास के लिए वंदन योजना के तहत शासन को विकास कार्य कराए जाने का प्रस्ताव भेजा गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए संपर्क मार्ग, विश्रामालय, प्रकाश व्यवस्था, बेंच, सीसी सड़क व इंटररलाकिंग आदि के निर्माण के लिए एक करोड़ 41 लाख 27 हजार रुपए स्वीकृत करते हुए शासनादेश जारी कर दिया गया है। मां संकटा देवी धाम के विकास के लिए धन स्वीकृत होने पर पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा. अम्मार रिजवी, विधायक आशा मौर्या, कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा, रामकुमार वर्मा, मोहन प्रसाद बारी, धाम समिति अध्यक्ष रमेश वाजपेयी, चंद्रकांत रस्तोगी, आरजे वर्मा, राजेश सिंह आदि ने बधाई दी है।

## लूट, चोरी की घटनाओं का हुआ खुलासा, 2 शातिर अंतर्जनपदीय अपराधी पुलिस गिरफ्त में

जन एक्सप्रेस | सीतापुर



पुलिस अधीक्षक द्वारा जनपद में लूट,चोरी, नकबजनी की घटनाओं को गम्भीरता से लेते हुए टीम का गठन कर घटनाओं को रोकनें व आपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के आदेश दिए गए हैं तभी थाना रेउसा पुलिस टीम द्वारा लूट,चोरी की घटनाओं में प्रकाश में आये कुल 2 अभियुक्तगण संजय कुमार पुत्र लालजी पासी ग्राम गोलोक कोड़र टेपरी थाना थानगाँव जनपद सीतापुर तथा अच्छेलाल पुत्र नेकराम पासी निवासी ग्राम नरना पकौड़ी थाना तम्बौर जनपद सीतापुर को मारूबेहड़ पुल के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्तगण से लूट,चोरी से संबंधित एक ट्रैक्टर आयशर मय ट्राली, एक बैट्रा, 3 मोबाइल क्रमशः रेडमी , आइटेल व टेक्नो बरामद हुआ है। इसके अतिरिक्त अभियुक्त संजय उपरोक्त से एक तमंचा 12 बोर 2 कारतूस भी बरामद हुआ है। अभियुक्तगण ने पूछताछ में बताया कि हम लोगो का एक गैंग है जो ट्रैक्टर ट्राली भाड़े पर बुक करते है कुछ दूर ले जाकर चालक को मारपीट कर ट्रैक्टर ट्राली छीन लेते है और इसे बेच देते हैं, टैक्टर छीनने के बाद नम्बर मिटा देते है जिससे पकड़े ना जा सके । मौके पर मौजूद ग्राम करसा से एक ट्रैक्टर 2500 रूपये मे बिसंवा से सटरिग का सामान लाने का बहाना बनाकर बुक किया था जिसे ले जाकर केवानी नदी बिसंवा रोड पुल के पहले ही मन्दिर के पास ट्रैक्टर ड्राइवर को मारपीट कर उतार दिया था और उसका मोबाइल व ट्रैक्टर ट्राली छीन कर ले कर चले गये। आज उसी ट्रैक्टर ट्राली को बेंचने के लिये ले जा रहे थे एवम् करीब 15-16 दिन पहले गोपचन्दपुर जनपद बहराईच से भी एक ट्रैक्टर ट्राली सटरिंग का सामान लादने के बहाने बुक किया था उसे भी रास्ते मे आकर ड्राइवर को मारपीट कर उतार दिया था और ट्रैक्टर लेकर चले गये थे। इसके अतिरिक्त करीब एक सप्ताह पूर्व कुशवाहा पेट्रोल पम्प परसिया चौराहा के पास खड़ी पिकप से एक अदद बैट्रा 12 बोल्ट व एक मोबाइल आइटेल चोरी कर लिया था। गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर एवम् अभ्यस्त अपराधी है जिनके विरुद्ध पूर्व में भी कई अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्तगण उपरोक्त द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर प्राप्त साक्ष्यों/तथ्यों के आधार पर निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जनपद में अपराधियों के विरूद्ध निरन्तर प्रभावी कार्यवाही इसी प्रकार प्रचलित रहेगी। अभियुक्तगण का नाम संजय कुमार पुत्र लालजी पासी ग्राम गोलोक कोड़र टेपरी थाना थानगाँव जनपद सीतापुर तथा अच्छेलाल पुत्र नेकराम पासी निवासी ग्राम नरना पकौड़ी थाना तम्बौर जनपद सीतापुर है। बरामदगी सामान में एक वाहन ट्रैक्टर आयशर मय ट्राली एक बैट्रा 3 मौबाइल क्रमशः रेडमी, आइटेल व टेक्नो, एक तमंचा 12 बोर 2 कारतूस जिन्दा बरामद हुए हैं।

## जिलाधिकारी अनुज सिंह की अगुवाई में जनता की शिकायतों के निस्तारण हेतु सभी तहसीलों में हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

जन एक्सप्रेस | सीतापुर



जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारित करने के उद्देश्य से जनपद की सभी सात तहसीलों में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील मिश्रिख में जिलाधिकारी अनुज सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने आये हुये शिकायतकर्ताओं को एक-एक करके सुना एवं जनता की शिकायतों एवं समस्याओं को समयान्तर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश के साथ संबंधित अधिकारियों को अन्तरित किया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों और अधिकारियों को निर्देश दिये कि लाभार्थीपरक योजनाओं से संबंधित प्रकरणों का तेजी से निस्तारण किया जाये, जिससे पात्रों को समय से लाभान्वित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का त्वरित गति से निस्तारण हो। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा जो शिकायत की गई हैं उसका निस्तारण संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंचकर गुणवत्ता पूर्ण करें। सभी अधिकारी अपने कार्य को पूरी तत्परता, गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख पंकज सक्सेना, क्षेत्राधिकारी मिश्रिख सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। तहसील मिश्रिख में सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर कुल 33 शिकायतों में से 05 का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इसी प्रकार से जनपद की अन्य तहसीलों में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील सिधौली में प्राप्त 39 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील महमूदाबाद में प्राप्त 54 प्रार्थना पत्रों में से 06, तहसील बिसवां में प्राप्त 57 प्रार्थना पत्रों में से 07, तहसील सदर में प्राप्त 22 प्रार्थना पत्रों में से 05, तहसील लहरपुर में प्राप्त 46 प्रार्थना पत्रों में से 03, तहसील महोली में प्राप्त 23 प्रार्थना-पत्रों में से 01 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष बची हुयी शिकायतों को पृष्ठांकित कर एक सप्ताह के अन्दर संबंधित अधिकारी को निस्तारित करने के निर्देश दिये गये।

## फिसलकर गिरा गेस्ट हाउस संचालक, मौत

**जन एक्सप्रेस। जालौन**



गेस्ट हाउस की लाइट सही कराते समय गेस्ट हाउस संचालक फिसलकर गिरा। कानपुर से ग्वालियर जाते समय रास्ते में गेस्ट हाउस संचालक की मौत हुई।
नगर के देवनगर चौराहे पर स्थित गेस्ट हाउस के संचालक मोहम्मद लईक (45) पुत्र अब्दुल शकूर निवासी कोंच चौराहा के गेस्ट हाउस में शुक्रवार को बुकिंग थी। रात में करीब 12 बजे गेस्ट हाउस की लाइट में कुछ खराबी आने पर वह गेस्ट हाउस की छत पर खड़े होकर लाइट सही करा रहे थे। लाइट सही कराते समय अचानक से वह गेस्ट हाउस के छज्जे से फिसलकर सड़क पर आ गिरे। सिर में चोट आने के चलते वह बेहोश हो गए। आनन फानन में परिजन उन्हें कानपुर ले गए। कानपुर से उन्हें ग्वालियर के लिए रेफर कर दिया गया। ग्वालियर ले जाते समय शनिवार की शाम उनकी मौत हो गई। उनकी मौत की खबर घर आते ही घर में मातम पसर गया।

# मंडलायुक्त ने की विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

**जन एक्सप्रेस। कालपी**



मंडलायुक्त विमल दुबे ने तहसील सभागार में विकास कार्यों की समीक्षा कर सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि आमजन के जीवन को सुखमय रहे, इसलिये विभिन्न विभागों की जन कल्याणकारी योजनाऐं संचालित है, सभी अधिकारी अपनी अपनी योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को लाभांवित करें, जिससे सरकार की मंशा को सार्थक कर सकें। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि पारिवारिक योजना की प्रगति में सुधार लाएं, साथ ही वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन व निराश्रित पेंशन के आवेदन लंबित न रहे। ऐसे पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित कर मुख्य धारा में जोड़े। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया के उद्यमियों को जनपद में उद्योग स्थापित करने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए विभाग की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के लिए ब्लॉक वार कैंप लगाकर योजनाओं का प्रचार प्रसार कर युवाओं को रोजगार से जोड़ें।
उन्होंने जल जीवन मिशन की परियोजनाओं को ससमय पूर्ण कराने हेतु मासिक लक्ष्य निर्धारित करते हुए बिंदुवार कार्य योजना बनाकर शीघ्रता से पूर्ण कराए जाने हेतु निर्देशित किया। लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़कों के निर्माण, राज्य मार्गों के अनुरक्षण, सेतु के निर्माण के संबंध में किए गए कार्यों एवं प्रगति से अवगत होने के बाद निर्देश दिए की कार्यों में तेजी लाकर निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाए।
उन्होंने तहसीलदार नायब तहसीलदार को निर्देशित किया के अभिवादित मामले 35 से 45 दिन के अंदर निस्तारण करना सुनिश्चित करें इसी प्रकार विवादित मामले निर्धारित समयावधि में निस्तारण करें।
इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शिक्षा विभाग, पशुधन विभाग, नल कूप, जल निगम, सिंचाई एवं जल संस्थान आदि विभागों की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत कार्य योजना बनाकर लक्ष्य की प्राप्ति करें। साथ ही जिन विभागों की लंबित परियोजनाएं हैं, ऐसे विभाग कार्य योजना बनाकर जल्द ही कार्यों को पूर्ण करायें। उन्होंने कहा कि लंबित परियोजनाएं मिलने पर संबंधित विभागाध्यक्ष के साथ-साथ ठेकेदार पर सख्त कार्यवाही अमल मिलाई जाएगी।
डीएम राजेश कुमार पाण्डेय ने सभी संबंधित अधिकारियों को कहा कि आज मंडलायुक्त द्वारा जो दिशा निर्देश प्राप्त हुए हैं उन्हें भली भांति निर्वहन कर आमजन को लाभार्थी परक योजनाओं से लाभान्वित करेंगे।
इस अवसर पर एसपी ईरज राजा, सीडीओ भीमजी उपाध्याय, एडीएम संजय कुमार, एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव, एडीएम न्यायिक जुबेर बैग, पीडी शिवाकांत द्विवेदी, सीएमओ डॉ नरेंद्र देव शर्मा, एसडीएम कालपी शिव नारायण शर्मा, डीडीओ सुभाष चंद्र त्रिपाठी, तहसीलदार आदि सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अपात्रों को पीएम आवास दिलाने में सेक्रेटरी दोषी, वेतन से होगी निर्गत धनराशि की रिकवरी

**जन एक्सप्रेस/बरहज देवरिया।** खण्ड विकास अधिकारी तारकेश्वर तिवारी ने लक्ष्मीपुर ग्राम पंचायत के सचिव राजकुमार सिंह से 05 दिवस के अंदर प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अन्तर्गत ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर में अपात्रों को लाभान्वित किये जाने पर निर्गत धनराशि वसूली को लेकर नोटिस जारी किया गया है। ग्राम लक्ष्मीपुर निवासी साहिल यादव उर्फ मोती यादव पुत्र राजनाथ यादव के द्वारा अपात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अन्तर्गत सामावनित किये जाने की शिकायत की गयी थी। मुख्य विकास अधिकारी देवरिया के कार्यालय पत्र 4939, 01मार्च 2023 के द्वारा परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अधिकरण देवरिया से स्थलीय जाँच करायी गयी। उपर्युक्त के क्रम में परियोजना निदेशक देवरिया द्वारा दिनांक 20 मार्च 2023 को ग्राम पंचायत लक्ष्मीपुर का भ्रमण कर स्थलीय पात्रता परीक्षण करते हुए आख्या मुख्य विकास अधिकारी देवरिया को प्रस्तुत की गयी। तदक्रम में अभिकरण की जाँच आख्या एवं तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी बरहज सी0बी0 यादव से प्राप्त स्पष्टीकरण अनुशीलन/परीक्षण किये जाने के उपरान्त दोषी कर्मचारी/अधिकारी आवश्यक कार्यवाही किये जाने को मुख्य विकास अधिकारी की सहमति 03 जनवरी 2024 के क्रम में 14 अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण वर्ष 2022-23 अन्तर्गत लाभान्वित किये जाने हेतु आपको दोषी पाया गया है, के क्रम में परियोजना निर्देशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण देवरिया के कार्यालय पत्र संख्या-1624, 08 जनवरी 2024 के द्वारा कुल निर्गत धनराशि मु0-4,40,000 00 रुपए (चार लाख चालीस हजार रुपए) का 25 प्रतिशत कु0-110,000.00 (एक लाखा दस हजार रु0) आप के वेतन में कटौती कर धनराशि इण्डियन बैंक हजरतगंज खाता सख्या-50352149914 आईएफएससी-DIB000H561 में यूटीआर के माध्यम से जमा कराये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरी को निर्देशित किया गया है। उपर्युक्त के क्रम में दोषी सचिव को यह भी चेताया गया है कि 05 दिन के अंदर रिकवरी धनराशि को जमा कर रसीद की छायाप्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा आप के वेतन माह जनवरी 2024 से कटौती समान किश्तों में प्रारम्भ कर दी जायेगी, जिसके लिये आप स्वंय जिम्मेदार होंगे।

### नेमा में ग्रामीण सरकारी समिति का फिटा काटकर किया लोकार्पण

**जन एक्सप्रेस/मेहरौना, देवरिया।** जनपद के विकाश खण्ड लार के ग्राम सभा नेमा में बने ग्रामीण सरकारी समिति जो कि बहुत ही पुराना हो गया था और एकदम से छतिग्रस्त हो गया था उसका पुनः निर्माण कराया गया। जिसका फिटा काटकर उद्घाटन किया गया। जिसके मुख्यअतिथि रहे देवरिया एम एल सी डॉ. रातनपाल सिंह ने फिटा काटकर सहकारी समिति (बी पैक्स) का लोकार्पण किया। जिसमे मुख्य रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष गिरिश तिवारी अमित सिंह बबलू नेमा के ग्राम प्रधान रविन्द्र सिंह सहकारी समिति के सचिव भोला सिंह खेमादेइ सहकारी समिति के सचिव चिन्टू सिंह, विनोद सिंह, सुरेन्द्र सिंह, अजित सिंह, डॉ ज्ञानेश्वर सिंह, बलराम सिंह, घनश्याम सिंह, राजन सिंह, शेषमणि सिंह आदि गांव के सम्मानित लोग भी उपस्थित रहे।

### विदेश भेजने के नाम पर ठगने वाला गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** विदेश भेजने के नाम पर ठगी करने के आरोप में पुलिस ने ट्रेवेल्स एजेंसी संचालक को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास 50 पासपोर्ट भी बरामद किए गए। संचालक सहित तीन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। शहर के सीसी रोड स्थित मरहबा ट्रेवेल्स एजेंसी संचालक पर विदेश भेजने के नाम पर 80 से अधिक युवकों को ठगने का आरोप था। पुलिस ने इस मामले एजेंसी संचालक कन्हैया पांडेय को गिरफ्तार किया। कार्यालय के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उसके दो साथियों इमरान अली व हिमांशु की भी पुलिस पहचान की।

### तीसरी बार भी बनेगी मोदी सरकार: पवन

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी, देवरिया।** भाजयुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं प्राध्यापक डॉक्टर पवन कुमार राय ने कहा है कि लाभार्थी संपर्क अभियान लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को हैट्रिक लगाने में उद्दीपक का काम करेगा तथा विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय जन नेता नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में तीसरी बार भाजपा सरकार बनना तय है। डॉक्टर राय लाभार्थी संपर्क अभियान के अंतर्गत आज अपने प्रभार के पकड़ी बाबू सेक्टर में बूथ संख्या 86 और 87 पकड़ी बाबू हमें विभिन्न लाभार्थी समूहों से मिलकर उन्हें मोदीजी का प्रणाम व पत्रक पहूंचाने एवं उनका फीडबैक लेने के उपरांत बूथ अध्यक्ष मंगल प्रताप शाही के आवास पर आयोजित भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठे को संबोधित कर रहे दे। डॉक्टर राय ने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकास कार्यों एवं उपलब्धियां से आम जन प्रभावित है तथा लोग 2014 तथा 2019 से भी अधिक उत्साह से भारतीय जनता पार्टी को चुनाव जीतने के लिए प्रतिबद्ध नजर आ रहे हैं उन्होंने कहा कि लोगों में प्रधानमंत्री का जबरदस्त क्रेज है तथा विभिन्न लाभार्थी समूह उसमें उद्दीपक का काम कर रहे हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं का अह्वान किया कि वे बूथ के प्रत्येक मतदाता से मुलाकात कर उन्हें भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि लोग पूरे उत्साह के साथ भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए तैयार हैं। कार्यकर्ताओं को उन्हें बूथ तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हैं। डॉ राय ने बैठक में बूथ समिति सरल एप, व्हाट्सएप ग्रुप ,पन्ना प्रमुख तथा लाभार्थी समूह से संपर्क की समीक्षा की तथा अभियान को सफल बनाने की अपील की। इस बैठक में भाजपा के जिलामंत्री अभिषेक जायसवाल, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र जायसवाल, लोकसभा विस्तारक नीतीश चौबे विधानसभा विस्तारक विशाल त्रिपाठी, मंडल महामंत्री अमित कुमार शाही, धर्मेंद्र कुमार क कुशवाहा, सोनू वर्मा, बूथ अध्यक्ष मंगल प्रताप शाही अध्यापक मुकेश शाही बूथ अध्यक्ष गगन शाही रमाशंकर चौरसिया आदि लोग उपस्थित थे।

### केनरा बैंक ने चार छात्राओं को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया

**जन एक्सप्रेस/बरहज,देवरिया।** केनरा बैंक की बरहज शाखा की तरफ से शनिवार को अनुसूचित जाति व जनजाति की चार छात्राओं को केनरा विद्या ज्योति योजना के तहत प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। सभी छात्राएँ उच्च प्राथमिक विद्यालय बरहज नं.1 में अध्ययनरत हैं। शाखा प्रबन्धक जय प्रकाश यादव ने बताया कि बैंक का उद्देश्य गरीब व मेधावी छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाना है। पाँचवी की छात्रा कु: रेशु भारती, छठवीं की छात्रा शिखा भारती, सातवीं की छात्रा अंशिका भारती को 2500-2500 रुपये एवं आठवीं की छात्रा कल्पना खरवार को 5000 रु प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं व परिजनों ने केनरा बैंक के प्रति आभार जताया है।

## विकसित भारत संकल्प पत्र अभियान की दी जानकारी

**जन एक्सप्रेस। उरई**




शहर के कालपी रोड स्थित एक मैरिज हॉल मे बने संसदीय कार्यालय मे भाजपा की ओर से जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के नेतृत्व में पत्रकारवार्ता का आयोजन किया गया। इसमें लोकसभा प्रभारी मदन पांडे, क्षेत्रीय महामंत्री रामकिशोर शाहू व स्थानीय सांसद भानु प्रकाश वर्मा एवं पूर्व सांसद घनश्याम अनुरागी भी शामिल हुए। इस दौरान लोकसभा प्रभारी ने बताया कि बीते दिनों पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर विकसित भारत संकल्प पत्र अभियान शुरू किया है। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य जन-जन की आकांक्षाओं को सीधे प्रधानमंत्री मोदी तक पहुंचना है ताकि वे विकसित भारत संकल्प पत्र का आधार बन सकें। उन्होंने बताया कि यह अभियान जनता के समर्पण और विश्वास का प्रमाण होगा। इस अभियान के तहत आगामी लोकसभा चुनाव के घोषणापत्र के लिए एक करोड़ से अधिक लोगों के सुझावों, आकांक्षाओं और विचारों को जानने का पार्टी ने लक्ष्य निर्धारित किया है। स्थानीय सांसद ने बताया कि जनसंपर्क गतिविधियों के माध्यम से पार्टी के कार्यकर्ता लोगों के सुझाव एकत्रित करेंगे। इसके अलावा मोबाइल में मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 और नमो एप के जरिए भी लोग अपने सुझाव दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस संकल्प पत्र के जरिए देश का हर वोटर अपने सुझाव दे सकता है। उन्होंने सभी भाजपा कार्यकर्ताओं को अपील करते कहा कि वह अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचें ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों के सुझाव भाजपा के पास पहुंच सकें। उन्होंने कहा कि इस अभियान में प्रत्येक विधानसभा में सुझाव पेटियां लगाई जाएंगी। वहीं, एलईडी प्रचार वाहन चलाए जाएंगे, जिससे गांव-गांव में मोदी सरकार के विकास का संदेश प्रसारित किया जाएगा।
वही आये हुए अतिथियों का जिलाध्यक्ष द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर लोकसभा चुनाव के मीडिया प्रभारी अशोक राठौर, पूर्व चेयरमैन अनिल बहुगुणा, अग्निवेश चतुर्वेदी, शक्ति गहोई, मनोज यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## विशाल त्रिपाठी बने यूथ कांग्रेस के चौरी चौरा विधानसभा अध्यक्ष



**जन एक्सप्रेस/चौरी चौरा।** विशाल त्रिपाठी को विधानसभा अध्यक्ष नियुक्त किया गया। जिससे विधानसभा के सारे कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया, विशाल त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा दिये गए निर्देशों का पालन करूँगा और कांग्रेस पार्टी अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे व हमारे नेता राहुल गांधी के संदेशो को जन जन तक पहुचाने का कार्य करूँगा।
विशाल त्रिपाठी को यूथ कांग्रेस चौरी चौरा विधानसभा अध्यक्ष बनाए जाने पर पूर्व सांसद कमल किशोर कमांडो, स्नेहलता गौतम, कृष्णमोहन दुबे, सुमित पांडेय, अभिजीत पाठक,चंद प्रकाश राय,बादल चतुर्वेदी, सतीश कुमार, अभिनव कुमार, ललित निषाद, अमित साहनी, कोदई निषाद जिला पंचायत सदस्य,विवेक त्रिपाठी, सन्नी निषाद, कमलेश,विकास,विवेक गुप्ता, जय राणा, कुलदीप, मनोज, अनवर अली, जयकुमार आदि लोगों ने बधाई दी।

## भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति का विस्तार जारी

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**



ह्यभारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति व सोशल मीडिया पत्रकार महासंघ का एक बार और विस्तार किया गया है। संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार दिलावर सिंह ने पत्रकार हितों के लिए गोरखपुर जनपद का जिला अध्यक्ष पद संभाल रहे सुनील कुमार पाण्डेय को गोरखपुर मंडल संगठन मंत्री, अजय कुमार दुबे को गोरखपुर का जिला मंत्री एवं पञ्चानन पाण्डेय को बांसगांव तहसील का प्रभारी बनाया है। इसके पहले बांसगांव तहसील के उपाध्यक्ष का पद भर संभाल रहे थे। संगठन सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की सक्रियता के आधार पर उन्हें मनोनीत किया जा रहा है। संगठन के 2024 की नई नीति के अनुसार सक्रियता के आधार पर पदाधिकारियों का पैनल बनाया जा रहा है और इस पैनल से पदाधिकारियॉ का चयन कर मनोनयन किया जाएगा। मनोनयन पर गोण्डा प्रभारी अबिनाश श्रीवास्तव, महराजगंज प्रभारी अजय कुमार पटेल, राजस्थान के जयबीर सिंह, जम्मू जिला प्रभारी जोगेन्दर सोहल सहित गोरखपुर के मण्डल अध्यक्ष डॉक्टर सतीश चंद्र शुक्ला, देवरिया जिला अध्यक्ष श्यामानन्द पाण्डेय, जितेन्द्र कुमार गुप्ता, मोहम्मद मोहसिन अंसारी, बाबूलाल सक्सेना, जवाहर लाल गुप्ता, प्रदीप यादव, दुर्गेश वर्मा, सुभाष चन्द्र, बृजानन्द, दिनेश कान्त मिश्रा, श्याम जी गुप्ता, कमलेश मणि त्रिपाठी, एचडी शर्मा, सूरजदीप तिवारी, फोटो जर्नलिस्ट सरदार सिमरजीत सिंह, प्रदीप कुमार, दिनेश श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, विश्वनाथ उपाध्याय, रितेश शर्मा, दयाशंकर प्रसाद, सतीश कुमार पाण्डेय, आशीष मिश्रा %श्याम%, दयानन्द, बीपी मिश्रा, प्रशान्त कुमार श्रीवास्तव, अनिल कुमार पटेल, सुनील कुमार गुप्ता आदि पत्रकारों ने बधाई दी।

## नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन का सांसद ने किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस। महोबा**

मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के द्वारा लोक भवन सभागार, उ0प्र0 सचिवालय, लखनऊ में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन मॉडल उचित दर दुकान तथा ई-वेईंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों के लोकार्पण किया गया, जिसके क्रम में जनपद महोबा में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन मॉडल उचित दर दुकानों तथा ई-वेईंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीन का रामनगर महोबा में सांसद हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी कुंवर पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता एवं नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संतोष चैरसिया आदि जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया।
नव निर्मित अन्नपूर्णा भवन मॉडल उचित दर दुकान के माध्यम से पी0एम0 वाणी के अन्तर्गत ब्राड बैण्ड एवं सी0एस0सी0 सेवा पर आय, जाति, निवास आदि प्रमाण पत्र बनवाने एवं विद्युत देयकों के भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराने के साथ-साथ आम जनमानस की रोजमर्रा की आवश्यकता की वस्तुओं के बिक्री की भी अनुमति प्रदान की गयी है। 484 वर्गफुट के परिसर में खाद्यान्न वितरण कक्ष, सी0एस0सी0 कक्ष, जनोपयोगी वस्तुओं का विक्रय काउण्टर, उपभोक्ताओं के लिए बैठने का स्थान, सिंगल स्टेज डोर स्टेप डिलीवरी व्यवस्था अन्तर्गत खाद्यान्न को अन्नपूर्णा भवन तक किसी भी मौसम में सुगमता से पहुंचने की सुविधा उपलब्ध है।
जिला पूर्ति अधिकारी ने

## अवैध गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान अवैध गांजा के साथ युवक को पकड़ा है। जिसके पास से पुलिस ने करीब एक किग्रा गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की।
लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस सक्रिय है। लगातार चेकिंग अभियान चल रहा है। शुक्रवार की रात कोतवाल विमलेश कुमार, एसआई रमेशचंद्र देवनगर चौराहे पर चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग दौरान उन्होंने काशीनाथ निवासी उमेशचंद्र उर्फ पिंटू को रोककर जब उसके थैले की तलाशी ली तो पुलिस ने उसमें लगभग एक किग्रा गांजा बरामद किया। कोतवाल विमलेश कुमार ने बताया कि आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। वह पूर्व में भी एसडीपीएस के मामले में पकड़ा जा चुका है।

## संपूर्ण समाधान दिवस पर मण्डलायुक्त ने सुनी फरियाद

**जन एक्सप्रेस। उरई**




मण्डलायुक्त झांसी मण्डल झांसी विमल दुबे की अध्यक्षता में तहसील कालपी के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मण्डलायुक्त ने जन शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुनकर उसका निस्तारण सम्बंधित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से करने के निर्देश दिए। सम्पूर्ण समाधान दिवस में मण्डलायुक्त के समक्ष 46 शिकायतें प्राप्त हुई। जिसमें से 04 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि जन शिकायतों का निस्तारण अधिकारी प्राथमिकता के आधार पर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से करते हुए शिकायतकर्ता को पूर्ण रूप से संतुष्ट किया जाए। उन्होंने तहसील में आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को सौंपते हुए निर्देशित कि संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाली शिकायतों को समय पर एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी शिकायतों के निस्तारण में शिथिलता बरतते है तो उनके विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद में पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण करना सुनिश्चित करेंगे। इस अवसर पर डीएम राजेश कुमार पाण्डेय, एसपी डॉ. ईरज राजा, सीडीओ भीमजी उपाध्याय, एडीएम संजय कुमार, एडीएम नमामि गंगे विशाल यादव, एडीएम न्यायक जुबेर बैग, पीडी शिवाकांत द्विवेदी, सीएमओ डॉ नरेंद्र देव शर्मा, एसडीएम कालपी शिव नारायण शर्मा, डीडीओ सुभाष चंद्र त्रिपाठी, तहसीलदार आदि सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## छलावा साबित हो रहा संपूर्ण समाधान दिवस

**जन एक्सप्रेस। गोला, गोरखपुर**



उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक माह शनिवार को तहसील दिवस, संपूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस का आयोजन फरियादियों की समस्याओं के तहसील व थाना स्तर पर कराने के उद्देश्य से किया जाता है परंतु शासन के मंशानुरूप जिम्मेदारों द्वारा इन दिवसों पर कार्य नहीं करना और फरियादियों की आईं शिकायतों का दो प्रतिशत भी समाधान नहीं हो पाने से फरियादियों की उम्मीदों पर पानी फेर रहा है।
बताते चलें कि सीएम योगी के गृह जनपद गोरखपुर के तहसील सभागार गोला में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान तहसील दिवस का नवागत एसडीएम केसरी नंदन तिवारी की अध्यक्षता में हुआ। तहसील दिवस में तहसीलदार बृजमोहन शुक्ला खंड विकास अधिकारी दिवाकर सिंह आदि ने फरियादियों की समस्याओं को एक-एक कर बखूबी सुना निस्तारण करने का प्रयास शून्य रहा। इस दौरान राजस्व विभाग से 24 पुलिस विभाग से 12, विकास विभाग से संबंधित 5, समाज कल्याण विभाग से 1, स्वास्थ्य विभाग से 1, तथा अन्य विभागों से 12 शिकायतें आईं, कुल मिलाकर 55 मामले आए जिसमें से 1 मामले का निस्तारण हुआ शेष मामलों को निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया गया। इस दौरान नायब तहसीलदार अजय कुमार यादव देवेंद्र सिंह अधीक्षक डॉ अमरेन्द्र ठाकुर अधिशासी अधिकारी संजय तिवारी गोला थाना प्रभारी व बड़हलगंज उरुवा कानूनगो लेखपाल सहित विभिन्न अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# पंचायत भवनों पर लटक रहे ताले, दर-दर भटकते ग्रामीण

### कूड़े के ढेर में तब्दील पंचायत भवन परिसर जिम्मेदार बेपरवाह

**जन एक्सप्रेस। गोरखपुर**

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का ड्रीम प्रोजेक्ट कही जाने वाली योजनाओं में से एक ग्राम पंचायत भवन भी है जिसके निर्माण में सरकार द्वारा लाखों रुपये खर्च किये गए केवल इसलिए की सरकार की जो महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित किया जा रहा है उसका लाभ ग्रामीण लोगों को सीधे उनके ग्राम सभा में मिले उनको किसी योजनाओ के लाभ लेने के लिए ब्लाक व तहसील का चक्कर न लगाना पड़े।
सरकार पंचायतो को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनेक पहल कर रही है।
लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से पहल धरातल पर नहीं उतर पा रहा है। जिसकी वजह से ग्रामीणों को योजनाओ का लाभ नही मिल पा रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण सीएम योगी के गृह जनपद के विकास खण्ड गगहा के ग्रामसभा पड़ौली का है, जहाँ पंचायत भवन पर ताला लटका ही रहता है।
सूत्रों की मानें तो पंचायत भवन का ताला कभी कभी खुलता है, जिसका कोई समय व दिन निर्धारित नहीं है और पंचायत भवन के बगल में कूड़े का ढेर लगा पड़ा है। सफाई की व्यवस्था नदारद है। पंचायत भवन परिसर की स्थिति देख जाहिर है कि यहां न पंचायत सहायक बैठते है और न ही रोजगार सेवक। बताते चलें कि शासन से निर्धारित निर्देशो में पंचायत सहायक को परिवार रजिस्टर, जन्म मृत्यु रजिस्टर समेत अन्य कई योजनाओं का लाभ देना है। रोजगार सेवकों को पंचायत सचिवालय में बैठकर इच्छुक जॉब कार्ड धारकों को रोजगार उपलब्ध कराने का कार्य निर्धारित है। बीसी सखी के माध्यम से पैसों का लेनदेन करने, सीएससी संचालकों से ऑनलाइन कार्यो की सेवा उपलब्ध कराने जैसा निर्देश दिया है। लेकिन पंचायत भवन में इन कर्मचारियों के बैठने के बजाय ताले लटके हुए मिलते है। इससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

### जांच कराकर संबंधितों पर होगी सख्त कार्रवाई: बीडीओ

इस संबंध में खण्ड विकास अधिकारी गगहा ऐजाज अहमद ने कहा कि मामले की जांच कराकर संबंधितों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### पंचायत भवन परिसर में लगा कूड़े का ढेर, जिम्मेदार बने मूकदर्शक

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के योगीजी सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट कही जाने वाली योजनाओं में से एक ग्राम पंचायत भवन भी है जिसके निर्माण में सरकार द्वारा लाखों रुपये खर्च किये गए केवल इसलिए की सरकार की जो महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित किया जा रहा है उसका लाभ ग्रामीण लोगों को सीधे उनके ग्राम सभा में मिले उनको किसी योजनाओ के लाभ लेने के लिए ब्लाक व तहसील का चक्कर न लगाना पड़े। सरकार पंचायतो को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अनेक पहल कर रही है। लेकिन जिम्मेदारों की लापरवाही से पहल धरातल पर नहीं उतर पा रहा है। जिसकी वजह से ग्रामीणों को योजनाओ का लाभ नही मिल पा रहा है। इसका जीता जागता उदाहरण योगी जी के गृह जनपद के विकास खण्ड गगहा के ग्रामसभा पड़ौली का है जहाँ पंचायत भवन पर ताला लटका ही रहता है सूत्रों की माने तो पंचायत भवन का ताला कभी कभी खुलता है जिसका कोई समय व दिन निर्धारित नहीं है। और पंचायत भवन के बगल में कूड़े का ढेर लगा पड़ा है। सफाई की व्यवस्था नदारद है।

# विगत 10 सालों में मोदी सरकार ने समाज की अपेक्षाओं को पूरा करने का कार्य किया: सांसद लल्लू सिंह

जन एक्सप्रेस । अयोध्या




लोकसभा चुनाव कार्यालय पर विकसित भारत-मोदी की गारंटी अभियान की शुरूवात की गई। लोक सभा क्षेत्र में अभियान के तहत दो एलईडी रथों का संचालन किया जाएगा। जिसमें रखी जनकांक्षा पेटिका में जनता से सुझाव मांगेगे। अभियान के तहत मिलने वाले महत्वपूर्ण सुझावों को भाजपा अपने संकल्प पत्र में शामिल करेगी। रथों का संचालन सभी ब्लाक तथा ग्रामों किया जाएगा।

इस दौरान प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि विकसित भारत संकल्प 2047 के तहत भारत को विकसित राष्ट्र के रूप में खड़ा करना है। विगत 10 सालों में मोदी सरकार ने समाज की अपेक्षाओं को पूरा करने का कार्य किया है। गरीब कल्याण के तहत आवास, बिजली, हर घर नल हर घर जल, विधवा पेंशन बढानें तथा किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने का कार्य किया। वन डिस्ट्रिक वन प्रोडेक्ट के माध्यम से कुटीर उद्योगों को बढावा दिया है। देश भर के आस्था के केन्द्रों के विकास का कार्य हुआ है।

जनअपेक्षाओं के अनुरूप 500 वर्षों के संघर्ष के बाद अयोध्या में जनभावनाओं के अनुरूप राम मंदिर बनाने का कार्य हुआ है। विध्यवासिनी धाम से अयोध्या फोर लेन, प्रयाग से सुल्तानपुर फोर लेन बन रही है। सुल्तानपुर से अयोध्या फोर लेन का कार्य जल्द प्रराम्भ हो जाएगा। अयोध्या रिंग रोड का टेडर हो चुका है। जल्द काम शुरू होगा। अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन के पुर्ननिर्माण का कार्य जल्द शुरू होगा। अयोध्या को सुन्दर बनाना मोदी सरकार का सपना है। इसके लिए अयोध्या का समग्र विकास किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि मोदी सरकार ने भारत के गौरव को बढाया है। सपने नीचे तक उतरे है तथा पूरे हुए है। भारत को विश्व गुरू बनाने के लिए पार्टी व सरकार संकल्पित है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि जनकांक्षा पेटिका में जनता के सुझावों को विभिन्न माध्यमों से केन्द्रीय कार्यालय भेजा जाएगा। जिसमें से महत्वपूर्ण व जनकल्याण से जुड़े सुझावों को संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, लोक सभा चुनाव संयोजक डॉ. बीबी मणि त्रिपाठी, डा बीडी द्विवेदी, सूरज सोनकर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# एमएलके कॉलेज में रोवर्स रेंजर्स का प्रवेश एवं निपुण शिविर प्रारंभ

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीजी कॉलेज में शनिवार को रोवर्स एवं रेंजर्स के प्रवेश व निपुण पांच दिवसीय शिविर का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय तथा जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम ने दीप प्रज्वलित तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया।

जानकारी के अनुसार दो मार्च को एमएल के महाविद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे के नेतृत्व में एवं रेंजर प्रभारी डॉक्टर आकांक्षा त्रिपाठी एवं रोवर प्रभारी पी एन पाठक की देखरेख में रोवर्स एवं रेंजर्स निपुण एवं प्रवेश पंचदिवसीय जांच शिविर का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम व विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिला सचिव मोइनुद्दीन सिद्दीकी एवं सिराजुल हक अखिलेश्वर तिवारी तथा महाविद्यालय के मुख्य नियंता प्रोफेसर पीके सिंह तथा अन्य सम्मानित शिक्षक डॉ अशोक कुमार, डॉ आर बी त्रिपाठी, डॉ एसके त्रिपाठी, डॉक्टर सिद्धार्थ मोहता, डॉक्टर अल्पना परमार व आशा केसी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम मां सरस्वती की आराधना एवं दीप प्रज्वलन के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इसके पश्चात आए हुए अतिथियों का स्वागत स्कार्फ एवं माल्यार्पण के साथ किया गया। तत्पश्चात रेंजर रिया कश्यप ने सरस्वती मां के प्रति अपनी श्रद्धा नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत की। कार्यक्रम मे रिया गुप्ता और सोनी मिश्रा ने स्वागत गीत पर अति सुंदर प्रस्तुति की। जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम ने रोवर एवं रेंजर को शिविर के दौरान अनुशासन के साथ प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभाग करने के लिए उत्साहित किया तथा बच्चों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दी।

प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडे ने सभी बच्चों को रोवर एवं रेंजर प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के महत्व पर प्रकाश डाला तथा बच्चों को शिविर के दौरान हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया। इसके साथ ही प्राचार्य ने बच्चों को शिविर के लिए शुभकामनाएं भी दी। अंत में धन्यवाद ज्ञापन रोवर प्रभारी डॉ पी एन पाठक ने दिया। मंच का सफल संचालन रेंजर प्रभारी डॉक्टर आकांक्षा त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अरुण चौरसिया, विनोद, संगीता, सुनीता कुरील, मुस्कान, खुशी व रिया का विशेष योगदान रहा।

# रामलला का दर्शन कर भावविभोर हुई गुजरात सरकार

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

- गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्रभाई पटेल के नेतृत्व में कैबिनेट के सदस्यों ने रामलला का किया दर्शन-पूजन
- सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सहजता से कराया गया दर्शन, सुरक्षा व्यवस्था थी चुस्त-दुरुस्त



गुजरात के सीएम भूपेंद्रभाई पटेल के नेतृत्व में उनका मंत्रिमंडल शनिवार को श्रीरामलला का दर्शन करने अयोध्या पहुंचा। 25 सदस्यीय डेलिगेशन सुबह महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विशेष विमान से पहुंचा।

**योगी सरकार के मंत्री ने किया स्वागत**

योगी सरकार में कृषि मंत्री व अयोध्या के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही व संगठन की तरफ से शैलेंद्र कोरी ने मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल व उनके कैबिनेट मंत्रियों, अधिकारियों को माला पहनाया एवं अंगवस्त्र भेंटकर स्वागत किया। वहीं सांस्कृतिक मंच के कलाकारों ने उनके स्वागत में लोकनृत्य की प्रस्तुति दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर गुजरात प्रदेश से आए अतिथियों की सुरक्षा व्यवस्था के चाक-चौबंद इंतजाम किए गए थे।गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने कहा, मुझे मेरे मंत्री परिषद के सभी सदस्यों के साथ प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर में दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यह अवसर हम सभी के लिए बहुत ही भावुक और श्रद्धापूर्ण है। उन्होंने कहा विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता और भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में अयोध्या मंदिर में प्रभु श्रीराम चंद्र जी का औलौकिक प्राण प्रतिष्ठा देश में नए काल चक्र का उद्घोष है।

इतना ही नहीं अगले एक हजार वर्ष के लिए रामराज्य की स्थापना का यह संकल्प भी है। राम मंदिर भारत की दृष्टि के दर्शन का मंदिर बन गया है। सही अर्थों में यह मंदिर राष्ट्र के चेतना और नव जागरण का मंदिर बना है। श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा का समारोह राष्ट्र उत्सव के रूप में मनाया गया, जो एक नए युग की शुरूआत है। हर एक हिंदू का संकल्प था कि अयोध्या में राम मंदिर का भव्य निर्माण होना चाहिए। आज यह पूर्ण हो गया है।

### गुजरातियों के लिए अयोध्या में बनेगा यात्री निवास

सीएम भूपेंद्रभाई पटेल ने कहा कि देश भर से लाखों श्रद्धालु राम मंदिर में प्रभु के दर्शन के लिए अयोध्या आ रहे हैं। हमारी सरकार में गुजरात के यात्रियों के लिए विशेष आस्था ट्रेन शुरू की है, जिसके माध्यम से हजारों लोगों को रामलला का दर्शन का अवसर प्राप्त हुआ है। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को रात्रि विश्राम की सुविधा प्राप्त हो इसके लिए यात्री निवास बनाने का निर्णय लिया गया है। इसके लिए राज्य के बजट में 10 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। अयोध्या में भविष्य में निर्मित होने वाले यात्री भवन के लिए जमीन उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उत्तर प्रदेश सरकार को धन्यवाद करता हूं।

### सांसद प्राइज मनी महिला खेल प्रतियोगिता लम्बी कूद में नेहा प्रथम, दीपा द्वितीय, शालू तृतीय स्थान पर रहीं

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** सांसद प्राइज मनी महिला खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन लम्बी कूद तथा 800 मी दौड़ का परिणाम घोषित हो गया। लम्बी कूद में हैरिंग्टनगंज की नेहा प्रथम, बनीकोडर की दीपा द्वितीय तथा तारून की शालू तृतीय स्थान पर रहीं। 800 मी दौड़ में हैरिंग्टगंज की नेहा प्रथम, तारून की शशी पाल द्वितीय तथा बनीकोडर की लक्ष्मी तृतीय स्थान पर रहीं। 400 मी. की दौड में अंतिम बारह खिलाड़ियों में आयूषी सिंह, दीपा, संस्कृति तिवारी, अरिषा मौर्या, शांवली, अल्का यादव, अनाया, तनु पाल, शिवानी, पूर्णिमा तिवारी, लक्ष्मी, व अंतिमा शामिल है। 200 मी दौड में अंतिम छ में पलक तिवारी, इशिका वर्मा, आयूशी सिंह, शिवानी, अनाया तथा वंदना शामिल है। खो-खो प्रतियोगिता के क्वाटर फाइनल मुकाबले में यश विद्या मंदिर, सराय बरई, मेथोडिस्ट इंटर कालेज, क्रीडा संस्थान समिति, एमआरडी इण्टर कालेज, एचसीजे पब्लिक स्कूल, माझगांव व खंडासा की टीमों ने जगह बनाई। कबड्डी के सेमीफाइनल मुकाबले में पानी संस्थान तारून, मेथोडिस्ट इंटर कालेज, डभासेमर स्टेडियम तथा आंनद एकेडमी डाभासेमर की टीमें पहुंची है।

# सनातन धर्म की परंपरा रही है भूखों को भोजन कराना: राम सेवक दास

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जन्मस्थली अयोध्या में रामकोट स्थित वैष्णव विरक्त निषाद ठाकुर राम जानकी पंचायती मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह एवं धार्मिक वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। पूर्व महंत रामदास महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपरांत वर्तमान महंत रामसेवक दास ने दूर दराज से आए संतों महंतों व विशिष्ट लोगों का अंग वस्त्र व दक्षिण भेंट कर स्वागत सम्मान किया। साथ ही उपस्थित संत समाज गृहस्थ व भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण का कृतार्थ हुए। वैष्णव विरक्त निषाद ठाकुर राम जानकी निषाद पंचायती मंदिर के वर्तमान महंत रामसेवकदास ने पत्रकारों से मुखातिब होते हुए बताया पूर्व महंत एवं गुरु रामदास महाराज के बताए रास्ते पर चलकर सनातन धर्म की मर्यादा के अनुरूप संत सेवा बंदर सेवा गौ सेवा विद्यार्थी सेवा अभ्यागत सेवा निरंतर कराया जा रहा है।

अंत में उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में आने वाले भक्तों को निराश व भूखों नहीं रहना पड़ेगा।

### ग्राम प्रधान द्वारा सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण को प्रशासन नें रोका, रिपोर्ट आने पर होगी कार्यवाही

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** जनपद के बीकापुर ब्लॉक स्थित बैंती कला गाँव में ग्राम प्रधान अनिल सिंह द्वारा योगी सरकार की नीतियों को ठेंगा दिखाते हुए लगभग 2.5 बीघा ग्रामसमाज की जमीन को बेंच कर उस पर अवैध निर्माण करवाने का मामला प्रकाश में आया है जिसकी पुष्टि नायब तहसीलदार बीकापुर द्वारा दूरभाष पर की गई ! नायब तहसीलदार नें भास्कर प्रतिनिधि को बताया कल थाना दिवस में हैदरगंज थाने में तहसील दिवस आयोजन में शिकायत कर्ता लाल प्रताप सिंह द्वारा उपरोक्त मामले की गई जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया और जब मौका मुवायना किया गया तो मामला सही पाए जाने पर प्रधान से निर्माण रुकवाने को कहा गया पर ग्राम प्रधान के न मानने पर थाने से फ़ोर्स बुलाकर निर्माण तत्काल रुकवाया गया !ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्यवाई के मामले में जानकारी करने पर नायब तहसीलदार ने बताया लेखपाल द्वारा रिपोर्ट मंगवाई गई है रिपोर्ट आने पर प्रधान अनिल सिंह के खिलाफ कानूनी कार्यवाई अवश्य की जायेगी !

### जनकांक्षा पेटिका में सुझाव पत्र डाल अभियान की हुई शुरूवात

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** पार्टी कार्यालय सिविल लाइन में भाजपा पदाधिकरियों तथा कार्यकताओं ने अपने-अपने सुझाव जनकांक्षा पेटिका में डाले। इस दौरान जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अवधेश पाण्डेय बादल, कमला शंकर पाण्डेय, ओम प्रकाश सिंह, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी हिमांशु दूबे, अखण्ड प्रताप सिंह डिम्पल, परमानंद मिश्र, शैलेन्द्र कोरी, अनुराग त्रिपाठी, तिलकराम मौर्या, कृष्ण कुमार पाण्डेय खुन्नू, बब्लू मिश्र ने सुझाव पेटिका में डाला। इस दौरान पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जेल में बने थैलों में मिलेगा भगवान रामलला का प्रसाद

जन एक्सप्रेस । अयोध्या




श्रीराम लला का प्रसाद अब जेल में बने थैलों में भी देने की तैयारी है। फतेहपुर जेल की पालीथिन मुक्त पहल को देखते हुए श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने जेल अधीक्षक को थैलों के निर्माण और आपूर्ति का संदेश भिजवाया है।

उल्लेखनीय है कि फतेहपुर जेल के अधीक्षक मोहम्मद अकरम खान ने ट्रस्ट के पास बंदियों के हाथ से बने ग्यारह सौ राम मंदिर छपे भगवा रंग के थैले भिजवाये थे। श्री खान के अनुसार पालिथीन मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जेल वंदियों ने इसे स्वयं तैयार किया है। जेल का यह थैला ट्रस्ट महामंत्री को पसंद आया तो उन्होंने भुगतान के आधार पर और थैलों की मांग भिजवा दी। ट्रस्ट के अनुसार छपाई में थोड़ा संशोधन और आकार कुछ बड़ा करके इन थैलों का मांगपत्र भेजा गया है। ट्रस्ट 10म10 इंच के 5000 भगवा थैला को प्रथम चरण में मंगा कर के कैदियों के परिश्रम का सम्मान बढायेगा।

### भगवान राम की कृपा से वंदियो को नेक कार्य करने का अवसर शरद शर्मा

मीडिया प्रभारी शरद शर्मा का कहना है श्रीराम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दौरान देश भर से लोग भगवान को अपनी श्रद्धा विभिन्न वस्तुओं के द्वारा समर्पित करते रहे हैं। जो आज तक अनवरत जारी है। फतेहपुर जेल में निरूद्ध वंदियों में भगवा थैले बनाने के पीछे का भाव पवित्र है,शायद यह भगवत प्रेरणा से ही यह हो रहा है। देश के अन्य जेलों को भी अच्छे कार्य के लिए आगे आना चाहिए। ट्रस्ट ने परिश्रमशील कैदियों का सम्मान करते हुये उनके द्वारा रामभक्तों को प्रसाद देने हेतु समर्पित थैलों को स्वीकार किया है और आगे भी उन्हे श्रम करते रहने की हम अपील करते हैं द्य श्री शर्मा ने कहा कि भगवान राम की कृपा से वंदियो को नेक कार्य करने का अवसर मिला है ताकि परिश्रम के साथ कैदियों को अच्छे जीवन में पुनः वापसी हो।

# जिला अस्पताल के कार्डियोलॉजिस्ट के बाहर की लिखी दवाओं का पर्चा वायरल

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



फोटो: डॉ विनोद सिंह

जिला अस्पताल अयोध्या में गरीबों और मजलूमों का शोषण रुकने का नाम नही ले रहा है। इलाज के नाम पर बाहर की दवाइयां लिखकर मरीजों को आर्थिक चोट पहुंचाने का सिलसिला लगातार जारी है। जबकि प्रदेश की योगी सरकार व स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टरों को बाहर की दवाइया न लिखने का फरमान पहले ही जारी कर चुके है।

ताजा मामला जिला अस्पताल के ओपीडी 16 नंबर में बैठने डॉक्टर का सामने आया है। डॉक्टर पर आरोप है कि मामूली बीमारी में भी साहब बाहर की कमीशन वाली हजारों की दवाएं गरीब मरीजों को न लिख दे तब तक उन्हें चैन नही मिलता है। 16 नम्बर वाले डॉ साहब पर मरीजों का जबरदस्त शोषण करने का गंभीर आरोप लगा है।बता दे की 16 नम्बर ओपीडी में बैठने वाले डॉ विनोद सिंह का बाहर का लिखा परचा सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामला मीडिया में आने के बाद जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ एमपी गुप्ता ने डॉ विनोद को कारण बताओ नोटिस तक जारी किया है। सीएमएस का साफ कहना है कि वह तो पहले भी डॉक्टर को सचेत कर चुके है कि बाहर की दवा न लिखे बावजूद इसके डॉक्टर है कि मानने का नाम नही ले रहे है।

इन्ही डॉक्टरों की वजह से शासन की मनसा पर पानी फिर रहा है। सूत्रों का कहना है कि प्राइवेट मेडिकल स्टोर पर अवैध तरीके से हार्ट का इको किया जाता है। ओपीडी में एक प्राइवेट युवक को बिठाकर इस पूरे खेल को अंजाम दिया जा रहा है। जन औषधि एवं सरकारी दवाओं से नहीं बल्कि बाहर के मेडिकल स्टोर से सेटिंग के चलते मरीजों को दवाएं लिखी जा रही है।

# सदर विकास खंड के सिसई में बने अन्नपूर्णा भवन का विधायक ने किया लोकार्पण



जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा शनिवार को लोकभवन सभागार लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश में नवनिर्मित 1100 अन्नपूर्णा भवनों (मॉडल उचित दर दुकानों) का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा 79000 उचित दर दूकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण का शुभारम्भ भी किया गया। इसी क्रम में जनपद में विधायक ने अन्नपूर्णा भवन का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री द्वारा अन्नपूर्णा भवनों (मॉडल उचित दर दुकानों) का लोकार्पण एवं ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण के शुभारम्भ अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 10 उचित दर विक्रेताओं को अन्नपूर्णा भवन की प्रतीकात्मक चाबी सौंपी गयी।

लोक भवन सभागार, उ0प्र0 सचिवालय, लखनऊ में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन(मॉडल उचित दर दुकान) तथा ई-वेईंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों के लोकार्पण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण ग्राम पंचायत सिसई में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) पर मुख्य अतिथि विधायक सदर पल्टूराम एवं मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य की उपस्थिति में एलईडी स्क्रीन के माध्यम से देखा एवं सुना गया। तत्पश्चात् विधायक सदर द्वारा ग्राम पंचायत सिसई में नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) का फीता काटकर लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि जनपद बलरामपुर में कुल 10 नवनिर्मित अन्नपूर्णा भवन (मॉडल उचित दर दुकान) का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। विधायक ने उपस्थित क्षेत्रवासियों का स्वागत एवं अभिवादन करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि मा0 प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री की दूरदर्शी एवं विकासपरक सोच तथा व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन में आधुनिक तकनीकी का उपयोग का ही परिणाम है की आज सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ जरूरतमंदो को मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि आज समाज का हर व्यक्ति पूरे मान सम्मान के साथ रोटी, कपड़ा और मकान की चिंता किये बिना खुशहाली से जीवन यापन कर रहा है। सरकार विभिन्न विभागों के माध्यम से सभी केन्द्र/प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को बिना किसी भेदभाव के सभी वर्गों के पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शितापूर्ण एवं योजनाबद्ध तरीके से पहुंचा रही है। विधायक द्वारा भारी संख्या में उपस्थित ग्रामवासियों से विभिन्न योजनाओं का लाभ पाने से सम्बंधित जानकारी भी प्राप्त की।

### रेलवे द्वारा मानव रहित रेलवे क्रासिंग बन्द करने से ग्रामीण नाराज, सड़क जमकर किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस/अम्बेडकरनगर।** जनपद में अकबरपुर से टांडा जाने वाली रेलवे लाइन पर स्थित महमदपुर के पास बने मानव रहित रेलवे क्रासिंग स्थायी रूप से बन्द कर दिए जाने से नाराज ग्रामीणों ने अकबरपुर टांडा मार्ग को पटेल नगर के पास जाम कर दिया। ग्रामीण सड़क जामकर प्रदर्शन करने लगे।जाम की सूचना पर पहुंचे अकबरपुर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने ग्रामीणों को समझा कर जाम को खुलवा कर आवागमन शुरू कराया। बता दें कि रास्ता बीएसपी छोड़कर बीजेपी में आए सांसद रीतेश पांडेय के पैतृक गांव को जोड़ता है।अकबरपुर थाना इलाके के अकबरपुर टांडा रेलवे ट्रक पर महमदपुर के पास बने मानव रहित रेलवे क्रासिंग को स्थायी रूप से रेलवे द्वारा बन्द किये जाने से नाराज ग्रामीणों ने रेलवे द्वारा मनमानी करने का आरोप लगाया वहीं ग्रामीणों ने बताया कि रेलवे क्रासिंग बन्द हो जाने से महम पुर समेत दर्जनों गांव के हजारों ग्रामीणों को आने जाने में समस्या होगी।

# आबादी के पास बन रहे कूड़ा घर से ग्रामीणों में आक्रोश

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

जनपद के जलालपुर तहसील क्षेत्र के कजपुरा गांव में स्वच्छ भारत मिशन योजना के तहत आबादी के पास कूड़ा घर के लिए प्रस्तावित जमीन पर कुछ लोगों द्वारा भगवान शंकर जी की मूर्ति स्थापित किए जाने से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। गांव में बड़ी संख्या में मुस्लिम आबादी भी रहती है, कोई अप्रिय घटना की आशंका में प्रशासन सतर्क रहा। राजस्व व पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया। कजपुरा गांव में गाटा संख्या 521 की भूमि ग्राम समाज के रूप में दर्ज है। उक्त भूमि पर प्रधान व लेखपाल द्वारा कूड़ा घर बनाए जाने को लेकर ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। आबादी के पास कूड़ा घर बनाए जाने से ग्रामीणों ने इसकी शिकायत विभागीय उच्चाधिकारियों से की है। शनिवार को अनुसूचित समाज के लोगों ने कूड़ा घर के लिए प्रस्तावित भूमि पर विधिवत भगवान शंकर जी की मूर्ति स्थापित कर दिया। गांव में बड़ी संख्या में मुस्लिम आबादी भी है। इससे माहौल गर्म हो गया। ग्रामीण किसी भी हाल में उक्त भूमि पर कूड़ा घर ना बनाए जाने पर अड़े रहे। सूचना पाकर मौके पर भारी फोर्स जमा हो गई। राजस्व व पुलिस विभाग के उच्चाधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाया। तहसीलदार संतोष कुमार ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि यहां पर कूड़ा घर नहीं बनाया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारिणी जिलाध्यक्ष हृदय मणि मिश्र ने उक्त भूमि पर बारात घर बनाए जाने का प्रस्ताव रखा।

# जूलॉजी विभाग में अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर



जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमएलके पीज कॉलेज के जूलॉजी विभाग द्वारा शनिवार को प्राचार्य प्रो जेपी पांडे के निर्देशन में जूलॉजी की स्नातक (यूजी) और परा स्नातकोत्तर (पीजी) कक्षाओं के लिकए अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया । जानकारी के अनुसार 2 मार्च को एमएलके कॉलेज के जूलॉजी विभाग में शिक्षक अभिभावक बैठक आयोजित किया गया । जूलॉजी विभाग के विभाग अध्यक्ष प्रोफेसर अशोक कुमार के मार्गदर्शन में यह पहल की गई, ताकि छात्र छात्राओ के संकाय और माता-पिता व अभिभावकों के बीच बेहतर संचार और समझ को बढ़ावा दिया जा सके। पीटीएम ने माता-पिता के लिए अपने बच्चे की शैक्षणिक प्रगति, प्रदर्शन और समग्र कल्याण के बारे में संकाय के साथ सार्थक चर्चा में संलग्न होने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया। बैठक ने दोनों पक्षों को मूल्यवान प्रतिक्रिया और अंतर्दृष्टि का आदान-प्रदान करने का अवसर प्रदान किया, जो छात्रों के समग्र विकास के लिए आवश्यक हैं। बैठक के दौरान, जूलॉजी विभाग के संकाय सदस्य डॉ. आकांक्षा त्रिपाठी, डॉ. आरबी त्रिपाठी, डॉ. अल्पना परमार और आशा केसी ने माता-पिता द्वारा उठाई गई विभिन्न चिंताओं को संबोधित किया और पाठ्यक्रम, शिक्षण पद्धति और मूल्यांकन मानदंडों में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने इस बात पर भी मूल्यवान मार्गदर्शन दिया कि कैसे माता-पिता अपने बच्चों को उनके शैक्षणिक प्रयासों में समर्थन दे सकते हैं और उनकी सीखने की यात्रा में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित कर सकते हैं। इसके अलावा, पीटीएम ने जूलॉजी के छात्रों के लिए उपलब्ध पाठ्येतर गतिविधियों, अनुसंधान के अवसरों और कैरियर की संभावनाओं पर चर्चा की सुविधा प्रदान की, जिससे संस्था द्वारा पेश किए गए व्यापक शैक्षिक अनुभव के बारे में माता-पिता के बीच जागरूकता और समझ बढ़ गई। पीटीएम के दौरान सकारात्मक और रचनात्मक बातचीत ने छात्रों की शैक्षणिक सफलता और व्यक्तिगत विकास के प्रति संकाय और माता-पिता दोनों की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। इस तरह के सहयोगी प्रयास सीखने और विकास के लिए अनुकूल सहायक और पोषण वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# नई व्यवस्था : अब राशन वितरण में घटतौली नहीं कर सकेंगे कोटेदार

- ईपास मशीन से लिंक इलेक्ट्रानिक कांटे से किया जाएगा राशन का वितरण
- पूरनपुर व कलीनगर के सभी कोटेदारों को प्रशिक्षण देने के साथ मिली मशीनें

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



> सभी राशन की दुकानों के लिए ईपास मशीन से लिंग इलेक्ट्रिक वेइंग मशीनें उपलब्ध होने के बाद उनकी स्टांपिंग बाट-माप विभाग द्वारा की गई। कंपनी के इंजीनियरों ने भी मशीनों को चेक किया ईपास मशीन से लिंक इलेक्ट्रिक वेइंग मशीनों वितरण कर दिया गया है। साथ ही कोटेदारों को प्रशिक्षण भी दे दिया गया है। अब ईपास मशीन से लिंक वेइंग मशीन से ही राशन का वितरण किया जाएगा। जब किसी लाभार्थी को उसके राशनकार्ड में दर्ज यूनिटों के हिसाब से राशन तौला जाएगा, तभी ई-पास मशीन पर वितरण का ट्रांजेक्शन पूरा होगा, अन्यथा फेल हो जाएगा।
> –बृजेश कुमार मिश्रा, पूर्ति निरीक्षक

**पूरनपुर।** राशन वितरण में कोटेदारों द्वारा घटतौली की शिकायतों पर पूरी तरह से विराम लगाने के लिए नई व्यवस्था लागू की गई है। मार्च माह से ई-पॉस मशीन से लिंक इलेक्ट्रिक वेइंग मशीन से राशन का वितरण किया जाएगा। इसको लेकर शुक्रवार को क्षेत्र के सभी कोटेदारों को प्रशिक्षण देकर मशीन वितरित कर दी गई। बताते हैं कि इस नई व्यवस्था से कोटेदार राशन वितरण में घटतौली नहीं कर सकेंगे। ऐसा विभागीय अधिकारी दावा कर रहे हैं। पूरनपुर नगर और देहात क्षेत्र में 156 व कलीनगर में 75 राशन की दुकानें संचालित हैं। इनपर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत गरीबों को सरकार द्वारा राशन उपलब्ध कराया जाता है। अब तक इन दुकानों पर ई-पास मशीनों के माध्यम से लाभार्थियों को खाद्यान्न का वितरण हो रहा था। इससे यह तो सुनिश्चित था कि पात्र लाभार्थी को ही अनाज वितरित किया गया है, अपात्र को नहीं। अनाज का वितरण इलेक्ट्रानिक कांटे से किया जाता था। आरोप है कि अधिकांश कोटेदार राशन वितरण में कटौती करने के साथ घटतौली भी करते हैं। इसकी शिकायतें भी होती थीं। हालांकि अब अनाज वितरण में गड़बड़ी रोकने के लिए पूरी प्रक्रिया को और पारदर्शी बनाया गया है। मार्च माह से सभी राशन की दुकानों पर ईपास मशीन से लिंक इलेक्ट्रिक वेइंग मशीन से राशन वितरण किया जाएगा। इस नई व्यवस्था को लेकर शुक्रवार को पूरनपुर मंडी परिसर में कोटेदारों के प्रशिक्षण और मशीनें बांटने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अशोक कुमार मिश्र, पूर्ति निरीक्षक पूरनपुर बृजेश मिश्र, कलीनगर के पूर्ति निरीक्षक रविंद कुमार सहित दोनों तहसीलों के सभी कोटेदार मौजूद रहे।

## पावर एनर्जी प्लांट की आवासीय कॉलोनी के कमरे में कुन्डे पर लटका मिला विवाहिता का शव





जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

> मृतका सुशीला ने आत्महत्या की है या कुछ और मामला है, इसका पता लगाने के लिए जांच-पड़ताल की जा रही हैं।
> –अरविंद सिंह चौहान
> थाना प्रभारी निरीक्षक, बरखेड़ा

**बरखेड़ा।** शनिवार को जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र में बजाज हिन्दुस्थान शुगर मिल के पावर एनर्जी प्लांट की आवासीय कॉलोनी में रहने वाले मनोज कुमार मौर्य की (36) वर्षीय पत्नी सुशीला का शव सुबह कमरे में फंदे से लटकता मिलने से हड़कंप मच गया।वही मृतका का एक पैर स्टूल पर टिका मिला था और दूसरा पैर लटक रहा था। इधर सूचना मिलने पर पहुंची थाना बरखेड़ा पुलिस ने मृतका का शव कब्जे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।और थाना पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट को भी बुलाया गया। बताते चले की जौनपुर जिले के थाना बेवीगंज क्षेत्र के गांव चकेसर निवासी मनोज कुमार मौर्य पावर एनर्जी प्लांट पर इलेक्ट्रिशियन पद पर तैनात हैं। वही 12 वर्षों से पावर प्लांट पर नौकरी कर रहा हैं। तथा अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ बजाज शुगर मिल के अंदर स्थित आवासीय कॉलोनी के आवास में रहते हैं। वही बताया गया कि शुक्रवार रात मनोज ड्यूटी पर गए हुए थे। पत्नी और 12 वर्षीय बेटी व नौ वर्षीय पुत्र घर में थे। शनिवार सुबह मनोज मौर्य जब ड्यूटी से वापस आवास लौटे तो आवास के तीसरी मंजिल के कमरा नबंर 710 में पत्नी का शव लटकता मिला। उन्होंने पुलिस को सूचना दी और मौके पर पहुंची थाना बरखेड़ा पुलिस ने मृतका विवाहिता का शव कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया हैं। और वही मामले की जांच-पड़ताल पुलिस ने शुरू कर दी है।

## ऑल इंडिया पार्टी परमिट की आड़ में सवारियां लेकर फर्राटा भर रही निजी बसें

- परिवहन विभाग की अनदेखी से लाखों रुपए राजस्व का नुकसान
- संचालक अनुबंध योजना में पंजीकरण के लिए नहीं ले रहे रुचि

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



> पार्टी परमिट पर सवारियां बैठना गलत है इसके विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जाता है। इसके बाद भी अगर कोई बस संचालक सवारियां ढो रहा है तो ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
> –वीरेंद्र सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी

**पूरनपुर।** ऑल इंडिया परमिट की आड़ में निजी बस संचालक नियमों की अनदेखी कर सवारियों को भरकर मनमाने तरह से बसों का संचालन कर रहे हैं।परिवहन विभाग की अनुबंध योजना से भी सभी ने किनारा कर लिया।मिली भगत के चलते कार्रवाई नहीं हो रही है।

प्रदेश सरकार ने डग्गामार वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। कुछ दिन अभियान चलाने के बाद अफसरों ने कर्तव्यों से इतिश्री कर ली।आलम यह है कि पूरनपुर से प्रतिदिन दिल्ली,उत्तराखंड, हरियाणा,पंजाब, जयपुर, मध्य प्रदेश के लिए दर्जनों निजी बसें सवारियां ले जाती हैं। निजी बस संचालकों ने पार्टी ले जाने के लिए ऑल इंडिया परमिट ले रखें है। बस संचालक पार्टी की जगह मनमाने तरह से सवारियों को ढो रहे हैं।सवारियों से मनमाना किराया भी वसूल किया जाता है।इससे राजस्व को नुकसान हो रहा है।कई जिलों को पार कर अन्य प्रदेशों तक पहुंचने वाली इन बसों पर परिवहन विभाग आंखें मूंदे हुए हैं। पूरनपुर में लाखों रुपए की लागत से बने रोडवेज बस स्टैंड पर सन्नाटा पसरा हुआ है।चर्चा है कि परिवहन विभाग के अधिकारियों की मिली भगत के चलते निजी बसों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है।

### नगर में कई जगह बना रखे हैं बुकिंग पॉइंट

निजी बस संचालकों ने हाईवे पर ही काउंटर लगाकर बुकिंग पॉइंट बना रखे हैं। नगर के सिरसा चौराहा, शेरपुर रेलवे क्रासिंग, के पास अवैध रूप से आधा दर्जन से अधिक बुकिंग पॉइंट संचालित हो रहे हैं। बुकिंग पॉइंट पर आने वाली सवारियों से मनमाना किराया वसूलकर कमीशन का खेल किया जा रहा है। कई बार अधिक किराया वसूलने का विरोध करने पर सवारियों के साथ मारपीट की जाती है।

## नाली निर्माण में घटिया सामग्री का विरोध कर ग्रामीणों ने बंद कराया निर्माण कार्य



जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**पूरनपुर।** सरकार के भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेन्स की नीति के बाबजूद जिम्मेदार अधिकारियों के संरक्षण के चलते विकास कार्यों में हो रहे भ्रष्टाचार में लगाम नहीं लग पा रहा है। सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क,नाली आदि के निर्माण पर करोड़ों रूपये खर्च कर रही है जिससे ग्रामीण इलाके भी खुशहाल हों। इसके बाबजूद ठेकेदार आरसीसी एवं नाली निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग करने से बाज नहीं आ रहे है। विकास खंड पूरनपुर के सेहरामऊ उत्तरी गाँव में निर्मित आरसीसी रोड किनारे नाली का निर्माण किया जाना है।जिसका बुधवार को थाना के पास सड़क किनारे नाली का घटिया ईंट व सीमेंट आदि घटिया सामग्री और अधिक मात्रा में रेत का प्रयोग कर निर्माण शुरू कराया गया। घटिया सामग्री से हो रहे निर्माण कार्य की जानकारी जब जागरूक ग्रामीणों को हुई तो उन्होंने मौके पर पहुंचकर मानक विपरीत हो रहे नाली निर्माण कार्य का विरोध करना शुरू कर दिया। मौके पर कई लोग इकठ्ठा हो गये और घटिया सामग्री से हो रहे नाली निर्माण कार्य का विरोध करने लगे।निम्न क्वालिटी का सीमेंट, मौरंग का प्रयोग करने का आरोप लगाते हुए निर्माण कार्य को रुकवा दिया। मौके पर मौजूद ठेकेदार लोगों से बहस करने लगा।ग्रामीणों के विरोध के कारण ठेकेदार ने घटिया सामग्री से मानक विहीन बनाई गई कई मीटर नाली को तुड़वाने की का आश्वासन दिया और मानक के अनुसार ही नाली निर्माण करने की बात कही। ज्ञात हो कि सेहरामऊ में ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण के लिए घटिया क्वालिटी की ईंट को मंगवाया गया था जिससे बुधवार को नाली का निर्माण शुरू कराया गया था। अमित शुक्ला, रंगीलाल सहित दर्जनों लोगों ने मौके पर पहुंचकर विरोध किया और मानक अनुरूप नाली निर्माण कराने की मांग करने लगे। ठेकेदार द्वारा मानक अनुरुप नाली निर्माण कराने के आश्वासन के बावजूद घटिया क्वालिटी से ही नाली निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।

## सीएचसी स्टाफ की खामियां दूर करने को एमओआईसी ने कसी कमर

- आए दिन किसी न किसी स्टाफ की अफसर तक पहुंच रही शिकायत
- एमओआईसी ने पूरे स्टाफ को जारी किए नोटिस, मची खलबली

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत




**पूरनपुर।** सीएचसी पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी अपनी जिम्मेदारी का पूरी तरह से निर्वहन नहीं कर रहे हैं। इसको लेकर एमओआईसी तक आए दिन शिकायतें पहुंच रही हैं। उन्होंने स्टाफ की मनमानी पर लगाम लगाने के लिए कमर कस ली है। इमरजेंसी स्टाफ को चेतावनी नोटिस जारी किए हैं। इसमें दोबारा शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही गई है। नोटिस की जानकारी पर स्टाफ में खलबली मच गई है। नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को एफआरयू का दर्जा तो मिल गया लेकिन अब तक डाक्टरों और संसाधनों का अभाव है। इससे क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ बेहतर तरीके से नहीं मिल रहा है। आरोप है कि सीएचसी के स्टाफ में भी कुछ स्वास्थ्य कर्मी अपनी मनमनी करते हैं। बायोमैट्रिक मशीन पिछले कई माह से खराब पड़ी है। इसका फायदा भी स्टाफ द्वारा उठाया जा रहा है। सीएचसी में स्वास्थ्य सेवा का लाभ न मिलने पर आए दिन विभागीय अधिकारियों तक शिकायतें पहुंच रही हैं। एक दिन पहले सभासद नादिर रजा बरकाती ने भी मरीज की देखभाल करने में लापरवाही बरतने का स्टाफ पर आरोप लगाया। काफी देर कर हंगामा कर एमओआईसी से शिकायत की। हालांकि अब एमओआईसी डा. अनिकेत गंगवार ने लापरवाह और मनमानी करने वाले स्वास्थ्य कर्मियों पर नकेल कसनी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि सीएचसी में कार्यरत कुछ स्वास्थ्य कर्मियों की आए दिन शिकायतें मिल रही हैं। इमरजेंसी स्टाफ को चेतावनी नोटिस दिए जा रहे हैं। इसमें जिम्मेदारी का पूरी तरह से निर्वहन करने को कहा गया है। अगर अब शिकायत मिली तो कड़ी कार्रवाही की जाएगी।

## टी0डी0कॉलेज ने 4-2 से पराजित कर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



जिला स्तरीय महिला कबड्डी एवं खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन इन्दिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम सिद्दीकपुर में तथा जिला स्तरीय पुरूष फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन पूर्वांचल विश्वविद्यालय के एकलव्य स्टेडियम में किया गया। उक्त प्रतियोगिता में जनपद की महिला/पुरूषों की टीमों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि श्यामबाबू यादव जिला पंचायत सदस्य के कर-कमलों द्वारा किया गया।प्रतियोगिता का परिणाम इस प्रकार जिला स्तरीय सीनियर महिला खो-खो मैच का विवरण इस प्रकार है- प्रथम सेमीफाइनल मेंहदी व स्टेडियम के मध्य खेला गया जिसमें मेंहदी की टीम 19-03 से विजयी हुई। दूसरा सेमीफाइनल शिवबरन ''ए'' व झांसेपुर के मध्य खेला गया जिसमें शिवबरन की टीम 16-01 से विजेता हुई। फाइनल मैच मेंहदी व शिवबरन ''ए'' के मध्य खेला गया जिसमें मेंहदी की टीम 08-05 से विजेता होकर खिताब पर कब्जा किया। जिला स्तरीय सीनियर महिला कबड्डी मैच का विवरण इस प्रकार है- प्रथम सेमीफाइनल तलाशपुर व एस0सी0 सी0 क्लब के मध्य खेला गया जिसमें तलाशपुर की टीम 21-03 से विजयी हुई। दूसरा सेमीफाइनल स्टेडियम ''बी'' व रामनगर के मध्य खेला गया जिसमें रामनगर की टीम 39-13 से विजेता हुई।

फाइनल मैच तलाशपुर व रामनगर के मध्य खेला गया जिसमें तलाशपुर की टीम 22-20 से विजेता होकर खिताब अपने नाम किया। जिला स्तरीय सीनियर पुरूष फुटबाल मैच का विवरण इस प्रकार है-पहला सेमीफाइनल टी0डी0कॉलेज एवं स्टेडियम ''बी'' के मध्य खेला गया जिसमें टी0डी0कॉलेज की टीम ने 1-0 से विजय प्राप्त किया। टी0डी0 कालेज की टीम की ओर से विजेता गोल रिशू विश्वकर्मा ने किया। दूसरा सेमीफाइनल स्टेडियम ''ए'' व केराकत स्पोर्टिंग क्लब के मध्य खेला गया जिसमें स्टेडियम ''ए'' की टीम 01-00 से विजेता हुई। फाइनल मैच टी0डी0 कॉलेज व स्टेडियम ''ए'' के मध्य खेला गया जिसमें दोनो टीमों के बीच कांटे की टक्कर हुई अंततः फैसला ट्राईब्रेकर के आधार पर हुआ जिसमें स्टेडियम ''ए'' की टीम टी0डी0 कॉलेज 4-2 से पराजित कर खिताब अपने नाम किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### जिले की सभी तहसीलों पर संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



जन एक्सप्रेस। जौनपुर। शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन में जनपद के सभी तहसीलों के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी तहसीलों में उपजिलाधिकारियों ने शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुना तथा इसके त्वरित निस्तारण हेतु फरियादियों को आश्वासन भी दिया। इस दौरान राजस्व विभाग, विकास विभाग, पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायत पत्र प्राप्त हुई, जिन्हें सम्बन्धित विभाग को हस्तान्तरित करते हुए शीघ्र अतिशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जनपदस्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### बल्लभी ग्रुप ने पत्रकार व डॉक्टर को किया सम्मानित



जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सुइथाकला। शुक्रवार को नोएडा से अपने एक निजी दौरे पर आए बल्लभी ग्रुप के संस्थापक नरेंद्र शुक्ल ने पशु प्रेम और पत्रकारिता से जुड़े दो लोगों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उक्त सम्मान दोनों को अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन को देखते हुए दिया। गौरतलब हो कि बल्लभी ग्रुप के संस्थापक नरेंद्र शुक्ल कृषि, इंजीनियरिंग समेत कई कम्पनियां समूचे देश में संचालित कर रहे हैं। वर्तमान में श्री शुक्ल बल्लभी ग्रीन फाऊंडेशन के बैनर तले क्षेत्र के गैरवाह स्थित वृहद गौशाले को निराश्रित गौवंशो के संरक्षण और सेवा के लिए लीज पर ले रखा है। शुक्रवार को वे अपने एक निजी दौरे पर शाहगंज पहुंचकर पशु चिकित्साधिकारी डॉक्टर आलोक सिंह पालीवाल और पत्रकार व शिक्षक राजेश चौबे को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान फाऊंडेशन के प्रबन्धक सूरज तिवारी मौजूद रहे।

### अधिवक्ता को धमकी देना युवक को पड़ा महंगा, मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता पद्माकर उपाध्याय को गाली गलौज मुकदमा वापस लेने की धमकी जाति सूचक शब्दों का प्रयोग जैसे शब्द सोशल मीडिया पर पोस्ट कर धमकी देने के मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। बताया जाता है कि पद्माकर उपाध्याय निवासी बस्ती बंद गांव थाना सरायख्वाजा दीवानी न्यायालय जौनपुर में वकालत करते हैं और बीते कुछ दिनों पहले घर जाते समय खुटहन थाने में घुसकर जिले के हिस्ट्रीशीटर जिला पंचायत सदस्य चर्चित तांत्रिक रमेश चंद्र तिवारी हत्याकांड कांड के आरोपी सूबेदार सिंह अपने दबंग साथियों के साथ पुलिस के सामने मार पीटा कर घायल कर दिया था जिसमें खुटहन पुलिस मुकदमा दर्ज कर उक्त आरोपियों को जेल भेज चुकी है बतौर पद्माकर उपाध्याय का आरोप है कि उन्हीं के परिजनों के द्वारा वापी गुजरात में बैठकर सोशल मीडिया पर मुझे गाली गलौज जाति सूचक गली देने के साथ मुकदमे को वापस लेने की धमकी जैसे मामले सोशल मीडिया पर वायरल कर अपमानित कर रहे हैं। पुलिस तहरीर के आधार पर आरोपी अवनीश सिंह उर्फ सोनू पुत्र अरविंद सिंह निवासी बस्ती बंद गांव थाना सराय ख्वाजा के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल में जुट गई।

## केक काट कर मनाया गया प्रमुख प्रतिनिधि का 39वां जन्मदिवस

- जन्मदिन के अवसर पर लोकसभा जिताने का लिए संकल्प: प्रमुख प्रतिनिधि

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



विकास खंड बरसठी में प्रमुख कार्यालय पर धूम धाम से मनाया गया प्रमुख प्रतिनिधि पंकज शुक्ला का 39 वा जन्मदिवस। आज प्रमुख प्रतिनिधि पंकज शुक्ला के जन्मदिवस पर कार्यालय में उनका माल्यर्पण कर स्वागत किया गया उसके बाद उनके चाहने वालो ने केक काटकर इस दिन को यादगार बनाते हुए बड़े ही धूम धाम से मनाया। क्षेत्र के भाजपा नेताओं व ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व खंडविकास अधिकारी अभिनव सरोज, व अन्य ब्लॉक अधिकारी ने बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी मौजूद लोगों ने कहा कि बरसठी के लिए प्रमुख एक ऐसे सरल नेता है जो हर एक व्यक्ति की बातों को सुनते है और उसपर विचार करते हुए कार्य कराने का पूरा प्रयास करते है। प्रमुख प्रतिनिधि पंकज शुक्ला का यह सरल स्वभाव है जिनके चाहने वालो का आज ताता उनके जन्मदिन पर लगा हुआ है। जो कि सब मिलकर इस दिन को मना रहे है। आज इस कार्यक्रम के आयोजन अपनादल एस के जिलामसचिव श्री नितेश पाठक व कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मंडल अध्यक्ष के पी मिश्रा,प्रधान मिथिलेश पांडे,प्रधान सुभाष चंद्र दुबे,अयोध्या प्रसाद मिश्रा, भाजपा महामंत्री प्रमोद सिंह,क्षेत्र पंचायत सदस्य शनि सिंह,ऋषिकेश पांडेय,चंद्रशेखर सिंह,दीपक पांडेय, प्रधान अरविंद शुक्ला,दीपक पांडेय,राजकुमार दुबे, अवधेश शुक्ला,धीरेंद्र शुक्ला, राहुल दुबे, नीतीश बिन्द, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरि श्याम पांडेय आदि लोग मौजूद रहे।

## पूर्व गृह मंत्री कृपाशंकर सिंह को जौनपुर से मिला भाजपा से टिकट

जन एक्सप्रेस । संतोष कुमार दीक्षित



**जौनपुर।** जौनपुर लोकसभा क्षेत्र 73 से भाजपा अपनी पहली लिस्ट में जौनपुर से मुम्बई सरकार के पूर्व गृहमंत्री कृपा शंकर सिंह को भाजपा ने टिकट की घोषणा कर अपने पत्ते खोल दिया जिससे टिकट की दौड़ धूप करने वाले लोगों पर विराम लग गया वहीं भाजपा से सांसद बनने के चक्कर में आईएएस पद से इस्तीफा देने वाले अभिषेक सिंह, महाराष्ट्र के उद्योगपति ज्ञान प्रकाश सिंह भाजपा के वर्तमान जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह पूर्व विधायक सुरेंद्र प्रताप सिंह समेत दर्जनों भाजपा से टिकट के लाइन में लगे नेताओं को बड़ा झटका लगा है वही बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह भी भाजपा गठबंधन पार्टी से टिकट के लाइन में थे परन्तु उन्हें भी झटका लगा। पार्टी सूत्रों की माने तो भाजपा के जिला संगठन मंत्री विधायकगण लोग भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के पक्ष में रिपोर्ट प्रदेश व केंद्रीय संगठन को भेजा था सूत्रों की माने तो कृपा शंकर सिंह जिले के संगठन से टिकट के लाइन में थे ही नहीं और उनको टिकट मिल जाना जिले के संगठन को भी बड़ा झटका है साथ ही वर्षों से लोगों के बीच जिले में कड़ी मेहनत करने वाले ज्ञान प्रकाश सिंह के समर्थकों में काफी मायूसी दिखाई पड़ी।

### कृपाशंकर सिंह के गांव में जश्न का माहौल

कृपाशंकर सिंह को जौनपुर लोकसभा सीट से टिकट मिलने से उनके पैतृक गांव सहोदरपुर में खुशी की लहर फैल गई। पूरा गांव इस समय जश्न में डूबा हुआ है। इस गांव की मिट्टी में पैदा हुए कृपाशंकर सिंह ने महाराष्ट्र में गृह राज्यमंत्री बनकर गांव का नाम रोशन किया था। अबकी बार गृह जनपद से लोकसभा का टिकट मिलने की घोषणा ने यहां के लोगों की खुशियां दुगनी कर दी है। उनके भतीजे तथा पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्यामराज सिंह की खुशियों का तो कोई ठिकाना ही नहीं है। टिकट मिलने की घोषणा के बाद से ही पूरे गांव में दिवाली मनाई जा रही है। पटाखे फोड़े जा रहे हैं और मिठाइयां बांटी जा रही है।

# कोटेदार ईमानदारी से राशन वितरण का कार्य करें : रमेश चंद्र मिश्र

- मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण का कार्यक्रम आयोजित किया गया

जन एक्सप्रेस । जौनपुर






मुख्यमंत्री लोकभवन सचिवालय लखनऊ से प्रदेश के कुल 1100 नवनिर्मित अन्न पूर्णा भवनों (मॉडल उचित दर दुकान) तथा ई-वेइंग स्केल युक्त ई-पॉस मशीनों से खाद्यान्न वितरण प्रारम्भ किये जाने का लोकार्पण /शुभारम्भ किया गया। प्रदेश के उक्त 1100 नवनिर्मित अन्न पूर्णा भवनों (मॉडल उचित दर दुकान) में जनपद-जौनपुर की 15 अन्नपूर्णा भवनों (मॉडल उचित दर दुकान) यथा- ग्राम पंचायत-कमालपुर, वि0ख0-बदलापुर, ग्राम पंचायत-कुहिया, डोमनपुर, बरगांव वि0ख0- शाहगंज, ग्राम पंचायत-मदारीपुर भेला, वि0ख0-सुईथाकला, ग्राम पंचायत-उमरीपुर, इब्राहिमखुर्द, वि0ख0-महाराजगंज, ग्राम पंचायत-पाली, वि0ख0-मड़ियाहूँ, ग्राम पंचायत-गोपालापुर, वि0ख0- बक्शा, ग्राम पंचायत-गोल्हनामऊ, वि0ख0-सुजानगंज, ग्राम पंचायत-नाथूपुर, वि0ख0-सिरकोनी, ग्राम पंचायत-अमहित, वि0ख0-केराकत, ग्राम पंचायत-बरामनपुर, ग्राम पंचायत-बरौटी वि0ख0-डोभी एवं ग्राम पंचायत-असबरनपुर, वि0ख0-जलालपुर को भी सम्मिलित किया गया। मुख्यमंत्री के लोकार्पण के उपरान्त विधायक बदलापुर रमेश चन्द्र मिश्र द्वारा ग्रामवासियों को सरकार की उक्त योजना के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गयी। उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा की सभी कोटेदार ईमानदारी से राशन का वितरण कराये। ई-पास मशीन, ई-वेइंग मशीन से पारदर्शी तरीके से वितरण किया जाए। उन्होंने सभी से अपील किया कि जो कोटेदार शासन के मंशानुरूप राशन का वितरण नहीं कर रहा है या अधिकारी/कमचारियों के द्वारा अतिरिक्त पैसा मांगा जा रहा है उसकी सूचना दे, संबंधित के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि गरीबों को गरीब का हक हर हाल में दिया जाए। उक्त कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम पंचायत-कमालपुर, वि0ख0-बदलापुर में मुख्यमंजी के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विधायक बदलापुर रमेशचन्द्र मिश्रा एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

# सपा जिला महासचिव समेत 14 पर नगर पालिका ने दर्ज कराया मुकदमा

**सरकारी जमीन कब्जाने और निर्माण कराने पर हुई कार्रवाई**

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सरकारी भूमि पर कब्जा कर अवैध रूप से निर्माण कराने के मामले में नगर पालिका के कर अधीक्षक ने सपा जिला महासचिव समेत 14 लोगों पर सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है।




यह कार्रवाई एक शिकायत पर जिलाधिकारी के निर्देश पर हुई जांच के बाद की कई। नाप जोख में 20 बिस्वा सरकारी भूमि पर कब्जा और उस पर 12 से अधिक भवनों का निर्माण पाया गया।

शहर के कलेक्टरगंज गौरव शुक्ला ने बीती 24 फरवरी को डीएम को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया था कि सपा जिला महासचिव उजैर अहमद ने हजारी टोला व कृष्णदेई खेड़ा में 24 बिस्वा बंजर व तालाब की भूमि कब्जा कर बेंच डाली है। डीएम ने राजस्व विभाग और नगर पालिका के संपत्ति विभाग से मामले की जांच कराई। जांच में तकरीबन 20 बिस्वा जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण पाया गया।

रिपोर्ट मिलने पर ईओ ने कर अधीक्षक के माध्यम से तहरीर देकर सदर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया है। जिन चौदह लोगों पर धारा 420 समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है उनमें सपा जिला महासचिव उजैर अहमद, मोनी देवी, सिया दुलारी, परमजीत कौर, शालू, सुरेंद्र नाथ, गीता, मोहम्मद हबीब, शमशेर, जमाल शेख, जब्बीर, सरताज, शफीक अहमद आदि के नाम शामिल हैं। ईओ ने बताया कि सरकारी भूमि से कब्जा हटाने के लिए कानूनी तरीका अमल में लाया जाएगा। जिसके लिए कोर्ट में वाद दायर करने की तैयारी में पालिका का अमला जुट गया है।

## कलम बन्द हड़ताल के बाद जनपद में होगा विरोध प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । नवाबगंज/उन्नाव




झनवाबगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत आशाबहूओं ने आशा बहू कल्याण समिति उत्तर प्रदेश के बैनर के तहत बीती 15 फरवरी को अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर हड़ताल की घोषणा की थी। इसके बाद सुनवाई न होने पर 20 फरवरी से आशा बहुएं कलमबंद हड़ताल पर जाने के साथ नवाबगंज स्वास्थ्य केंद्र पर धरना प्रदर्शन कर रही थी। लेकिन बताते हैं कि किसी प्रकार की सुनवाई न होने पर आशाबहूओं ने शनिवार को नवाबगंज सीएचसी पर नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया। अब उन्होंने जनपद स्तरीय अधिकारियों के समक्ष विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। आशा बहु कल्याण समिति की नवाबगंज ब्लॉक अध्यक्ष उमा देवी ने बताया कि बीते माह फरवरी में पांच सूत्रीय मांगों को लेकर आशाबहुओ ने विरोध प्रदर्शन कर हड़ताल की घोषणा की थी। जिसमे प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर निश्चित मानदेय में परिवर्तित करने, आशाबहु व संगिनी को शिक्षा एवं योग्यता के आधार पर पदोन्नति देने के साथ कार्य के दौरान जोखिम के लिए बीमा व्यवस्था व शिकायत हेल्पलाइन की व्यवस्था करने आदि प्रमुख मांगे थी। विरोध प्रदर्शन के साथ 20 फरवरी से कलम बन्द हड़ताल की घोषणा आशा बहू द्वारा की गई थी बताया कि इसके बाद किसी प्रकार की अधिकारियों द्वारा किसी प्रकार की सुनवाई न करने पर सोमवार को जनपद स्तरीय अधिकारियों के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। वही इसके साथ स्वास्थ्य विभाग से आशा बहु व संगिनी के कार्य बहिष्कार के दौरान सहयोग करने की अपील की है। इसके साथ किसी अधिकारी व कर्मचारी द्वारा आशा बहु व संगिनी को कार्य करने के लिए प्रताड़ित न करने का अनुरोध किया है। इस दौरान कुमुदिनी, शैली सिंह, नीलम साहू, नीना सिंह, अनीता देवी, रमा, रूपरानी, अल्पा, अनीता भारती, मधु, अनीता देवी आदि आशाबहुयें बड़ी संख्या में मौजूद रही।

## सौ रुपए देने से इंकार करने पर दबंग ने दुकानदार पर पेचकस से किए वार

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सदर कोतवाली के मोहल्ला कासिफ अली सराय में बीती देर शाम सौ रुपए देने से इंकार करने पर दबंग ने युवक पर पेंचकस से ताबड़तोड़ आठ वार कर लहूलुहान कर दिया। मोहल्ले के लोगों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शहर के मोहल्ला कासिफ अली सराय निवासी मुकीम घर में ही किराना की दुकान किए है। शुक्रवार देर शाम पड़ोसी शानू दुकान पर आया और सौ रुपए उधार मांगने लगा। रुपए देने से इंकार करने पर पहले शानू ने पास पड़ा पत्थर मुकीम के सिर पर मार दिया और इसके बाद जेब से पेंचकस निकल कर उसकी पीठ पर एक के बाद एक कर कुल आठ वार कर



दिए। जिससे मुकीम लहूलुहान हो गया। चीख पुकार सुन कर दौड़े परिजनों और मोहल्ले वालों ने हमलावर को दबोच लिया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल मुकीम के भाई मोहम्मद समीम ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाली प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर जानलेवा हमले समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी पर कार्रवाई की जा रही है।

## बीमा अस्पताल सरकार की आंखों मे झोंक रहा धूल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

जहा एक तरफ देश के प्रधानमंत्री देश भर मे मरीजों के बेहतर इलाज के लिए करोड़ों रुपए का बजट पास करते है जिससे मरीजों को बेहतर से बेहतर इलाज मिल सके वही दूसरी तरफ़ उत्तर प्रदेश के कानपुर से एक ऐसा मामला सामने आया है जो सरकार के खिलाफ कई सवाल खड़े कर देगा। कानपुर नगर के थाना काकादेव क्षेत्र मे बने बीमा अस्पताल की जहा दोपहर 2 बजे तक ओपीडी चलती है जिसमे शहर भर से मरीज अपना इलाज कराने आते है। लेकिन यहां पर ड्यूटी के दौरान ही डॉक्टर गायब हो जाते है। मरीजों की माने तो रोजाना इस समस्या का सामना मरीजों को करना पड़ता है। जिसकी वजह से कई बार तो मरीजों की जान पर बन आती है। कर्मचारियों से पूछने पर उल्टा सीधा जवाब दिया जाता है। जिस कारण कई मरीज इलाज कराए बिना ही चले जाते है।

## बारात गए युवक का संदिग्ध हालात में पड़ा मिला शव, हत्या का आरोप

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के मवईलाल गांव के पास शनिवार सुबह खेत के पास युवक का शव औंधे मुंह पड़ा मिलने से ग्रामीणों में सनसनी मच गई। घटना की जानकारी पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस घटना को हादसा मान रही है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के अटवा मोहाल ओसिया निवासी मनोज (30) पुत्र सूर्यपाल शुक्रवार शाम निवासी लखनलाल के बेटे लल्लन की बारात में शामिल होने आसीवन थाना क्षेत्र के अलीगंज गया था। रात भर वह घर नहीं पहुंचा परिजन उसका फोन मिलाते रहे लेकिन नहीं मिला। सुबह सफीपुर के मवई लाल गांव के पास सड़क किनारे सरसों के खेत में ग्रामीणों ने उसका शव औंधे मुंह पड़ा देखा। कुछ ही दूर



पर उसकी बाइक भी पड़ी मिली। शव की जानकारी पर कोतवाल श्याम नारायण सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। शिनाख्त कर परिजनों को जानकारी दी। परिजन इसे हत्या बता रहें हैं वहीं क्षतिग्रस्त बाइक मिलने से पुलिस इसे हादसा मान रही है। मृतक के पिता का कहना है कि दस दिन पहले लल्लन के तिलक में उसके बेटे संजय का मोबाइल चोरी हो गया था। जिसे लेकर मनोज का लड़की पक्ष के लोगों से झगड़ा हुआ था। पिता ने उसी की रंजिश में बेटे की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। मनोज की मौत पर मां सुमन, पत्नी सोनी समेत परिजन रो रोकर बेहाल हैं। मृतक के एक तीन वर्षीय बेटा कार्तिक भी है। इस संबंध में सीओ ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। रिपोर्ट आने पर ही पुख्ता तौर पर कुछ कहा जा सकता है।

## बार अध्यक्ष और कार्यकारिणी का बांगरमऊ में हुआ सम्मान

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बांगरमऊ बार सभागार में उन्नाव बार एसोसिएशन निर्वाचित अध्यक्ष और कार्यकारिणी का अधिवक्ताओं ने फूलमाला पहनाकर अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अध्यक्ष ने अधिवक्ताओ की सभी समस्यओं का निस्तारण कराने का भरोसा दिया है। बार एसोसिएशन बांगरमऊ के अधिवक्ताओं ने बार सभागार मे उन्नाव बार एसोसिएशन निर्वाचित अध्यक्ष और कार्यकारिणी का स्वागत समारोह का आयोजन किया। अध्यक्ष सतीश शुक्ला और महामंत्री अरविन्द दीक्षित सहित कार्यकारिणी तहसील पहुंची। जहां पर बांगरमऊ बार अध्यक्ष सुभाष चंद्र शुक्ला ने अध्यक्ष सतीश शुक्ला जी का स्वागत किया। उन्नाव अध्यक्ष, मंत्री, उपाध्यक्ष विद्या शंकर मिश्रा आदि पदाधिकारियो को फूल माला पहना कर अंग वस्त्र और स्मृति



चिन्ह भेट किये। अध्यक्ष ने अधिवक्ताओ से वार्ता करते हुए कहा कि बार भवन, ई लाईब्रेरी सहित सभी समस्याओं का जल्द निस्तारण कराने का प्रयास करूंगा। इसी के साथ ही उन्होंने आगामी बार काउंसिल सदस्य पद हेतु प्रथम वरीयता मत देने की अपील की। इस मौके पर बृजेंद्र मोहन बाजपेई, ज्ञान शंकर मिश्रा, राजमणि, मुजम्मिल अहमद, सर्वोत्तम अवस्थी, आदित्य तिवारी, हरिओम, विपिन दीक्षित, अजीत शुक्ला, मनोज सेंगर, प्रदीप यादव आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## 5 दिनों तक छाए रहेंगे बादल

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस एन सुनील पाण्डेय ने शनिवार को बताया कि पश्चिमी विक्षोभ को उत्तरी अफगानिस्तान और आसपास के क्षेत्रों पर एक चक्रवाती परिसंचरण के रूप में देखा जाता है। इस चक्रवाती परिसंचरण से उत्तर पश्चिमी अरब सागर तक एक ट्रफ रेखा फैली हुई है। प्रेरित चक्रवाती परिसंचरण को अब पश्चिमी राजस्थान और उससे सटे पाकिस्तान पर एक प्रेरित निम्न दबाव क्षेत्र के रूप में देखा जा रहा है। बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 23.6 और न्यूनतम तापमान 18.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 81 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 94 प्रतिशत रही। हवाओं की औसत गति 4.9 किमी प्रति घंटा रही। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार कानपुर में अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहेंगे और चार मार्च तक मध्य तेज हवाओं, गरज-चमक एवं ओलावृष्टि के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

## अभय पुरी का रैली के दौरान हुआ भव्य स्वागत



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर के शनिदेव चौराहे से समाजवादी पार्टी युवजन सभा के ग्रामीण जिला अध्यक्ष अभय पुरी की अगुवाई में विशाल स्वागत यात्रा निकली गई। यह स्वागत यात्रा शनिदेव चौराहे से शुरू होकर कानपुर के गंगा बैराज तक गई। यात्रा के दौरान रामधाम चौराहा, नाना राव पार्क, चुंगी चौराहा, बाकरगंज, हिंगूपुर, ईश्वरीगंज, हृदयपुर, यश कोठारी चौराहा, सिंहपुर, के अलावा गंगा बैराज पर रैली के पहुंचने पर पार्टी के पदाधिकारी द्वारा नवनिर्वाचित अध्यक्ष का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। स्वागत यात्रा के दौरान सैकड़ो की तादाद में मोटर साइकिल और चार पहिया वाहन चल रहे थे। स्वागत यात्रा में प्रमुख रूप से राघवेंद्र सिंह यादव, विनय यादव ब्लॉक प्रमुख ककवन, साधु यादव पूर्व ब्लॉक प्रमुख सरसौल, वरिष्ठ सपा नेता हरिओम पांडे, वीरेंद्र त्रिपाठी पूर्व जिला अध्यक्ष युवजन सभा कानपुर, अर्पित त्रिवेदी अर्पित यादव पार्षद अभिषेक मौर्य सपा नेत्री अर्चना रावल, सुलेखा यादव, ब्रह्म दत्त यादव राष्ट्रीय उपाध्यक्ष छात्र सभा, कार्तिकेय शुक्ला जिला पंचायत सदस्य, मोहम्मद तौफीक अभिषेक मौर्य नईम खान मोनू यादव मोहम्मद इश्तियाक प्रमुख रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में अहम योगदान ध्रुव नगर वार्ड के सपा पार्षद आदर्श द्विवेदी उर्फ विभु का रहा।

## सांसद व ब्लाक प्रमुख ने हरी झंडी दिखाकर अयोध्या के लिए ट्रेन को किया रवाना

जन एक्सप्रेस । हरिनाथ सिंह

बिल्हौर रेलवे स्टेशन पर जनता की विशेष मांग पर लोकप्रिय मिश्रिख लोकसभा सांसद अशोक रावत ने अब तक चार जोड़ी ट्रेनों का ठहराव सुनिश्चित करवा दिया है इसमें अयोध्या जाने वाली भी ट्रेन शामिल है। जनता की समस्याओं के लिए हमेशा चिंतित रहने और जब तक उसे काम में अंजाम नहीं दे देते हैं तब तक बराबर प्रदेश से लेकर देश के मंत्रियों तक अपनी दौड़ जारी रखते हैं मिश्रिख लोक सभा इतना बड़ा क्षेत्र होने के बाद भी बिल्हौर जैसी विधानसभा के लिए समय निकालकर हफ्ते में जरूर आते हैं । पिछले मां दो ट्रेनों के 18 में बिल्हौर स्टेशन पर हरी झंडी देकर रवाना किया था कुछ समय जनता की मांग पर अयोध्या जाने के लिए भी उन्होंने वादा किया था शनिवार को वह वादा पूरा कर फर्रुखाबाद से अयोध्या होते हुए छपरा तक जाने वाली उत्सर्ग एक्सप्रेस का बिल्हौर रेलवे स्टेशन पर विधिवत




ठहराव के लिए स्टेशन पहुंचकर अधिकारियों के साथ बिल्हौर ब्लॉक प्रमुख मनोरमा कठेरिया पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेंद्र उर्फ बब्लू अग्निहोत्री अधिवक्ता जेपी कटियार, विक्रम मिश्रा, सुशांक मिश्रा, रवि बाजपेई, कमल मिश्रा, योगेंद्र शुक्ला, सिपाही लाल कठेरिया, महेंद्र कुशवाहा, विशाल सैनी, बिल्हौर नगर पालिका के समाजसेवी सुमित गुप्ता सभासद अशोक चंद्र उर्फ गुड्डु तिवारी, नीलकमल सिंह चौहान, महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष प्रीति सिंह, मनीष कुशवाहा उपाध्यक्ष, उमा सिंह, जनप्रतिनिधियों आदि ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया । बिल्हौर विधानसभा में हमेशा सक्रिय होकर कार्य करने वाले मिश्रिख लोकसभा सांसद अशोक रावत ने अपनी लोकप्रियता मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में क़ायम रखीं हैं उत्सर्ग ट्रेन के ठहराव में कानपुर से बिल्हौर कन्नौज और गुरसहायगंज प्रतिदिन यात्रा करने वाले सरकारी कर्मचारी में तहसील, ब्लाक और शिक्षकों ने अधिक आभार व्यक्त किया है।

जिससे कन्नौज और गुरसहायगंज में कानपुर आनेजाने में ठहराव है लेकिन बिल्हौर में ठहराव नहीं था जिससे शाम 5बजे वाली ट्रेन ज्यादा भर कर जाती सवारियां जिससे वहां खड़े होने तक को महिलाओं को जगह नहीं मिलती है। इसके ठहराव होने से कम से कम समय से लगभग एक घंटा पहले कानपुर पहुंच जाएंगे अपने परिवार के पास उन्होंने कहा सांसद जी ने सरकारी कर्मचारियों के लिए बहुत ही अच्छी ट्रेन का ठहराव कराया है जिसमें बैठकर हम लोग अयोध्या के दर्शन आसानी से भी कर सकते हैं।

> अधिवक्ता कमल मिश्रा व ब्लॉक प्रमुख मनोरमा कठेरिया ने सांसद जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दैनिक सवारी गाड़ी में अभी भी बिल्हौर स्टेशन से रू30 का ही टिकट है। जबकि कानपुर से आने पर रू10 का ही टिकट पड़ता है यह सुविधा छोटी स्टेशन पर भी लागू की जाए जिससे जनता को अधिक आराम मिले और एक्सप्रेस ट्रेनों में बोगियां बढ़ाई जाए वहीं पर प्लेटफार्म एक नंबर की लंबाई बढ़ाने के लिए भी आग्रह किया कि शाम को अंधेरे में बोगियां झाड़ियां के समीप रुकती है यात्री उतरते झाड़ियां में गिरते हैं वहीं 64 नंबर रेलवे फाटक पर अपर गामी पुल का निर्माण कराया जाए जिससे ककवन रोड पर जाम से निजात मिल सके।

## बेस्ट डायरेक्टर/प्रोड्यूसर/डीओपी प्रमोद गुप्ता, संघर्ष से सफलता की ओर बढ़ते कदम

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा

**कानपुर नगर।** डायरेक्टर/प्रोड्यूसर/डीओपी प्रमोद गुप्ता जिनका जन्म 3 जुलाई,1988 में उत्तर प्रदेश के जिला कानपुर नगर में हुआ। कानपुर शहर में ही उन्होंने अपनी शिक्षा-दीक्षा ग्रहण की। उनका सपना आर्मी में अपने वतन की सेवा करना था। आर्मी में जाने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत भी की पर बदकिस्मती से उनकी लंबाई कम होने के कारण वह आर्मी में प्रवेश नहीं कर पाए और 2006 में उनके सपनों ने करवट लिया और वह मुंबई शहर के लिए रवाना हो गये। यहाँ पहुंच कर वह बतौर असिस्टेंस डीओपी रियलिटी टीवी शो साईं बाबा टेलिफिल्म्स के डायरेक्टर गज्जी सिंह गजेंदर के यहां असिस्टेंट डीओपी का काम करने लगे। मुंबई में एल्बम, फिल्म, टीबी शो आदि में काम करने के बाद वह 2018 में मुंबई से निकल कर फिर अपने शहर कानपुर आ गए। उन्होंने पीएफसी फिल्म के नाम से अपना प्रोडक्शन की ओपनिंग की और फिल्म, एलबम, सांग बनाने बहुत से प्रतिभावान कलाकार, बच्चों युवक, युवतियों को बेहतरीन मंच प्रदान किया। धीरे-धीरे वह संघर्ष की सीढ़ियां चढ़ते गये। पीएफसी फिल्म के बैनर तले बन रही तमाम फिल्मों



से निकलकर बहुत से युवक, युवतियां एवं न्यू कमर्स कलाकार बॉलीवुड फ़िल्म, सीरियल, एल्बम में काम करने लगे।

प्रमोद गुप्ता ने बॉलीवुड मर अपने शहर का नाम ही रौशन नही किया। बल्कि बहुत से नये और पुराने कलाकारों को अपनी प्रतिभा को दिखाने के लिये मंच प्रदान किया। प्रमोद कानपुर शहर में आज एक स्थापित प्रोड्यूसर, डायरेक्टर के रूप में स्थित हैं। माया नगरी में पदार्पण के उपरांत उनके द्वारा बहुत से काम किये गये। उन्होंने बताया कि कड़ी मेहनत का फल मीठा होता है और आज वह उसी फल को चख रहे हैं। अपने फिल्मी दुनिया के सफर को साझा किया गया है। उन्हें बॉलीवुड एक्ट्रेस अमीषा पटेल द्वारा बेस्ट पी.एफ.सी. फ़िल्म प्रोडक्शन हाउस का अवार्ड 29 दिसंबर 2022 को मिला। करोना लघु फिल्म को फर्स्ट प्राइज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ द्वारा दिया गया। प्रमोद जी ने कई फिल्मों में कैमरामैन का भी काम किया और कई फिल्मों में बतौर डायरेक्ट, राइटर के रूप में भी काम किया। उनकी फिल्म रक्षक, लव जिहाद, चरित्रहीन आदि एमएक्स, हंगामा ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज़ हुई। उन्होंने बताया कि उनकी एक हिंदी फीचर फिल्म मंजर आने वाली है जो दिसंबर 2024 में देश भर सिनेमा घरों में देखने को मिलेगी। रियलिटी टीवी शो(धमाल इंडिया डांस) शो में कई छोटे शहरों से प्रतिभावान कलाकारों को मंच प्रदान किया। इस प्रतियोगिता में जो विनर हुआ उनको आने वाली हिन्दी फीचर फिल्म, सीरियल, डॉक्युमेंट्री, टेली फिल्म, शॉट फिल्म, हिंदी म्यूजिक एल्बम आदि प्रोजेक्ट में काम मिला। बॉलीवुड हिंदी फीचर फिल्म ये जिंदगी का मंजर इस फिल्म में कानपुर, मुंबई, अयोध्या, इटावा, लखनऊ, रायबरेली, बांदा, हमीरपुर, दिल्ली, चित्रकूट से बहुत से कलाकारों ने किरदार निभाया उनकी यह फिल्म दिसंबर, 2024 में सिनेमाघरों में आ जाएगी। उन्होंने पहला भोजपुरी एल्बम कानपुर, रायबरेली, चित्रकूट में लोकल कलाकारों को लेकर बनाया था।

> **बेस्ट डीओपी प्रमोद गुप्ता द्वारा किये गये सफल काम**
>
> बॉम्बे वाला मालक़ बा, लाइव शो (म्यूजिक टैलेंट नाइट शो), बन गए मासूम अपराधी, लाइव पवन टैलेंट शो, शॉर्ट फिल्म अनोखा रिश्ता, भोजपुरी म्यूजिक एल्बम हमको ना छेड़ो देवर जी, रियलिटी टीवी शो अमूल महा म्यूजिक का मुकाबला, ऑन स्टार प्लस, शार्ट मूवी जजमेंट आदि एलबल, एड फिल्म, टीवी रियलिटी शो में बतौर डायरेक्टर/प्रोड्यूसर/डीओपी के रूप में कार्य किया। आज प्रमोद गुप्ता किसी पहचान के मोहताज नही हैं। एक तरह से उन्हें रियलिटी शो का जन्मदाता भी कहा जाता है। उनकी शार्ट फिल्म अयान, जजमेंट, सफर, चरित्र हीन, मेरी पढ़ाई मेरा अभिमान कई शार्ट फिल्में ओटीटी प्लेटफार्म, एमएक्स प्लेयर, हंगामा में रिलीज हो चुकी है। इन फिल्मों को मुंबई, गोवा, खजुराहो इंटरनेशनल अवार्ड भी मिल चुके हैं। आज प्रमोद गुप्ता अपने नाम और काम से जाने पहचाने जाते हैं।

## गड्ढे में बाइक उछलने से गिरे सवार, एक की मौत दो जख्मी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

बेहतमुजावार थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन पुलिया के गड्ढे में बाइक घुसने से उस पर सवार तीन लोग जख्मी हो गए। घायलों को बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां एक को मृत घोषित कर दिया गया। शेष दोनों का उपचार चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बेहतमुजावार थाना क्षेत्र के गोपीखेड़ा गांव निवासी राम भजन (35) पुत्र कामता परिवार के ही धीरज के तिलक में शामिल होने गया था। देर रात गांव के ही शैलेंद्र व पुष्पेंद्र उसे बाइक से स्टेशन छोड़ने जा रहे थें। तभी माखनखेड़ा मोड़ के पास निर्माणाधीन पुलिया के पास गड्ढे में बाइक जाने से तीनों उछल कर सड़क पर जा गिरे। घायलों को बांगरमऊ सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने राम भजन को मृत घोषित कर दिया। अन्य दोनों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। रामभजन की मौत पर पत्नी रेशू, बेटे आकाश, विकाश और बेटी मुस्कान समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। मृतक दिल्ली में मजदूरी करता था। मृतक के परिजनों ने साथियों पर हत्या की आशंका जताई है।

## बिल्हौर के बदन नवादा गांव के क्षेत्र पंचायत सदस्य के पति के निधन पर पहुंची ब्लाक प्रमुख

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के बदन निवादा गांव निवासी क्षेत्र पंचायत सदस्य पति के निधन पर ब्लाक प्रमुख मनोरमा कठेरिया ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त कर उनको हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया उन्होंने कहा आप हमारे परिवार के सदस्य हैं घंटे रात-दिन जब आप फोन करेंगी हम आपके पास हर संभव सहायता के लिए मौजूद रहेंगी। ब्लाक के बदननिवादा गांव में बीते सप्ताह बीडीसी मेंबर रोशनी दिवाकर के पतिका आकस्मिक निधन हो जाने की खबर जैसे ही ब्लाक प्रमुख मनोरमा कठेरिया को हुई स्व लाखन दिवाकर के घर पहुंची ब्लाक प्रमुख मनोरमा कठेरिया को देखते ही



बीडीसी मेंबर रोशनी ठहाके मारकर रोने लगी तभी ब्लाक प्रमुख की आंखों से आंसू निकलने लगे और दिलासा देते हुए कहा कि परिवार की हर एक जरुरत हम लोग उठायेंगे ब्लॉक प्रमुख के साथ में प्रीति सिंह, उमा सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता सांत्वना होना देने पीड़ित के घर पहुंचे थे।

### राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो। बिल्हौर तहसील क्षेत्र के शिवराजपुरमे राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवराजपुर के सहयोग से डॉ हिमांशु मिश्रा (चिकित्सा अधिकारी), डॉ.राहुल श्रीवास्तव, डॉ.देवेंद्र सचान (नेत्र परीक्षण अधिकारी)की टीम के द्वारा शिविर में स्वास्थ्य कैंप आयोजित किया गया शिविर की सूचना राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवकों के द्वारा बस्ती में कल ही दे दी गई थी सुबह स्वयंसेवक बस्ती के लोगों को बुला लाई बरराजपुर बस्ती के लोगों एवं महाविद्यालय की छात्र छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया एवं कई उपयोगी जानकारी दी कुछ लोगों को मौके पर ही दबा दी जिसका डॉक्टरों द्वारा निदान किया गया।

## एडीएम आपूर्ति व एसडीएम ने पहुंचकर सुनी शिकायतें

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील के संपूर्ण समाधान दिवस में ब्लाक सभागार में शनिवार को संपन्न हुए संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे एडीएम आपूर्ति आशुतोष दुबे, एसडीम रश्मि लंबा, तहसीलदार तिमराज सिंह, नयाब तहसीलदार चंद्र प्रकाश राजपूत, खंड बिकास अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा बीडीओ ककवन शिव नरेश नगरपालिका अधिसाशी अधिकारी अंजनी मिश्रा, बिल्हौर इंस्पेक्टर केशव कुमार तिवारी एबीएसए रवि कुमार सिंह, डॉ.वेद शुक्ला आदि ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। शिकायत लेकर बिल्हौर नगरपालिका सभासद वार्ड नंबर 13 अशोक तिवारी के साथ कोटेदार से परेशान प्रीती अवस्थी, निर्मला, दयाशंकर, रमाकांती ने वार्ड नंबर 13 राशन डीलर केशव बाजपेई की शिकायत करते हुए आरोप लगाया कि अंगूठा कोटेदार द्वारा लगवा लिया लेकिन राशन नहीं मिला और राशन देने पर घटतौली की शिकायत की जिसके बाद राशन न मिलने की शिकायत लेकर सभासद अशोक तिवारी के पास पहुंचे तो सभासद ने कोटेदार केशव बाजपेई से फोन पर वार्ता कर राशन देने की बात कही तो कोटेदार आगबबूला हो गए



# नये भारत का नया उत्तर प्रदेश



उत्तर प्रदेश सरकार के विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों के परिणामस्वरुप आज प्रदेश एक नई पहचान के साथ देश के विकास में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहा है। डबल इंजन की सरकार के विकास कार्यों का लाभ गांव, गरीब, किसान, नौजवान, महिला सहित समाज के हर वर्ग को प्राप्त हो रहा है

**- योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

जब मूल सुविधाएं मिलती हैं, तो बड़े सपने देखने का हौसला और सपनों को पूरा करने का जज्बा पैदा होता है। जो बेघर है, जब उसको पक्का घर मिले, जब घर में शौचालय हो, बिजली का कनेक्शन हो, गैस का कनेक्शन हो, नल से जल आए, तो गरीब का आत्मविश्वास और बढ़ जाता है। यह सुविधा तेजी से हर गरीब तक पहुंच रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार उत्तर प्रदेश के विकास में जुटी डबल इंजन की सरकार डबल ताकत से विकास कर रही है

**- नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट :** 4 संचालित, 1 निर्माणाधीन

**देश में सर्वाधिक एयरपोर्ट**
10 एयरपोर्ट संचालित, 11 निर्माणाधीन

**सर्वाधिक एक्सप्रेसवे**
6 एक्सप्रेसवे संचालित, 7 निर्माणाधीन

**सबसे अधिक मेडिकल कॉलेज**
65 संचालित, 22 निर्माणाधीन

नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, लखनऊ, कानपुर एवं आगरा में **मेट्रो रेल सेवा**

**उत्तर प्रदेश डिफेन्स इंडस्ट्रियल कॉरिडोर**
(6 नोड्स : अलीगढ़, आगरा, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट एवं झांसी) का निर्माण





**प्रधानमंत्री आवास योजना** के तहत 55.83 लाख लोगों के घर का सपना हुआ साकार

**प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना** से 2.68 करोड़ किसानों को 68,139 करोड़ रुपये हस्तांतरित

**प्रधानमंत्री किसान मानधन योजना** के अंतर्गत 2,51,607 कृषक पंजीकृत

**पीएम कुसुम योजना** के अंतर्गत 51,774 सोलर पंप की स्थापना





**प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना** के अंतर्गत 3.12 करोड़ बीमित कृषकों के 242 लाख हेक्टेयर कृषि क्षेत्र का बीमा

**प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना** के अंतर्गत 15 करोड़ लोगों को निःशुल्क राशन

**आयुष्मान भारत व मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना** में 9 करोड़ से अधिक गरीबों को प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा

**हर घर जल योजना** के तहत 2.10 करोड़ से अधिक घरों को नल कनेक्शन

**प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना** के अंतर्गत 1.75 करोड़ परिवारों को निःशुल्क गैस कनेक्शन





**प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना** के अंतर्गत 54.44 लाख माताएं लाभान्वित

**पीएम स्वनिधि योजना** के अंतर्गत 17.62 लाख स्ट्रीट वेण्डर्स को ऋण वितरित

**स्वच्छ भारत मिशन** के अंतर्गत 2.62 करोड़ शौचालयों (इज्जतघर) का निर्माण 10 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित

**प्रधानमंत्री स्वामित्व योजना (घरौनी)** के अंतर्गत 56.34 लाख लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरित

**प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम** के अंतर्गत 2,06,952 रोजगार सृजित

**प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना** से 1.90 करोड़ लोग लाभान्वित





**प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना** के अंतर्गत वर्ष 2017 से 12,500 किमी. मार्गों का निर्माण

**पॉवर फॉर ऑल** के तहत 1.58 करोड़ घरों को निःशुल्क बिजली कनेक्शन

**24,461 अमृत सरोवरों का चिन्हांकन** प्रत्येक ग्राम पंचायत में 2 अमृत सरोवरों की स्थापना का लक्ष्य

**पीएम मित्र योजना** के अंतर्गत लखनऊ एवं हरदोई में 1000 एकड़ में टेक्सटाइल पार्क

**सेफ सिटी परियोजना** के अंतर्गत 18 सेफ सिटी वाला देश का पहला राज्य बनने की ओर अग्रसर

**स्मार्ट सिटी परियोजना** में 17 शहर शामिल, 10 केन्द्र पोषित, 7 राज्य पोषित

**मनरेगा** के अंतर्गत 190 करोड़ मानव दिवस सृजित, 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराने में देश में प्रथम

**प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना** के अंतर्गत 9 लाख से अधिक श्रमिकों का पंजीकरण

मेरठ से दिल्ली तक देश की **प्रथम रैपिड रेल सेवा**

दूध, गन्ना, चीनी, आलू, आम, आंवला एवं एथेनॉल उत्पादन में **देश में अग्रणी**

## करके दिखाये जो - डबल इंजन की सरकार है वो